सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.6 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 18.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76532.96 |
| निफ्टी | 23163.10 |
| सोना | 82,850 |
| चांदी | 94,183 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



कांग्रेस ने रेवड़ियां बांटने के लिए नहीं लिया लोन: धर्माणी

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 30 जनवरी 2025 | 17 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 32, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर भगदड़, 30 श्रद्धालुओं की मौत

## 60 लोग हुए घायल, पीएम ने सीएम योगी से लिया स्थिति का जायजा

**एजेंसी, महाकुंभ नगर**

**मौनी** अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में बुधवार तड़के पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 अन्य घायल हो गए। घटना के करीब 16 घंटे बाद प्रेसवार्ता में पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीजीआई) वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ में मरने वाले 30 श्रद्धालुओं में से 25 की पहचान हो चुकी है। डीआईजी के मुताबिक, 36 घायलों का अभी इलाज चल रहा है। कुछ लोग घायल हुए अपने परिवार के सदस्यों को लेकर चले गए हैं।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने भगदड़ के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर न्यायिक जांच के आदेश दिए। अखाड़ा मार्ग पर जहां से अमृत स्नान की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाए गए थे, उनको फांदकर आने में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।



**हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी**

- प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 प्वॉइंट-भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिजापुर बॉर्डर बंद।
- मेला क्षेत्र नो-व्हीकल जोन घोषित। व्हीकल पास रद्द यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी।
- रास्ते को वन-वे किया। एक रास्ते से आए श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से भेजा।
- शहर में चौपहिया वाहनों की एंट्री पर रोक। मेला क्षेत्र में यह व्यवस्था 4 फरवरी तक लागू रहेगी।
- शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं।

### 7.64 करोड़ भक्तों ने किया स्नान

**मौनी** अमावस्या पर भगदड़ के बाद भी 7.64 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। वहीं, अब तक महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या 20 करोड़ से अधिक पहुंच चुकी है।

### राष्ट्रपति और पीएम ने जताई संवेदना

**प्रयागराज** महाकुंभ के संगम क्षेत्र में पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मची भगदड़ में कई लोगों की मौत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, ममता बनर्जी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उधर, पीएम मोदी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी से दिन में चार बार बात कर स्थिति की जानकारी ली। पीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की 'साजिश' बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया है। मोदी ने कहा कि जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# सीएम सुक्खू ने खड़गे से की संगठन के विस्तार पर चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस के संगठन समेत कई दूसरे मसलों को लेकर चर्चा की और प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड खड़गे के समक्ष रखा। बता दें कि खड़गे ने बीते 6 नवंबर को हिमाचल कांग्रेस की राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी भंग कर दी थी। इससे सत्तारूढ़ कांग्रेस प्रदेश में बिना संगठन के चल रही है।

सुक्खू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से हिमाचल में जल्द कांग्रेस की नई कार्यकारिणी बनाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री से पहले कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और डिप्टी सीएम मुकेश भी खड़गे समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में दिल्ली में नई कार्यकारिणी को लेकर चर्चा कर चुके हैं।

### कैबिनेट विस्तार पर भी मंथन

मुख्यमंत्री ने कैबिनेट विस्तार को लेकर भी चर्चा की। हिमाचल में कैबिनेट मंत्री का एक पद खाली पड़ा हुआ है। राज्य के विभिन्न बोर्ड निगमों में भी चेयरमैन-वाइस चेयरमैन की तैनाती होनी है। इसे लेकर भी खड़गे से चर्चा की गई है। संभव है कि दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू खाली पड़े कैबिनेट मंत्री के एक पद को जल्द भर दें। इसी तरह बोर्ड निगमों में भी दिल्ली से लौटने के बाद तैनाती कर सकते हैं।

### सीएम दो दिन से दिल्ली में डटे

सीएम सुक्खू दो दिन से दिल्ली में डटे हुए हैं। सीएम दिल्ली में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वीरवार को भी सीएम दिल्ली में चुनाव प्रचार करेंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक पर केंद्र से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तीन तलाक कानून के विरोध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम का उल्लंघन करके जीवनसाथी को तीन तलाक देने वाले पुरुषों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आरोप पत्रों की संख्या की जानकारी दी जाए। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने कानून की सांविधानिकता को चुनौती देने वाली 12 याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से इन याचिकाओं पर अपने लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा।

### झारखंड में मुठभेड़, महिला नक्सली समेत दो किए ढेर

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला समेत दो नक्सली मार गिराए। पुलिस ने बताया कि सोनुआ थाना क्षेत्र के जंगल में बुधवार तड़के मुठभेड़ हुई। तलाशी अभियान के दौरान एक महिला समेत दो शव बरामद किए गए।

### जेएंडके में 25 आतंकी ठिकानों पर छापेमारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार सक्रिय आतंकवादियों के घरों पर छापेमारी की है। पुलिस और सीआरपीएफ ने राजौरी के कई इलाकों में आतंकियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान और पीओके से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में यह छापेमारी की गई है।

### सऊदी अरब में सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत

**जेद्दा।** सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ। भारतीय मिशन ने बताया कि मृत लोगों के परिवारों के संपर्क में है। सऊदी के अधिकारियों के भी संपर्क में हैं और वे अपना समर्थन दे रहे हैं।

### सैफ पर हमले का आरोपी ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार मोहम्मद शरीफुल इस्लाम को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बांद्रा मजिस्ट्रेट अदालत ने कहा कि आरोपी की पुलिस हिरासत बढ़ाने के लिए कोई नया आधार नहीं है। इस्लाम को पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद बांद्रा मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हमीरपुर के सरकारी स्कूलों पर मर्ज होने की तलवार -पेज 2
- पानी के भारी भरकम बिलों से प्रदेश की जनता बेहाल : जयराम -पेज 3
- बिजली उपभोक्ता 15 फरवरी तक करवा लें ई-केवाईसी -पेज 4
- महिलाओं को 25 हजार, युवाओं को 8500 रुपए देने का वादा -पेज 13
- तिलक वर्मा ट्वेंटी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर -पेज 14

# 16,300 करोड़ के खनिज मिशन को मंजूरी

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला: सी श्रेणी के गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की कीमत भी बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश के भीतर और अपतटीय स्थानों पर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा देने के लिए 16,300 करोड़ रुपए के 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' (एनसीएमएम) को मंजूरी दी। इसके साथ ही कैबिनेट ने सी श्रेणी के भारी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 56.28 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपए प्रति लीटर करने को भी मंजूरी दे दी है।

सरकार की ओर से निर्धारित इथेनॉल की कीमतें 2022-23 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) के बाद से नहीं बढ़ाई गई थी। गन्ने के रस, बी-हैवी गुड़ और सी-हैवी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की वर्तमान दरें क्रमश: 65.61 रुपए, 60.73 रुपए और 56.28 रुपए प्रति लीटर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एनसीएमएम का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना और इस मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। बी श्रेणी के भारी शीरा और गन्ना रस/चीनी/शीरा से उत्पादित एथनॉल की कीमतें क्रमश: 60.73 रुपए प्रति लीटर और 65.61 रुपए प्रति लीटर पर यथावत रखी गईं। वैष्णव ने बताया कि अन्य गन्ना उत्पादों की तुलना में सी श्रेणी के शीरा में बहुत कम चीनी सामग्री होती है। उन्होंने कहा कि जितना अधिक हम एथनॉल उत्पादन के लिए सी श्रेणी के शीरा को बढ़ावा देंगे, यह किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए फायदेमंद होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) सरकार के एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत चालू आपूर्ति वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्तूबर) के दौरान संशोधित दरों पर एथनॉल की खरीद करेंगी। सी श्रेणी के भारी शीरा एथनॉल की कीमत में तीन प्रतिशत की वृद्धि का उद्देश्य बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है।



# मुबारिकपुर में इन्वर्टर निर्माता उद्योग पर आयकर विभाग का छापा

## टीम ने उद्योग का खंगाला रिकॉर्ड, कर्मचारियों को नहीं निकलने दिया बाहर

**सन्नी पुरी, गगरेट**

**विधानसभा** क्षेत्र गगरेट के मुबारिकपुर कस्बे में स्थित एक इन्वर्टर निर्माता उद्योग में आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने छापेमारी की।

सूत्रों के अनुसार, उक्त इन्वर्टर निर्माता उद्योग के देशभर में 36 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। आयकर विभाग की टीम बुधवार सुबह 9:50 मिनट पर उद्योग परिसर में पहुंची। समाचार लिखे जाने तक उद्योग परिसर में जांच जारी थी। उद्योग परिसर के अंदर न तो किसी को आने दिया जा रहा है और न ही बाहर जाने की किसी को इजाजत दी जा रही है। उद्योग में कार्यरत तमाम स्टाफ के मोबाइल फोन स्विच ऑफ करवा दिए। बताया जा रहा है कि अधिकारी उद्योग के रिकार्ड खंगाल रहे हैं। उद्योग से बाहर जा रहे सामान के बिल के साथ यहां आए कच्चे माल के बिल तक देखे जा रहे हैं। बुधवार सुबह मुबारिकपुर में दिल्ली नंबर की गाड़ियों को देखकर पहले तो किसी को आभास ही नहीं हुआ कि यहां स्थित एक उद्योग में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाने वाली है। हालांकि, दिल्ली से आए आयकर विभाग के अधिकारी मीडिया से जानकारी साझा नहीं की। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल में बर्फबारी के आसार, अलर्ट जारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बुधवार को दिनभर बादल छाए रहने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। उच्च पर्वतीय इलाकों सहित शिमला, मनाली और मैदानी क्षेत्रों में मौसम खराब बना हुआ है। मौसम विभाग ने एक हफ्ते तक बारिश का अनुमान जताया है। राज्यभर में फरवरी की शुरुआत कड़ाके की ठंड, बर्फबारी और तेज अंधड़ के साथ होगी। आगामी चार फरवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने के आसार हैं। 31 जनवरी और 1 फरवरी को अंधड़ और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। एक फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से शिमला, चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और कांगड़ा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं।

# मोदी और केजरीवाल करते झूठे वादे: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राहुल** गांधी ने बवाना में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल आए थे, तो वे लंबे-लंबे भाषण देते थे, छोटी गाड़ी में मफलर लगाकर घूमते थे, बिजली के खंभों पर चढ़ जाते थे। वह स्वच्छ राजनीति लाएंगे, उसके बाद उनकी पार्टी, उनके नेताओं ने दिल्ली में सबसे बड़ा घोटाला किया, करोड़ों रुपए का शराब घोटाला किया। प्रधानमंत्री मोदी झूठे बयान देते हैं। अरविंद केजरीवाल भी उसी तरह काम करते हैं।



पांच साल पहले कहा था कि वह यमुना में डूबकी लगाएंगे, यमुना का पानी पिएंगे। 5 साल हो गए, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। आप गंदा पानी पीते हैं, लेकिन वह शीश महल में रहते हैं। साफ पानी पीते हैं और झूठे बयान देते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा और पीएम मोदी की ओर से नफरत फैलाया जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि जहां और जब भी नफरत फैलाई जाएगी, वहां राहुल गांधी खड़ा होगा।

# मैं भी पीता हूं यमुना का पानी, हरियाणा कैसे मिला सकता है जहर : पीएम मोदी

## केजरीवाल पर साधा निशाना, कहा - 'पाप' करने वालों को दिल्ली माफ नहीं करती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने यमुना में 'जहर' मिलाए जाने संबंधी टिप्पणी को लेकर बुधवार को 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि यह सोचना भी कितना बेतुका है कि हरियाणा की भाजपा सरकार उस पानी में जहर मिला रही है, जिसे प्रधानमंत्री खुद पीते हैं। हरियाणा से भेजा गया यमुना का पानी दिल्ली में रहने वाले सभी लोग पीते हैं। इसमें प्रधानमंत्री भी शामिल है। यही पानी सारे हमारे न्यायाधीश और न्यायामूर्ति भी पीते हैं। विदेशी एंबेसियों में भी लोग भी वही पानी पीते हैं। केजरीवाल दिल्ली चुनावों में अपनी हार के डर से 'आप-दा वाले' हताश हो गए हैं। पीएम मोदी ने पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए 'आप' नेताओं की तुलना सीरियल किलर 'चार्ल्स शोभराज' से की, जो लोगों को ठगने के लिए कुख्यात था।

उन्होंने कहा कि शीश महल बनाने वाले और हजारों करोड़ रुपए के सार्वजनिक धन को लूटने वाले लोग कभी गरीबों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। पीएम ने कहा कि पाप करने वालों को दिल्ली की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### जेपीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक स्वीकारा, पक्ष में पड़े 16 वोट

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसद की ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) ने बुधवार को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला और 11 मेंबर्स ने विरोध किया। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि रिपोर्ट वीरवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के सामने पेश की जाएगी, जो आगे की कार्रवाई करेंगे। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हमें मंगलवार रात 655 पन्नों की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट मिली। 655 पन्नों की रिपोर्ट को रातों-रात पढ़ना असंभव है। मैंने असहमति जताई है और संसद में भी इस विधेयक का विरोध करूंगा। 27 जनवरी को वक्फ संशोधन अधिनियम पर जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई थी।

**ओवैसी बोले- एक रात में 655 पन्ने पढ़ने को दिए यह कैसे संभव**

**उपलब्धि** नेविगेशन उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण; ऑर्बिट में स्थापित, रीजनल नेविगेशन क्षमता बढ़ेगी

# इसरो की अंतरिक्ष में 'सेंचुरी', नेविगेशन सैटेलाइट लांच

**एजेंसी, श्रीहरिकोटा**

**इंडियन** स्पेस एजेंसी श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ 15 के जरिए नेविगेशन सैटेलाइट (एनवीएस-02) को लांच किया। जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांचिंग व्हीकल को सुबह 6:23 बजे सतीश धवन स्पेस सेंटर के दूसरे लांच पैड से उड़ान भरी। इसरो का यह 100वां लांचिंग मिशन है।

इसरो ने बताया कि एनवीएस-02 को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित कर दिया है। यह सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम का हिस्सा है, जो भारत में जीपीएस जैसी नेविगेशन सुविधा को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सिस्टम कश्मीर से कन्याकुमारी, गुजरात से अरुणाचल तक का हिस्सा कवर करेगा। साथ ही साथ कोस्टल लाइन से 1500 किलोमीटर तक की दूरी भी कवर होगी। इससे हवाई, समुद्री और सड़क यात्रा के लिए बेहतर नेविगेशन हेल्प मिलेगी। इसरो को अपने 100 मिशन पूरे करने का लक्ष्य हासिल करने में भले ही 46 वर्ष लग गए हों, लेकिन देश की अंतरिक्ष एजेंसी को अब अगले पांच साल में भी अगला शतक लगाने का भरोसा है। यह प्रक्षेपण इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने नेविगेशन उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किए जाने को 'ऐतिहासिक' करार दिया।



**हवाई, समुद्री और सड़क यात्रा के लिए मिलेगी नेविगेशन हेल्प**

### एनवीएस-02 की खासियत: एटॉमिक वॉच, वजन 2250 किलोग्राम

नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (एनवीएलसी) भारत का इंडिपेंडेंट रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। भारतीय यूजर को सही पोजीशन, वेलॉसिटी और टाइम (पीवीटी) सर्विस देने के लिए डिजाइन किया है। एनवीएस-01/02/03/04/05 सैटेलाइट्स को इन्हीं सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है। एनवीएस-02 इसी एनवीएस सीरीज का दूसरा सैटेलाइट है। इसका वजन 2250 किलोग्राम है और पावर हैंडलिंग क्षमता 3 किलोवाट है। एनवीएस-02 सही और सटीक समय का अनुमान लगा सके, इसके लिए इसमें स्वदेशी और आयात की गई रुबिडियम एटॉमिक घड़ियों को लगाया गया है।

# आनी में चिट्टे की ओवरडोज ने ली युवक की जान

## मां ने तीन युवकों को ठहराया मौत का जिम्मेदार, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी**

**नशा** हिमाचल के युवाओं की रग-रग में पहुंचाया जा रहा है, जिससे आनी भी अछूता नहीं है। आनी में चिट्टे की ओवरडोज से 24 वर्षीय युवक की मौत का मामला पुलिस थाना आनी में दर्ज हुआ है।

मृतक युवक की मां ने तीन युवकों को बेटे राहुल की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए केस दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया कि वह शिमला में नौकरी करती है और 27 जनवरी को बेटे ने ही उसे घर से सैंज तक छोड़ा था, जहां से शिमला निकल गई। शिमला पहुंचने के बाद शाम को बेटे से फोन पर बात हुई, तो उसने बताया कि वह अपने दोस्त कायथ के साथ नोगली (रामपुर) में है और गौरा माशनु की ओर जा रहा है। 28 जनवरी को पुलिस ने बताया कि आनी अस्पताल में उपचार के लिए लाए उसके बेटे की मौत हो गई है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने कहा कि आनी के तिहणी गांव की महिला की शिकायत पर पुलिस ने शाणी गांव निवासी क्षितिज वर्मा और शौचा (नित्थर) गांव के विनय और एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### लूहरी मोड़ पर खरीदा था चिट्टा

मृतक युवक की मां ने बताया कि उसे पता चला है कि राहुल ने लूहरी मोड़ पर किसी व्यक्ति से चिट्टा खरीदा था। साथ में क्षितिज और विनय भी थे। तीनों ने रात को गाड़ी में बैठकर चिट्टे का सेवन किया, जिस कारण बेटे की मृत्यु हो गई। दोनों युवक उसके बेटे की तबीयत बिगड़ते ही पुलिस को फोन करते या उसी गाड़ी में उपचार के लिए अस्पताल ले जाते, तो उसकी जान बच सकती थी, जबकि पुलिस चौकी लूहरी भी कुछ ही दूरी पर थी। आरोप लगाया कि बेटे की मौत अज्ञात व्यक्ति की ओर से चिट्टा उपलब्ध करवाने और क्षितिज और विनय ठाकुर की लापरवाही के कारण समय पर उपचार उपलब्ध न करवाने से हुई है।

### दोषियों को बख्शा न जाए: लोकेंद्र कुमार

**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार का कहना है कि चिट्टा जैसा जानलेवा नशा आनी क्षेत्र में पांव पसार चुका है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को और आनी में नशे के सप्लायरों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान से दो महिलाओं ने चुराए सोने के गहने

**अनंत ज्ञान, नादौन।** गहने खरीदने के बहाने महिलाएं सोने के गहने चुराकर ले गई हैं। इसकी शिकायत नादौन थाने में ज्यूलर्स नंद लाल ने करवाई है। नंद लाल ने बताया कि जब वह दोपहर करीब 1 बजे खाना खाने के लिए घर गया तो पीछे से दुकान पर अपने लड़के को छोड़ गया। करीब 1.15 के बीच में दो औरतें आई और सोने की बालियां और नाक के कडुए मांगने लगीं। उसका लड़का सोने का सामान दिखने लगा तथा उसी समय दो व्यक्ति आए, वे चांदी का सामान दिखाने को बोलने लगे और बातों में उलझा दिया। इसी बीच दोनों औरतों ने दुकान से सोने का सामान चुरा कर ले गई। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि दुकान से दो महिलाओं द्वारा गहने चोरी करने की शिकायत दुकानदार ने करवाई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### लापरवाही से वाहन चलाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत हरीश चंद पुत्र ओंकार चंद निवासी गांव दंगड़ी तहसील नादौन की शिकायत के आधार पर पंजीकृत थाना हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह 28 जनवरी को करीब 4.30 बजे शाम जब वह सलासी के पास पहुंचा तो इसकी साइड ही आगे एक छोटा हाथी किस्म का चौपहिया बाहन खड़ा था जिसके चालक ने अचानक उक्त वाहन को बिना सड़क के इधर-उ धर देखे बिना सीधा बीच सड़क में ले आया तथा शिकायतकर्ता की मोटरसाइकिल के साथ टकरा गया जिससे शिकायतकर्ता मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसे चोटें आईं हैं। शिकायतकर्ता के पढ़ने पर उस छोटा हाथी का नंबर एचपी-67-7957 पाया गया। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### टिक्करी मिन्हासा में सरकारी योजनाएं बताईं




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा भोरंज स्थित तरक्वाड़ी की ओर से टिक्करी मिन्हासा पंचायत में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सहायक प्रबंधक अंकित धीमान ने की। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई रही विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, इंटरनेट बोंवेग के साथ-साथ डिजिटल वित्तीय सेवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ, किसान कृषि कार्ड, स्वयं सहायता समूह व अन्य बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक अधिकारी जगत पाल, अशोक कुमार व अनिल कुमार तथा पंचायत प्रधान एकता कुमारी, उपप्रधान पवन कुमार, सुनील कुमार बलीप सिंह, मृणाल कुमारी, रंजना देवी आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में घुसा तेंदुआ, सहमे मजदूर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर नादौन मार्ग पर बन रहे धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में एक तेंदुआ देखा गया है। स्थानीय मजदूरों ने इसका वीडियो भी बनाया है, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। धौलासिद्ध में 70 मेगावाट का बिजली का प्रोजेक्ट बन रहा है। सुजानपुर-नादौन रोड पर 70 मेगावॉट के बिजली प्रोजेक्ट में 900 के करीब कर्मचारी काम कर रहे हैं। रोजाना यहां पर गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। प्रोजेक्ट में कार्य करने वाले मजदूर शाम को तेंदुआ देखकर घबरा गए तथा हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार जंगली इलाका होने के चलते पहले भी तेंदुआ यहां अक्सर देखा जाता है। जिस साइट पर यह प्रोजेक्ट बन रहा है, वह साइट जिला हमीरपुर में है, जबकि इसके सामने जिला कांगड़ा पड़ता है। दोनों तरफ से यह इलाका जंगलों से घिरा है। प्रोजेक्ट में कार्य कर रही रित्विक कंपनी के डीएम विनोद कुमार ने वन विभाग से मांग की है कि यहां पर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए।

### चमियाना शहीद गेट का होगा जीर्णोद्धार : रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चमियाना गांव के प्रवेश गेट जो कि शहीदों की शहादत के नाम पर है, उसका अब नवीनीकरण होगा। सुजानपुर के विधायक कै. रंजीत सिंह ने कहा कि इस गांव से 81 लोगों ने दूसरे विश्वयुद्ध में हिस्सा लिया था, जिनमें 13 लोग शहीद हुए थे जिनकी शहादत को कभी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि उनकी याद में लगाए गए शाहिद गेट का अब जीर्णोद्धार होगा तथा 13 शहीदों के नाम पर इस प्रवेश द्वार पर अंकित होंगे। विधायक ने 13 शहीदों की शहादत को नमन कर उनके परिवार जनों का ऐसे वीर जवानों को जन्म देने के लिए आभार प्रकट किया, जिन्होंने देश के लिए अपना संपूर्ण बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि जब प्रवेश द्वार बनकर तैयार हो जाएगा तब शहीद परिवारों को सम्मानित किए जाएगा।

### बहुतकनीकी कॉलेज में बताया स्वच्छता का महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बुधवार को बड़ू के बहुतकनीकी कॉलेज में मासिक धर्म में स्वच्छता पर एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के डॉ. कमल मनकोटिया ने विद्यार्थियों को बताया कि मासिक धर्म के दौरान किशोरियों और महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि सेनिटरी पैड के सही निपटान के लिए विभाग ने बहुतकनीकी कॉलेज में भी एक इंसीनरेटर स्थापित किया है। पैड को जहां-तहां फेंकने के बजाए इंसीनरेटर में डालकर नष्ट किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जेंडर स्पेशलिस्ट निशा देवी ने विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट वंदना ने डॉ. कमल मनकोटिया और अन्य अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### दावे या आपत्तियां अब 10 मार्च तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीसी एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के चुनावों की मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार इन मतदाता सूचियों में पंजीकरण करवाने के लिए दावे या अपात्र लोगों के नाम हटाने संबंधी आपत्तियां अब 10 मार्च तक संबंधित एसडीएम के समक्ष दर्ज करवाई जा सकती हैं। कार्यवाहक उपायुक्त ने बताया कि इस अवधि में प्राप्त दावे और आपत्तियों का निपटारा 24 मार्च तक किया जाएगा और 16 अप्रैल तक पूरक मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी जाएंगी।

### कलोह में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा ऊहल ने नाबार्ड के सहयोग से गांव कलोह में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक रजनीश ठाकुर और संजीव कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, वाहन ऋण, गृह निर्माण ऋण, फसल बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताए। कार्यक्रम में जय संतोषी माता समूह के प्रधान व सचिव के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया।

# प्रदेश में एक साथ 7 ई-क्लीनिक का शुभारंभ, ग्राहकों को मिलेंगी सेवाएं

## एम-स्वास्थ्य और केसीसीबी के सहयोग से किए जा रहे स्थापित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

एम-स्वास्थ्य और कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक (केसीसीबी) के सहयोग से प्रदेश में 7 ई-क्लीनिक का शुभारंभ बुधवार को किया गया। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सुलभ बनाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले चरण में इन 7 क्लीनिकों का उद्घाटन किया गया जो केसीसीबी की सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में ई-क्लिनिक का उद्घाटन केसीसीबी के विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इसमें धर्मशाला में क्लीनिक का उदघाटन केसीसीबी के चेयरमैन कुलदीप पठानिया और जीएम राकेश शर्मा ने किया, जबकि हमीरपुर में केसीसीबी के निदेशक देशराज ठाकुर और एजीएम एचएस चांदला ने किया, जबकि नादौन में मोती जोशी और



ई-क्लीनिक के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य।

**हमीरपुर में केसीसीबी के निदेशक देशराज ठाकुर और एजीएम एचएस चांदला ने किया शुभारंभ**

जीएम वीनू शर्मा ने उद्घाटन किया। इसके अलावा कुल्लू में निदेशक प्रेमलता ठाकुर और एजीएम रजनी सूद, नूरपुर में चंद्रशेखर, ऊना में निदेशक बलवंत सिंह ठाकुर और एजीएम कमलजीत सिंह, देहरा में क्लीनिक का उद्घाटन निदेशक सुनील कुमार और वीरेंद्र सिंह द्वारा एजीएम संजीव राणा ने क्लीनिक का उदघाटन किया। इस उद्घाटन समारोह में एम-स्वास्थ्य के प्रतिनिधि देबल ऋषि बनर्जी और अनूप पराशर भी उपस्थित रहे।

उन्होंने ई-क्लीनिक के माध्यम से प्रदान की जाने वाली तकनीकी प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं के लाभों को साझा किया। एम-स्वास्थ्य और केसीसीबी का यह सहयोग, प्रौद्योगिकी सक्षम ई-क्लीनिकों के माध्यम से किफायती और सुलभ चिकित्सा परामर्श, डायग्नोस्टिक सेवाएं और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

केसीसीबी के चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने कहा कि यह पहल सामुदायिक उत्थान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एम-स्वास्थ्य के साथ इस सहयोग के माध्यम से हम स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों को दूर कर हिमाचल प्रदेश के लोगों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम कर रहे हैं। ये ई- क्लीनिक पारंपरिक स्वास्थ्य सुविधाओं के बोझ को कम करने में और लोगों को अपनी सेहत का सुधार रखने के लिए प्रेरित करेंगे। सात क्लीनिकों का यह शुभारंभ इस व्यापक पहल का पहला चरण है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर जिले के लोक कलाकारों का होगा पंजीकरण और श्रेणीकरण

**5 फरवरी तक जिला भाषा अधिकारी कार्यालय में किया जा सकता है पंजीकरण**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाषा कला एवं संस्कृति विभाग जिला हमीरपुर में एक बार फिर से 5 फरवरी तक जिले के लोक कलाकारों का पंजीकरण अभियान चला रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त लोक कलाकारों को पंजीकृत किया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम ने बताया कि विभाग ने पहले भी जिला के लगभग 250 कलाकारों को पंजीकृत किया था।

लोक संस्कृति के संरक्षण, पुरानी सांस्कृतिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने और लोक कलाकारों को यथासमय मंच प्रदान करने के लिए यह पंजीकरण आरंभ किया गया है। जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में पंजीकृत लोक कलाकारों ने भी अगर कोई नई उपलब्धि हासिल की है या उन्हें आकाशवाणी, दूरदर्शन अथवा अन्य विभागों से नया प्रमाण पत्र मिला है तो वे इन दस्तावेजों को प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक कलाकारों के पंजीकरण के उपरांत विभाग द्वारा गठित समिति फरवरी में ही सभी कलाकारों का श्रेणीकरण भी करेगी। इस पंजीकरण और श्रेणीकरण का मुख्य उद्देश्य लोक कलाकारों को विभाग एवं प्रशासन द्वारा आयोजित मेलों एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंच प्रदान करना है। जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंजीकृत कलाकारों की सूची उनके ग्रेड के साथ विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी, जिससे पंजीकृत कलाकारों को बार-बार ऑडिशन की प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। उन्होंने जिला के समस्त लोक कलाकारों से अपने नाम सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में पंजीकृत करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि कलाकार किसी भी सरकारी संस्था या विभाग जैसे-आकाशवाणी और लोक संपर्क विभाग आदि से पंजीकृत है तो अपने साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र लेकर आएं।

इसके अतिरिक्त कलाकार ने प्रशासन द्वारा आयोजित जिला, राज्य, राष्ट्र स्तरीय अथवा अंतरराष्ट्रीय मेलों में अपनी प्रस्तुति दी है तो उसके प्रमाण पत्र संबंधित मेला अधिकारी से लेकर विभाग में दे सकते हैं। लोक कलाकारों के साथ-साथ जिले के सभी पंजीकृत या अपंजीकृत सांस्कृतिक दल एवं संस्थाएं भी अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

# डेढ़ साल के बच्चे को पिता पर जबरन ले जाने का महिला ने लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

महिला पुलिस थाना हमीरपुर में एक महिला द्वारा अपने डेढ़ साल के बच्चे को पिता द्वारा जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है जिसके चलते मजबूरन उन्हें थाना के बाहर धरने पर बैठना पड़ा है।

महिला अपने परिजनों के साथ धरने पर थाना के बाहर बैठी है और पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगा रही है। डेढ़ साल की बच्चों की मां प्रियंका पत्नी शुभम ने बताया कि 28 जनवरी को मेरे डेढ़ साल के बच्चे को पति शुभम जबरन उठाकर ले गया है, जिसकी शिकायत महिला पुलिस थाना हमीरपुर में की है, लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है जिसके चलते वह धरने पर बैठ गई है। महिला प्रियंका ने बताया कि उसने इस मामले में अपने पति के खिलाफ

**महिला पुलिस थाना हमीरपुर के प्रांगण में बुजुर्ग माता-पिता के साथ बैठी धरने पर**

किसी भी पुलिस थाना में मामला दर्ज नहीं करवाया है। वह केवल महिला पुलिस थाना हमीरपुर में पहुंची है।

उन्होंने पुलिस पर कोई भी कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं। प्रियंका के पिता प्रीतम ने बताया कि उसकी बेटी प्रियंका के डेढ़ साल के बच्चे को उनका दामाद जबरन उठाकर ले गया है जिसके चलते में पुलिस थाना हमीरपुर पहुंचे हैं लेकिन कोई भी कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की जा रही है।

इस मामले पर एडवोकेट धनीराम शुक्ला ने बताया कि प्रियंका का पति जबरन डेढ़ साल के बच्चे को अपने साथ ले गया है। क्योंकि इतना छोटा बच्चा केवल मां के दूध पर ही जीवित रह सकता है। उन्होंने कहा कि प्रियंका की शिकायत पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके चलते वह धरने पर बैठे हैं ताकि महिला को न्याय मिल सके।

इस बारे में एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने कहा कि 16 जनवरी को महिला द्वारा भोरंज थाना में इसकी शिकायत दी गई थी। पुलिस द्वारा इस मामले को लेकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि महिला के पति को पुलिस द्वारा बुलाया गया था और उनसे पूछताछ की गई है, तो महिला के पति ने बताया कि उसके डेढ़ वर्ष के बच्चे की देखभाल पत्नी प्रियंका नहीं कर पाएगी जिसके चलते उनको संदेह है। उन्होंने बताया कि दोनों को इस मामले में एसडीएम के समक्ष पेश होने की नसीहत दी गई है एसडीएम जो भी फैसला करेंगे, उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### महिलाओं ने सीखा अचार और पापड़ बनाना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा तहसील भोरंज के गांव दरूण में स्थानीय महिलाओं के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। शिविर के समापन अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के मुख्य प्रबंधक एवं आरसेटी के नोडल अधिकारी संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं तथा उद्यमिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इससे पहले, आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने मुख्य अतिथि, अन्य अधिकारियों और शिविर की प्रतिभागी महिलाओं का स्वागत किया तथा शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में गांव की 30 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। संसार चंद राणा और नीलम देवी ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। समापन अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान, ट्रेनर दलजीत सिंह और आरसेटी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### धर्मशाला को आईपीएल के मैच मिलना गर्व का विषय : अर्चना चौहान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिला हमीरपुर की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के तीन मैचों की मेजबानी मिलना एक व्यक्ति की सोच एक व्यक्ति के विजन का परिणाम है, वह हैं हमारे देश के पूर्व खेल मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, जिनकी सोच से आज धर्मशाला विश्व का सबसे सुंदर स्टेडियम बना उन्होंने कहा कि धौलाधार की तलहटी में स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला अनुराग ठाकुर की ही देन है आज जहां आईपीएल के तीन मैचो के लिए धर्मशाला स्टेडियम का चयन हुआ है यह पूरे हिमाचल की जनता के लिए एक गर्व का विषय है।

# प्रो. जयदेव बोले-शोध में गुणवत्ता बहुत ही जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में प्रबंधन अध्ययन विभाग की दो दिवसीय ई-कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला के शुभारंभ पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रबंधन विभाग ने रिसर्च प्रोजेक्ट लेखन विषय पर कार्यशाला आयोजित की है, जिसमें पहले दिन शोध परियोजना की संरचना और प्रबंधन में अनुसंधान का महत्व के बारे में स्रोत व्यक्तियों द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इस बारे में अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि जो देश अनुसंधान में निवेश करता है, वह आर्थिक और बौद्धिक रूप से समृद्ध बनता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में अनुसंधान न केवल तकनीकी प्रगति के लिए आवश्यक है, बल्कि

**तकनीकी विवि में रिसर्च प्रोजेक्ट लेखन विषय पर कार्यशाला शुरू**

जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सुधार लेकर आई है, जिसके परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों से इस अवसर का अधिक लाभ उठाने और शोध की गुणवत्ता को सुधारने का आह्वान किया। कार्यशाला में एनआईटी हमीरपुर के डॉ. विवेक तिवारी, डॉ. ऋचा जोशी, प्रदेश विवि शिमला के डॉ. अशोक बंसल, तकनीकी विवि के डॉ. शुभम शर्मा तकनीकी सत्र का संचालन करेंगे।

# हमीरपुर के सरकारी स्कूलों पर मर्ज होने की तलवार

## जल्द हो सकता है बड़ा फैसला, 10 से कम छात्रों वाले मिडल स्कूलों को दो से सात किमी के दायरे में मर्ज करने की योजना

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिले के कई छोटे सरकारी स्कूलों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। छात्र संख्या में लगातार गिरावट के चलते प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने इन स्कूलों को आसपास के विद्यालयों में मर्ज करने का प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजा है।

सरकार नए शैक्षणिक सत्र से पहले इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला ले सकती है। वहीं, शिक्षकों के असमान वितरण को देखते हुए निदेशालय ने यह भी जानकारी मांगी है कि 20 से कम छात्रों वाले स्कूलों में कितने शिक्षक कार्यरत हैं, ताकि जरूरतमंद स्कूलों में स्टाफ की कमी को पूरा किया जा सके।

सरकार के इस फैसले से छोटे स्कूलों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। अब देखना होगा कि नए सत्र से पहले सरकार इस पर क्या निर्णय लेती है और शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

**शिक्षकों की संख्या में असमानता पर सरकार का फोकस :** शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों से 20 से कम छात्रों वाले विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का डेटा मांगा है। इसका मकसद यह देखना है कि कहां शिक्षक जरूरत से ज्यादा हैं और कहां उनकी कमी बनी हुई है। सरकार ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की संख्या संतुलित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### छात्र घटे, तो 316 स्कूलों पर मर्ज होने का संकट

हमीरपुर समेत पूरे प्रदेश में सरकारी स्कूलों में नामांकन घटने से शिक्षा विभाग चिंतित है। बीते साल भी सरकार ने पांच से कम छात्रों वाले प्राथमिक और मिडल स्कूलों को नजदीकी संस्थानों में मिलाने का फैसला किया था। इस नीति के तहत हमीरपुर जिले में 26 प्राथमिक और चार मिडल स्कूलों को बंद किया गया था। इस बार 10 से कम छात्रों वाले मिडल स्कूलों को दो से सात किलोमीटर के दायरे में मर्ज करने की योजना बनाई गई है। प्रदेशभर में ऐसे 316 मिडल स्कूल हैं, जहां छात्र संख्या बेहद कम है, और इनका अस्तित्व संकट में है।

### सरकारी स्कूलों से छात्रों का पलायन बढ़ा

सरकार ने सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, लेकिन इसके बावजूद छात्रों का झुकाव निजी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है। मुफ्त किताबें, वर्दी, मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) जैसी योजनाएं भी नामांकन बढ़ाने में सफल नहीं हो रही हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने के प्रयासों के बावजूद, सुविधाओं की कमी और शिक्षकों की अनुपलब्धता के कारण छात्रों का पलायन जारी है।

### शिक्षा उपनिदेशक ने क्या कहा

हमीरपुर के प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि हमीरपुर जिले में 10 से कम छात्रों वाले स्कूलों की सूची तैयार की जा रही है। इसके साथ ही, 20 से कम छात्रों वाले स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। जल्द ही यह रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी, ताकि सरकार नए सत्र से पहले उचित कदम उठा सके।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव भेजें अधिकारी : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सरकारी कार्यक्रमों तक सबकी न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करने, कुपोषण रोकने, बाल मृत्यु पर अंकुश लगाने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य और सबके लिए शिक्षा सुनिश्चित करने में इन केंद्रों की भूमिका के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सेवाएं प्रदान कर उनका सुदृढ़ीकरण सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है।

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्ताव मांगे हैं। टौणीदेवी के सीडीपीओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि विधायक ने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में पारदर्शिता एवं नवप्रयोग हेतु किएजा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें जारी रखने तथा लोगों को और अधिक सेवाएं प्रदान करने के आदेश दिए हैं।

**रोष** लिखित शिकायत प्रशासन तक पहुंची, व्यक्ति के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

# सांसद निधि से बने रास्ते को तोड़ने पर लोगों में आक्रोश

**संजीव चौहान टौणी देवी**

सरकारी पक्के मार्ग को तोड़ने और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर गांव ठाना डाकघर ठाना बजुरी तहसील टौणी देवी के लोगों में आक्रोश है और प्रभावशाली व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। इस बारे तहसीलदार टौणी देवी को लिखित शिकायत भी की गई है। लोगों के अनुसार सभी गांव वालों ने मिलकर अपनी बस्ती के लिए एक संपर्क मार्ग निकाला, जिससे सारे गांव के लोगों को काफी सुविधा हो गई है।

इसमें दान राशि, सांसद निधि राशि, राज्य सभा सांसद निधि आदि शामिल है। लोगों के मुताबिक इस मार्ग को निकालने के लिए किसी की भी



रास्ते को तोड़े जाने को लेकर महिलाएं रोष जताते हुए।

मल्कीयत भूमि को नहीं लिया, सारी भूमि सरकारी भूमि है। लोगों ने बताया कि अभी हाल में ही इस मार्ग को पक्का करने के लिए राज्य सभा सांसद निधि से तीन लाख रुपए की ग्रांट लगवाई है।

लोगों ने शिकायत पत्र में बताया कि एक प्रभावशाली व्यक्ति पक्के सरकारी रास्ते को उखाड़ कर वहां पर डंगे का काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि इस डंगे के लिए उसने सरकार एवं प्रशासन को किसी तरह गुमराह करके प्रशासन से पैसा मंजूर करवाया है क्योंकि उसने जिस जगह काम लगाया है, वह पूरी भूमि सरकारी भूमि है और वह इस सरकारी पक्के रास्ते को तोड़कर पूरे गांव के लिए समस्या कर रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत पंचायत में की, जिसका मौका पंचायत प्रधान, वार्ड पंच ने 25 जनवरी को मौका देखा गया, लेकिन पंचायत की तरफ से भी कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने तहसीलदार टौणी देवी को इस काम को तुरंत प्रभाव से बंद करवाने एवं मामले की पूरी तरह से जांच करवाने की मांग की है।

### विभिन्न आयु वर्गों की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 9 से हमीरपुर में

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 9 फरवरी को हमीरपुर में होगी। इसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। यह जानकारी देते हुए हमीरपुर बैडमिंटन संघ के सचिव शम्मी सोनी ने बताया कि हमीरपुर जिले की वैटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता 35+ (31-12-1989) 40+ (31-12-1984) 45+ (31-12-1979) 50+ (31-12-1974) 55+ (31-12-1969) 60+ (31-12-1964) 65+ (31-12-1959) 70 + (31-12-1954) को जन्मे या उसके पहले जन्मे होने चाहिएं। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता एकल, युगल और मिश्रित सभी वर्गों की होगी । इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### नादौन में आईटीआई डिप्लोमा धारकों के साक्षात्कार 31 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मोहाली की प्रसिद्ध कंपनी स्वराज इंजिन्स लिमिटेड में अप्रेंटिस के 500 पदों को फिक्स्ड टर्म कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर भरने के लिए 31 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे।

जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास और टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर, मैकेनिक फिटर, एमएमवी डिप्लोमा, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर तथा पेंटर ट्रेड में से किसी एक ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा रखा गया है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 14,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने प्रयागराज महाकुंभ में हुई घटना पर जताया दुख



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल ने प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित श्रद्धालुओं और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। स्थानीय प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की मदद करने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। धूमल ने यह भी कहा है कि हिमाचल प्रदेश से भी कई श्रद्धालु महाकुंभ में शामिल हुए हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित तरीके से स्नान करें। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने की भी सलाह दी है।

### पुलिस ने मंडी और चंबा में बरामद की दो किलो चरस, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लोअर भांबला में नाकाबंदी के दौरान एक कार से लगभग आधा किलो चरस बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य मामले में चंबा जिले के प्रवेशद्वार तुनुहट्टी में पुलिस ने एचआरटीसी की एक बस में लावारिस बैग से 1 किलो 574 ग्राम चरस बरामद की है। पहले मामले में जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने नियमित चेकिंग के दौरान एक कार को रोका। जब कार की तलाशी ली गई, तो उसमें से लगभग 500 ग्राम चरस बरामद हुई। गाड़ी में सवार व्यक्तियों की पहचान रणवीर सिंह देहरा, और राकेश कुमार देहरा, कांगड़ा के रूप में हुई है।

### अमराली में अवैध शराब फैक्टरी का मुख्य संचालक भी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली क्षेत्र के अमराली में स्थित एक शराब की फैक्टरी में पिछले वर्ष 2024 में अवैध शराब बनाने का मामला पाया गया था। आबकारी विभाग द्वारा शिकायत देने पर पुलिस थाना हरोली में मामला दर्ज हुआ था पुलिस ने पहले शराब फैक्टरी के एक मुख्य कारोबारी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया था। अनिल की गिरफ्तारी के बाद इसके सारे साथी फरार हो चुके थे जिनकी काफी समय से पुलिस तलाश कर रही थी। इसके बाद हरोली पुलिस की एक टीम उप निरीक्षक चेतन सिंह की अगुवाई में राजस्थान गई थी, जहां से घटना के एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार करके हरोली पहुंचाया गया था और अब घटना के मुख्य आरोपी मुकेश सांगवान को हरियाणा से प्रोडक्शन वारंट पे लाकर गिरफ्तार किया गया है, जिसे पिछले कल माननीय अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी मोहन रावत ने मुख्य आरोपी के गिरफ्तार होने वाला पुष्टि की। थाना प्रभारी सुनील ने बताया कि मामले की जांच का जिम्मा उप निरीक्षक चेतन सिंह को सौंपा गया है।

### नाके के दौरान बड़सर पुलिस ने बरामद की 10 पेटी अवैध शराब

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर पुलिस ने नाके के दौरान 10 पेटी अवैध शराब बरामद की हैं। शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्ति शाहतलाई में बार तथा टेंट हाउस का काम करता है। जानकारी अनुसार पुलिस ने एक व्यक्ति के वाहन की नाके के दौरान चेकिंग की तो उसमें 10 पेटी शराब बरामद हुई। पुलिस टीम ने आरोपी से एक्साइज एक्ट के तहत दस्तावेज मांगे तो वह कोई दस्तावेज दिखाने में असमर्थ रहा। आरोपी की पहचान विजय कुमार पुत्र ठाकुर दास जोकि तलाई का रहने वाला है। डीएसपी लालमन शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### कुनिहार पुलिस ने जीरकपुर से गिरफ्तार किया चिट्टा सप्लायर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कुनिहार में 17 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े गए युवक से पूछताछ के बाद बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पुलिस ने पंजाब के जीरकपुर के एक होटल से 29 वर्षीय युवक को 123 ग्राम चिट्टे और 49 हजार रुपए की नकदी के साथ गिरफ्तार किया। एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक 24 जनवरी को कुनिहार पुलिस ने सुबाथू की तरफ से कुनिहार की ओर जा रही एक मारुति 800 नंबर एचपी-11ए-8690 को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसमें सवार कुनिहार के चाकलू तालाब निवासी 29 वर्षीय हिमांशु नामक युवक के पास से 17 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने उसकी कार को भी जब्त कर लिया था। उससे पूछताछ के बाद पता चला कि इस चिट्टे को वह आदर्श इंकलेव ढकोली, मोहाली निवासी विशाल ठाकुर से खरीद कर लाया था। सोमवार को पुलिस की टीम ने इस प्रकरण को मुख्य सप्लायर 29 वर्षीय विशाल ठाकुर को पंजाब के जीरकपुर के एक होटल से करीब 123 ग्राम चिट्टा और करीब 49,000 की नकदी सहित गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पाया गया है की यह आरोपी पिछले काफी समय से चिट्टे की सप्लाई का काम करता है। इस मामले में अभी तक कुल 140 ग्राम चिट्टा बरामद किया जा चुका है।

### परवाणू से नाबालिग भागने का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना परवाणू में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी 15 वर्षीय बेटी जोकि उसके साथ काम करने के लिए सेक्टर-1 परवाणू गई थी, जहां से काम पूरा करने के बाद इसकी बेटी अन्य जगह काम करने के लिए चली गई थी। अपना काम पूरा करने के बाद जब वह अपनी बेटी को देखने गई तो उसकी बेटी वहां मौजूद न थी, जिस पर उसने अपने तौर पर भी उसकी तलाश की, परंतु कहीं पर भी न मिली। इसके बाद अभियोग पुलिस थाना परवाणू में पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान नाबालिग की तलाश परवाणू थाना की पुलिस टीम द्वारा उसके संभावित स्थानों पर लगातार की जा रही थी तथा सदिग्ध मोबाइल फोन नंबरों की तकनीकी जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पाया गया कि नाबालिग परवाणू में जहां पर रहती थी, वहीं पर इसके पड़ोस में रहने वाला राहुल नाम का एक युवक जोकि उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, इस नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया था। थाना परवाणू की टीम द्वारा उक्त युवक की लगातार जांच की जा रही थी जिस पर पिछले कल को इस अभियोग में आरोपी राहुल (23) पुत्र नंद कुमार निवासी जिला बलिया उत्तर प्रदेश को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है व नाबालिग को भी पुलिस टीम द्वारा वहां से बरामद किया गया है।

## हिमाचल भाजपा में मच सकती है उथल-पुथल


# तीसरे मोर्चे की संभावनाएं तलाश रहे धवाला

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश भाजपा में आने वाले दिनों में बवाल मच सकता है। इसकी वजह कांग्रेस के 6 बागी और 3 पूर्व निर्दलीय विधायकों की भाजपा में एंट्री बन सकती है। पूर्व मंत्री रमेश चंद धवाला ने सियासी उथल-पुथल के संकेत दे दिए हैं। धवाला कह चुके हैं कि जितने भी भाजपा के नाराज नेता हैं, उनके साथ बैठेंगे और जल्द धमाका करेंगे।

यही नहीं धवाला ने शुक्रवार को देहरा में एक मीटिंग भी बुलाई है। इसमें वह पार्टी वर्कर के साथ चर्चा करके प्रदेश भ्रमण पर जाने का फैसला लेंगे, ताकि इस दौरान भाजपा के नाराज व हाशिये पर चल रहे नेताओं से चर्चा की जा सके। इसके आधार पर तीसरे मोर्चे के गठन पर निर्णय लिया जाएगा।

सूत्र बताते हैं कि रमेश धवाला की नजरें पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व मंत्री



डॉ. रामलाल मारकंडा, पूर्व सांसद कृपाल परमार, बड़सर से पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, किन्नौर के पूर्व विधायक तेजवंत नेगी, प्रवीण शर्मा इत्यादि पर है। धवाला इन नेताओं से तीसरे मोर्चे के गठन को लेकर चर्चा करेंगे।

रमेश धवाला चार बार के विधायक, दो बार के कैबिनेट मंत्री और एक बार चेयरमैन (कैबिनेट) रैंक है।

### क्यों नाराज हैं रमेश चंद धवाला

बता दें कि भाजपा ने बीते साल उपचुनाव में देहरा सीट से रमेश चंद धवाला की टिकट काट दी थी और टिकट पूर्व निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को दिया गया। इससे धवाला भड़क गए हैं। इसी तरह सुजानपुर, कुटलैहड, गगरेट, हमीरपुर, बड़सर, नालागढ़, धर्मशाला और लाहौल-स्पीति में भी भाजपा नेताओं की टिकट काट दी गई। इनमें पूर्व मंत्री एवं कुटलैहड़ के विधायक वीरेंद्र कंवर, पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा जैसे दिग्गज भी शामिल रहे हैं। हालांकि उपचुनाव में रामलाल मारकंडा ने तो बागी होकर उपचुनाव भी लड़ा। धर्मशाला में भी राकेश चौधरी ने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। मगर दूसरी जगह उपचुनाव में भाजपा बागियों को मनाने में कामयाब हो गई थी।

### 2022 के बागियों से चर्चा करने की योजना

प्रदेश भ्रमण के दौरान 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से बगावत करने वाले बागियों से भी धवाला चर्चा की योजना बना रहे हैं। साल 2022 के चुनाव में भाजपा से 21 बागियों ने बगावत की थी और बीजेपी की चुनाव में हार की बड़ी वजह यह बगावत बनी थी।


### धूमल गुट के नेताओं से भी करेंगे संपर्क

रमेश धवाला की नजरें पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल गुट के नेताओं पर टिकी हुई है, क्योंकि धूमल गुट के नेता सात-आठ सालों से हाशिये पर महसूस कर रहे हैं। धवाला ऐसे सभी नेताओं को एकजुट करने के दावे कर रहे हैं। उन्हें कितनी कामयाबी मिलती है, तो यह तो भविष्य के गर्भ में है।

# सरकार कानून बनाकर बढ़ती जनसंख्या को रोके : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि उत्तराखंड भारत का पहला राज्य बना है, जिसने प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लागू कर दिया। उन्होंने इसके लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी।



उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से हमारी प्यारी मातृभूमि के तीन टुकड़े हो चुके है। पहले पाकिस्तान बना और फिर बांग्लादेश, अब दूसरा पाकिस्तान बन रहा है। संकट अभी भी समाप्त नहीं हुआ, जिन्होंने मातृभूमि के टुकड़े किए उनकी आबादी फिर बढ़ रही है। नियत पहले से ही खराब है। वह दिन दूर नहीं जब एक और पाकिस्तान की मांग खड़ी होगी।

शांता कुमार ने कहा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तथा कुछ अन्य नेताओं ने इसी कारण तीन बच्चे पैदा करने को कह दिया है। यह मांग प्रतिदिन बढ़ रही है, परंतु यह उस रोग का इलाज नहीं है। उन्होंने कहा इसका इलाज एक ही है कि अमित शाह अपनी घोषणा पूरी करे और पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लागू करे।

सरकार कानून द्वारा बढ़ती जनसंख्या को रोके। यदि कानून न बना सके तो एक नियम बना दे कि दो बच्चों से अधिक परिवार को सरकार की कोई सुविधा नहीं मिलेगी और वह परिवार पंचायत से लेकर संसद तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकेगा।

# पानी के भारी भरकम बिलों से प्रदेश की जनता बेहाल : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार के व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश के लोग अब त्रस्त हो चुके हैं। आए दिन किसी न किसी तुगलकी फरमान से प्रदेश के लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों से भारी भरकम बिल बसूली कर परेशान करने में जल शक्ति विभाग भी पीछे नहीं है। प्रदेश में जगह-जगह पीलिया फैलने की खबरें आ रही है, जिसका अर्थ है कि खराब गुणवत्ता वाले पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

इसके साथ विभाग द्वारा लोगों को भेजे गए पानी के बिल का अलग करंट लग रहा है। जोगिंदरनगर में ही लोगों के पानी के बिल में 1000 रुपए की वृद्धि करके उन्हें भेजा गया है। इसके खिलाफ वहां के लोगों ने संबंधित कार्यालय का घेराव करके अपना विरोध जताया और बढ़े हुए बिल को वापस न लेने पर आंदोलन करने की चेतावनी तक दे दी है। इसी तरह ठियोग में भी विभाग द्वारा बिना नल और कनेक्शन लगाए ही एक भवन का 45,000 रुपए का बिल उपभोक्ता को थमा दिया।

ठियोग मंडल पहले भी मोटरसाइकिल और स्कूटर से पानी की



**पूर्व भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का बिल किया था माफ**

सप्लाई के घोटाले के लिए चर्चा में आ चुका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस प्रकार से ये सरकार प्रदेश के लोगों को सिर्फ और सिर्फ परेशान करने का काम कर रही है। पानी के बिल में एक बार में इतनी बड़ी वृद्धि किसी भी लिहाज से सही नहीं है। क्या प्रदेश के लोग सरकार की नाकामियों की ऐसे कीमत चुकाएंगे? सरकार ने प्रदेश के लोगों को अपनी आय बढ़ाने का साधन समझ लिया है। पानी के बिल के नाम पर ही प्रदेश के लोगों से हजारों रुपए की वसूली गलत है। इतने बड़े पैमाने पर लोगों के बिल में धांधली करके सरकार प्रदेश के लोगों को परेशान कर अपनी तिजोरी भरना चाह रही है।

इस मामले में शासन स्तर से दखल दिया जाए और लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए वर्ना भाजपा सड़कों पर उतर कर सरकार के ऐसे निर्णय का विरोध करने को मजबूर हो जाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश में हर घर नल जल के तहत 12 लाख से ज्यादा कनेक्शन लगवाए तो वर्तमान सरकार ने हर कनेक्शन पर प्रति माह 100 रुपए का शुल्क लगा दिया।

पूर्व भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का बिल माफ कर दिया था, जिससे प्रदेश के लाखों लोगों को फायदा हुआ था। वर्तमान सरकार अब हर कनेक्शन से वसूली करने की योजना बना रही है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जानबूझकर उप मुख्यमंत्री और दूसरे मंत्रियों के विभागों में ऐसे उगाही के आदेश कर पैसे एकत्र करने का जुगाड़ लगा रहे हैं। ये तो इन संबंधित विभाग के मंत्रियों को तब मालूम चलेगा जब जनता इन्हें वोट से चोट करेगी।

# स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रख्यात शिक्षाविद् और समाजसेवी स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके योगदान को स्मरण करते हुए, परिवार, मित्रों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उनके प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

प्रो. अग्निहोत्री के पति उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने बुधवार को गोंदपुर जयचंद स्थित अपने आवास पर पूरे विधि-विधान से वार्षिक श्राद्ध अनुष्ठान संपन्न किया। इस अवसर पर समाज जीवन के हर वर्ग से जुड़े लोग प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे। दिनभर उनके प्रति सम्मान प्रकट करने वालों का तांता लगा रहा।

कार्यक्रम में चंबा सदर के विधायक नीरज नैयर, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, परिवहन प्राधिकरण के सदस्य धमेंद्र धामी, रणजीत राणा और अशोक ठाकुर, पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह



भरमौरी, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया।

**शिक्षा और समाज सेवा के प्रति अद्वितीय समर्पण:** स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री न केवल एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् थीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति भी गहरा समर्पण रखती थीं। उनका मानना था कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे समाज के उत्थान का माध्यम भी बनना चाहिए। उन्होंने आस्था फाउंडेशन के माध्यम से गरीबों की सहायता, नशा विरोधी आंदोलन, सड़क सुरक्षा अभियान और कई अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

**एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व:** 29 सितंबर 1968 को जन्मी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री ने 9 फरवरी 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी की। वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन की प्रोफेसर थीं और उनकी विद्वता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक योगदान को पूरे प्रदेश में सम्मान प्राप्त था। उनके शिक्षण और शोध कार्यों ने शिक्षा जगत पर अमिट छाप छोड़ी, जिससे अनगिनत विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिली।

# धोखाधड़ी के मामले में एनएटीसी सोसायटी के अध्यक्ष व मैनेजर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एनएटीसी सोसायटी सुबाथू के अध्यक्ष व मैनेजर ने आपसी मिलीभगत करके अध्यक्ष के बीमार मित्र के पेट्रोल पंप का पहले तो फर्जी पार्टनरशिप डीड बनाई, फिर इसी आधार पर अपनी सोसायटी में खाता खोल कर लोन ले लिया। इस तरह से सोसायटी के अध्यक्ष ने अपने ही मित्र को एक करोड़ से अधिक का चूना लगा दिया। पुलिस ने छानबीन के बाद आखिरकार 75 वर्षीय सोसायटी अध्यक्ष और 53 वर्षीय मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

जानकारी अनुसार सोलन के देवठी निवासी परसराम ने 15 मई 2023 को धर्मपुर पुलिस थाने में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में बताया था कि सुबाथू के रडियाना में उनका शांति फिलिंग स्टेशन है। फिलिंग स्टेशन उन्होंने वर्ष 1995 में हिंदुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटिड से स्वीकृति हासिल करने के उपरांत प्रारंभ किया था, जिसमें कंपनी नियमों के अनुसार इनका कोई सहयोगी न था। वर्ष 2020 में वह बीमार हो गए थे। इस दौरान उन्होंने सुबाथू निवासी अपने मित्र सुशील कुमार को पैट्रोल पंप का कार्य देखने का जिम्मा सौंपा था। अपनी बीमारी के दौरान परसराम ने अपनी पीएनबी व एचडीएफसी बैंक की दो चेक बुक सुशील कुमार को सौंप दी थीं। इन चेक बुकों पर इनके हस्ताक्षर थे।

आरोप था कि सुशील कुमार ने उनकी बीमारी के दौरान पैट्रोल पंप की आमदनी को इनके बैंक खातों में जमा न करवाकर अपनी को-ओपरेटिव सोसाईटी में जमा करवाना शुरू कर दिया। इस सोसायटी का सुशील कुमार अध्यक्ष था। इसके अतिरिक्त सुशील कुमार ने इनकी अनुपस्थिति में अपने आप को शांति फिलिंग स्टेशन में इनका पार्टनर होने संबंधी दस्तावेज तैयार किए, जिसमें इसने अपने आप को उपरोक्त पैट्रोल पंप में 50 फीसदी शेयर का हिस्सेदार होना बताया। सुशील कुमार ने इनके नाम से एनएटीसी सोसायटी सुबाथू में इनके झूठे हस्ताक्षर करके इनके नाम का खाता खोलकर लोन ले लिया । इस खाते का संचालन सुशील कुमार सोसाईटी के मैनेजर अमर लाल कश्यप की मिलीभगती से करता रहा। वर्ष 2022 में जब यह वापस पैट्रोल पंप पर आए तो इन्हें इनके सीए के माध्यम से ज्ञात हुआ कि बैलेंस शीट के अनुसार करीब 80 लाख रुपए की नकदी की कमी पाई गई। इस तहरीर के आधार पर धर्मपुर पुलिस थाने में केस दर्ज करके मामले की छानबीन की जाने लगी।

# कोटला कलां में राष्ट्रीय पक्षी मोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव कोटला कलां अपर में राष्ट्रीय पक्षी मोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पर मोर मरा हुआ पाया गया, वहां उसके ऊपर बिजली ट्रांसफार्मर लगा हुआ है।

प्रारंभिक जांच से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि बिजली ट्रांसफार्मर की चपेट में आने के कारण मोर की मौत हो सकती है। वन विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि यह घटना हादसा था या फिर कोई अन्य कारण था। अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की पूरी जांच करेंगे और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करेंगे।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि बिजली ट्रांसफार्मर के पास सुरक्षा उपायों की कमी है, जो इस प्रकार की घटनाओं को जन्म देती है। अब यह देखना होगा कि क्या प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाता है?

# भाजपा सरकार के कार्यकाल के कार्यों का फीता काट रहे कांग्रेसी नेता : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा है कि कांग्रेस नेता राजनैतिक लाभ लेने के लिए भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनाए गए संस्थानों के भवनों का फीता काट कर इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नाहन विधानसभा क्षेत्र की सुरला पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन कर कांग्रेस पार्टी इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रही है वह सरासर गलत है।

राजीव बिंदल ने कहा कि सुरला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग 30 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुआ था, जिसे सुरला से कहीं और बदल दिया गया। वर्ष 2017 में भाजपा सरकार बनने पर सुरला पी.एच.सी. स्वीकृत करवा कर इसे 2018 में शुरू किया गया।

# कांग्रेस ने रेवड़ियां बांटने के लिए नहीं लिया लोन : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। विपक्ष कर्ज को लेकर सरकार पर हमलावर है। वहीं, सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के कैबेनट मंत्री राजेश धर्माणी ने कर्ज को लेकर पूर्व भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।



राजेश धर्माणी ने कहा, 'प्रदेश सरकार ने बीते 2 सालों में 30 हजार 80 करोड़ रुपए का लोन लिया है। लोन का बड़ा हिस्सा पूर्व भाजपा सरकार की बजट ऑब्लिगेशन को पूरा करने लिए खर्च किया जाएगा। हमें विरासत में 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज मिला था और कर्मचारियों की देनदारी 10 हजार करोड़ रुपए थी जो कुल मिलाकर 85 हजार करोड़ रुपए बनता है।'

भाजपा पर निशाना साधते हुए राजेश धर्माणी ने कहा भाजपा हिमाचल की वित्तीय स्थिति का भ्रामक प्रचार कर रही है। प्रदेश सरकार ने 9 हजार 337 करोड़ रुपए पूर्व की भाजपा सरकार की बजट ऑब्लिगेशन को पूरा करने के लिए खर्च किया।

### भाजपा ने हिमाचल को किया बदनाम

कैबेनट मंत्री धर्माणी ने कहा हर महीने सरकार 2800 करोड़ रुपए सैलरी और पेंशन देने में खर्च करती है। 60 करोड़ रुपए एचआरटीसी ग्रांट के रूप में और इस साल 2200 करोड़ रुपए सरकार बिजली बोर्ड को दे रही है। भाजपा पर हमला बोलते हुए राजेश धर्माणी ने कहा 'जो इस व्यवस्था के लिए दोषी हैं वह वर्तमान सरकार पर दोष लगाकर मुक्त होना चाह रहे हैं। सुखविंद्र सिंह सरकार ने वित्तीय अनुशासन का फैसला लेकर व्यवस्था को बेहतर करने की कोशिश की है जबकि भाजपा ने हिमाचल को केवल बदनाम करने की कोशिश की है। कांग्रेस सरकार ने लोन रेवड़ियां बांटने के लिए नहीं लिया बल्कि देनदारियों के लिए लिया है।'

# विधानसभा की लोक उपक्रम समिति 7 दिवसीय प्रवास पर पोर्ट ब्लेयर पहुंची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक उपक्रम समिति सभापति किशोरी लाल की अध्यक्षता में पिछले कल पोर्ट ब्लेयर पहुंची। अध्ययन प्रवास पर समिति सदस्य विपिन सिंह परमार, बिक्रम सिंह ठाकुर, सुरेंद्र शौरी, भुवनेश्वर गौड़, सुरेश कुमार तथा विवेक शर्मा भी शामिल हैं।

पोर्ट ब्लेयर पहुंचने पर समिति का स्थानीय प्रशासन द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। समिति ने अल्प विश्राम के बाद सेल्यूलर जेल का दौरा किया तथा इसकी विस्तृत जानकारी हासिल की। यह वही जेल है जहां अंग्रेजों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को कैद किया जाता था तथा यातनाएं दी जाती थीं।



समिति उसके बाद दर्शनीय स्थल बाराटांग के लिए रवाना हुई तथा रास्तें में समिति ने स्थानीय ट्राईब्स के रहन-सहन तथा उनकी गतिविधियों को जानने की चेष्टा की तथा उनसे संवाद भी किया। समिति ने ऐतिहासिक बाराटांग स्थल का भ्रमण किया जहां स्पीड बोट के माध्यम से ही पहुंचा जा सकता है। समिति सदस्य विपिन सिंह परमार ने कहा कि अंडमान निकोबार अपने आप मे एक खूबसूरत केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर हजारों पर्यटक प्रतिवर्ष आकर अपना मनोरंजन करते हैं तथा इसकी खूबसूरती को निहारते हैं।

उन्होने कहा कि यहां आने पर पर्यटक अपने आप को प्राकृतिक तथा स्वास्थ्य वर्धक जलवायु से जोड़कर तरोताजा करते है।

**चिंताजनक**

## चिट्टा छुड़वाने का बहाना लगाकर, वैकल्पिक तौर पर ले रहे हैं दवाइयां

# बिलासपुर में नशा मुक्ति दवाओं का दुरुपयोग कर रहे युवा मरीज

**शुभम राही, बिलासपुर**

प्रदेश में इन दिनों चिट्टे ने अपने पांव पूरी तरह से पसार लिए है। इस नशे में युवा पीढ़ी दिन-प्रतिदिन डूबती जा रही है। वहीं, इस नशे में चूर कुछ युवा इससे पीछा भी छुड़वाना चाहते है, तो कुछ युवा ऐसे भी है जिन्हें चिट्टा न मिलता है तो सरकारी अस्पतालों में जाकर चिट्टे का वैकल्पिक मार्ग अपनाकर दवाइयों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

ऐसा ही इन दिनों जिला अस्पताल बिलासपुर में देखा जा रहा है, जहां प्रतिदिन चिट्टे का सेवन कर रहे युवा यहां पर तैनात मनोचिकित्सक के पास पहुंच रहे हैं, लेकिन वह इन दवाइयों का सही प्रयोग न करते हुए चिट्टा न मिलने की एवज में इन दवाइयों का सेवन कर रहे हैं। ऐसे में यह सारा आकलन बिलासपुर अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे मनोचिकित्सक डॉ. आयुष शर्मा ने किया है, जिसके बाद उन्होंने अब आदेश जारी किए हैं कि अगर कोई भी युवा नशा छुड़वाने के लिए पहुंच रहा है तो उसके अपने साथ परिजन लाना अनिवार्य है। अगर कोई भी युवा बिना परिजन से उनके पास आता है तो वह उसको दवाइयां नहीं लिखेंगे। क्योंकि देखने में आ रहा है कि युवा पीढ़ी इन दवाइयों का गलत इस्तेमाल करके नशे को नहीं छोड़ रहे है। बिलासपुर जिला की बात करें तो जिला में ओवरडोज व नशे से पीड़ित काफी युवाओं की मौत हो चुकी है। क्योंकि यह युवा चिट्टे के सेवन के लिए नशे को छोड़ने की दवाइयों का भी सेवन करते रहे, जिससे उल्टा असर हो रहा और उनकी मौत भी हुई है।



वहीं, आए दिन पुलिस प्रशासन द्वारा भी नशा माफियों को पकड़ा जा रहा है, लेकिन फिर भी यह नशा कम नहीं बल्कि आए दिन बढ़ता ही जा रहा है। वर्तमान में बिलासपुर जिला की बात करें तो स्थिति बहुत ही गंभीर बनी हुई है। मनोचिकित्सक डॉ. आयुष शर्मा ने बिलासपुर जिले के लोगों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों पर विशेष नजर रखें। साथ ही यह ध्यान रखें कि आपका बच्चा कहीं पैंटाडॉल और टामाडॉल दवाइयों का सेवन तो नहीं कर रहा है। क्योंकि यह दवाइयां अधिकतर युवा नशे के तौर पर यूज कर रहे हैं, जिससे उनकी मौत हो रही है।

नशा माफिया नए युवाओं को शुरुआत में फ्री में नशे की लत लगाते हैं और फिर उनके जरिये ही पंजाब और अन्य जगहों से नशे की खेप मंगवाते हैं। इस तरह खुद किंगपिन पुलिस की नजर से दूर रहते हैं। युवतियां भी इस तरह की तस्करी में शामिल हैं। चिट्टा के पांव पसारने पर अब जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। जनप्रतिनिधि अपने स्तर पर ही चिट्टा तस्करों को पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो चिट्टा या अन्य नशे में डूबा व्यक्ति जब नशे की ज्यादा लत में पड़ जाता है तो वह आम व्यक्ति की तरह साधारण बात नहीं करता है। (अनंत ज्ञान)

> बिना परिजनों से अगर कोई युवा नशे को छुड़वाने के लिए दवाई लेने आता है तो उसका इलाज नहीं किया जाएगा। परिजन साथ में आना अनिवार्य है। देखा गया है कि कुछ युवा इन दवाइयों का गलत सेवन कर रहे हैं, जो स्वयं के लिए ही हानिकारक सिद्ध हो रही हैं।
> -डॉ. आयुष शर्मा, मनोचिकित्सक बिलासपुर अस्पताल।



## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा एयरपोर्ट के पूर्व निदेशक का निधन



**अनंत ज्ञान, गगल।** दो साल पहले सेवानिवृत्त हुए कांगड़ा हवाई अड्डे के पूर्व निदेशक किशोर शर्मा का असामयिक निधन हो गया। कांगड़ा हवाई अड्डे के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने शोक प्रकट करते हुए बताया कि शर्मा का निधन उनके वर्तमान निवास वाराणसी में 28 जनवरी को सायं के हुआ। उनके निधन की खबर से कांगड़ा हवाई अड्डे पर कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। कांगड़ा हवाई अड्डे पर एक शोक शभा का भी आयोजन किया गया और 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### युवाओं को बर्बाद कर रहा चिट्टा : धर्मवीर



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जन जागृति सेवा संगठन अध्यक्ष धर्मवीर कपूर ने रैहन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि आज की तारीख में चिट्टा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है, जिस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। चिट्टा पाकिस्तान से लाया जा रहा है, जो कि इंदौरा के मंड क्षेत्र के रास्ते हमारे इलाके में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नए-नए हथियार खरीद रहे हैं, ताकि देश की सुरक्षा को मजबूत किया जा सके, तो वहीं देश की युवा पीढ़ी चिट्टे की गिरफ्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रही है। जो हथियार देश की सुरक्षा को खरीदे जा रहे हैं, उन्हें चलाएगा कौन। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे भी बच्चों को मोबाइल से दूर ही रखें।

### टिप्प स्कूल की वंशिका कविता वाचन में सेकेंड



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उच्च विद्यालय टिप्प की सातवीं कक्षा की छात्रा वंशिका चौधरी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरली में जिला स्तरीय बाल मेला प्रतियोगिता कविता वाचन में जिला भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के मुख्याध्यापक भारत रंजन गर्ग ने स्टाफ सहित विजेता छात्रा का पाठशाला पहुंचने पर गर्म जोशी से स्वागत किया। उन्होंने बधाई देते हुए उसके मंगल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल के मुख्याध्यापक, अध्यापक वर्ग व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### क्यारवां स्कूल ने सड़क सुरक्षा पर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्यारवां के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस बीच स्कूल के हिंदी के प्रवक्ता व सड़क सुरक्षा प्रभारी मिलाप चंद ने रैली की अगुआई की। उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा पर संबोधन करते हुए कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं एक चिंता का विषय है इस पर हमें मंथन करना होगा।

### कोटला बेहड़ में 2 को होगी स्टार नाइट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के कोटला बेहड़ स्कूल के सामने 2 फरवरी को शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक स्टार नाइट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के नामी कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने इलाका वासियों से अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्टार नाइट का आनंद उठाएं।

# केवल पठानिया ने किया वहाब सिंचाई परियोजना का लोकार्पण

## बोले, फसल विविधीकरण परियोजना के तहत खर्च होंगे 9.29 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 (जाइका एग्रीकल्चर) के तहत 7 उप परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और इस पर लगभग 9.29 करोड़ रुपये व्यय होंगे। यह जानकारी उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बुधवार को केटलू में हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 (जाइका एग्रीकल्चर) के अंतर्गत वहाब सिंचाई परियोजना त्रैंबला का लोकार्पण के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इन सात उप परियोजनाओं के पूरा होने पर यहां के सैकड़ों किसान परिवारों की लगभग 9820 कनाल जमीन को सुचारू सिंचाई सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि 42 लाख से बनी लगभग 1900 मीटर लंबी इस कूहल से 86 किसान परिवारों की 17.59 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उन्होंने बताया कि वहाब सिंचाई योजना सल्ली-भलेड़, नई कूहल तथा भेड़ी कूहल का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इन पर 5 करोड़ रुपए व्यय होंगे।

उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में विभिन्न विकास खंडों में जाइका-2 परियोजना के अंतर्गत 98 उप परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा और हजारों किसान परिवारों की 3678 हेक्टेयर भूमि को सुचारू रूप से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने बागवानों एवं किसानों की आर्थिकी में सुधार हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु अंबाड़ी में 10 लाख से नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा तथा 63 केवीए के ट्रांसफार्मर को 100 केवीए में अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय केटलु में नया शौचालय बनाने की घोषणा की। जाइका के जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. योगिंद्र पाल ने उपमुख्य सचेतक का स्वागत किया एवं जिला में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी।

### पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़ा राहगीर

**अनंत ज्ञान, देहरा।** कांगड़ा जिले के थाना देहरा के तहत बुधवार सुबह देहरा पुलिस ने स्थानीय रैन बसेरा के पास एक राहगीर को सात ग्राम चिट्टा के साथ पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के आरोपी बुधवार सुबह लगभग सात बजे पैदल रैन बसेरा की तरफ जा रहा था। इसी बीच वहां से गुजर रही देहरा पुलिस की टीम ने उसे रोककर शक के आधार पर उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास से सात ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले भी चिट्टे के तीन मुकदमे दर्ज हैं। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आती रहेगी। वहीं, क्षेत्र के एसपी अशोक रत्तन ने कहा कि नशे को लेकर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने का आग्रह किया है।

### सालगिरह मुबारक



जोगिंदरनगर के प्यार चंद सकलानी और कृष्णा सकलानी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### राकेश टेलीफोन एडवाइजर कमेटी के सदस्य मनोनीत



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा नेता राकेश चौहान को भारतीय संचार निगम द्वारा धर्मशाला जोन का टेलीफोन एडवाइजर कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। राकेश चौहान के मनोनीत होने पर उनके समर्थकों, शाहपुर भाजपा मंडल कमेटी सदस्यों कार्यकर्ताओं सहित लोगों ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने नियुक्ति के लिए सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज का धन्यवाद किया है।

### मुफ्त डस्टबिन बांटे

**अनंत ज्ञान, गगल।** स्नोरा पंचायत में उपप्रधान रजनीश कुमार की अध्यक्षता में 650 डेस्टबिन ग्रामीणों को बांटे गए। पंचायत सचिव अनिल कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा 15वां वित्त आयोग के अंतर्गत स्थानीय लोगों को 650 डेस्ट बीन मुफ्त बांटे गए। ग्रामीणों ने सरकार द्वारा चलाई गई इस स्कीम की सराहना की और प्रण लिया के अब जो भी कूड़ा-कर्कट होगा उसे वे सरकार द्वारा दिए गए डस्टबिन में ही डाला करेंगे।

## बिजली उपभोक्ता 15 फरवरी तक करवा लें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब**

विद्युत उपमंडल गनोह के सहायक अभियंता ई. आशीष धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपमंडल गनोह के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत मीटर खाता संख्या (कंज्यूमर आईडी) को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया अर्थात केवाईसी की अंतिम तिथि अब 15 फरवरी तक है।




उन्होंने बताया कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं की अभी तक ई-केवाईसी नहीं हुई है, वे उपभोक्ता विद्युत उपमंडल गनोह के कार्यालय में पहुंच कर अपने बिजली मीटर की ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी करवाने आने वाले बिजली उपभोक्ताओं को अपने साथ जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा कोई भी नया अथवा पुराना बिजली का बिल साथ में लाना चाहिए और ई-केवाईसी के दौरान अपना मोबाइल फोन साथ में रखना होगा। इस मोबाइल फोन में वह नंबर होना चाहिए, जोकि उपभोक्ता के आधार कार्ड से जुड़ा हुआ हो।

उन्होंने कहा कि अगर कोई बिजली उपभोक्ता ई-केवाईसी नहीं करवाना चाहता है तो ऐसे उपभोक्ता भविष्य में बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकते हैं।

## खाता खुलवाने आए बैंक कर्मियों से ग्रामीणों की हुई तू-तू, मैं-मैं

### कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण से गुस्साए लोगों ने लगाए गो बैक के नारे

**अनंत ज्ञान, गगल**



आज दोपहर गांव इच्छी में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब हवाई अड्डा विस्तारीकरण मामले में मिलने वाली मुआवजा राशि को बैंकों में जमा करवाने के लिए खाता खुलवाने आए बैंक कर्मचारियों के विरोध में ग्रामीणों ने गो बैक, गो बैक के नारे लगाए और कहा कि वे किसी भी कीमत में न तो अवार्ड घोषित होने के हक में हैं और न ही बैंकों में खाता खुलवाने के।

इससे पहले की स्थिति लड़ाई झगड़े में बदलती मौके पर पहुंचे संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने माहौल को शांत करवाया और कर्मचारियों को अलर्ट करते हुए कहा कि वह इस मामले में गलती न करें। क्योंकि मामला अभी हाईकोर्ट के विचाराधीन है। उल्लेखनीय है के रजनीश मोना गत दिवस जिला प्रशासन के अधिकारियों को पत्र लिखकर आगाह कर चुके हैं कि जब तक हाई कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता। तब तक किसी भी गांव के ग्रामीण के अवार्ड आदि घोषित न करें उन्होंने एक बार फिर कहा कि अगर कर्मचारी आते हैं और इस बीच ग्रामीणों के साथ लड़ाई झगड़े की स्थिति आ जाती है तो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह जिम्मेवार होगा। क्योंकि उन्हें हम पहले ही आगाह कर चुके हैं कि वह गांव में न आए।

### अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों को किया जा रहा परेशान : मिलखी राम



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने बुधवार को पल्ली में प्रेसवार्ता में कहा राष्ट्रीय संपत्ति पौंग वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों को परेशान किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऐसी ही घटना देहरा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत गुलेर निवासी शवनम नामक महिला के साथ घटी है, जिसने बर्ड सैंक्चुरी एरिया में अवैध गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ आवाज उठाई थी। माफिया द्वारा पहले उसके पति की पिटाई की गई। उसके बाद स्थानीय पटवारी द्वारा उसके मकान को सरकारी भूमि में दर्शाकर एक सप्ताह के भीतर खाली करने का नोटिस भेज दिया गया। जहां तक की पटवारी को उक्त नोटिस भेजने का अधिकार ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी राष्ट्रीय संपत्ति क्षेत्र में हो रहीं अवैध गतिविधियों को बंद करवाने के लिए शुरू किए गए आंदोलन के साथ जुड़े लोगों को धमकाने का प्रयास करेगा इसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में जाएगी।

### स्टूडेंट्स ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली




ज्वालामुखी। ज्वालामुखी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने सड़क सुरक्षा रैली निकाल कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अतिरिक्त थाना प्रभारी नाजर सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग तथा बिना सीट बेल्ट पहने चार पेहिया वाहन और नशा करके कोई भी वाहन न चलाने को सख्त हिदायत दी। सड़क नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टरों के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या मीना कुमारी ने बताया कि रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा छात्रों को जागरूकता कैंप लगाए जाते हैं। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत करवाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)

## थुरल स्कूल की समृद्धि भाषण और आकृति एकल नृत्य में जिले में प्रथम

**राकेश डोगरा, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल की समृद्धि ने दो दिवसीय जिला स्तरीय बाल मेला में भाषण प्रतियोगिता में व एकल नृत्य में आकृति ने पूरे जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह बाल मेला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल (ब्वॉयस) गरली (प्रागपुर) में 27 से 28 जनवरी 2025 तक हुआ। इस बाल मेले में जिला कांगड़ा के प्राइमरी व अप्पर प्राइमरी के 23 शिक्षा खण्डों के प्रतिभागियों ने अलग अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्कूल पहुंचने पर दोनों लड़कियों का भव्य स्वागत किया गया व इन्हें सम्मानित भी किया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने इसे स्कूल व समस्त क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया व दोनों लड़कियों के माता पिता, समस्त स्कूल व क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस जीत का पूरा श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत व स्कूल की अध्यापिकाओं विशेषकर सभ्या कुमारी व अर्चना राणा को दिया। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुपम बाला के अतिरिक्त प्राध्यापक लेख राज, प्रवीण कुमार, राजीव चौधरी, वरुण शर्मा, मनोज कुमार मेहरा, पूजा शर्मा, तमन्ना राणा, सीमा धीमान, अर्चना राणा, रितु डोगरा, सुरेश कुमार, अनीता कुमारी, कमल किशोर, सभ्या कुमारी, राजीव राणा, कृतिका वर्मा, गौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## दो देसी कट्टे और छह जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

जीआरपी थाना पठानकोट के प्रभारी सुखविंद्र सिंह सरां ने बताया कि पठानकोट कैंट स्टेशन पर एएसआई पलविंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम चेकिंग कर रही थी। इसी बीच ट्रेन से उतरे एक युवक की हरकतों को देख कर उस पर शक हुआ। युवक को रोकने पर जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें दो देसी कट्टे व छह जिंदा कारतूस बरामद हए। इसके बाद उस पर 25-54-59 आर्मस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी की पहचान कृष्ण निसाद उर्फ कृष्णा (22) निवासी जबरोधपुर, ग्रेटर कैलाश साउथ पुरी दिल्ली के रूप में हुई है। काफी समय पहले ही उसके माता-पिता की मौत हो गई थी। वह अपने नाना के पास ही रहता था। दिल्ली में एक व्यक्ति ने उसे सामान दिया और कहा कि वह इसे जम्मू में डिलीवर कर देगा तो उसे मेहनतनामा मिल जाएगा। इसी लालच में वह कोरियर लेकर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

### टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, नगरी।** हेल्थ ब्लॉक गोपालपुर में 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी गतिविधि का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र डाढ में ब्लॉक गोपालपुर के आरबीएसके टीम द्वारा 100 दिन टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई।

## प्रदेश सरकार नशा माफिया पर अकुंश लगाने में असफल : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की वर्ष 2025 की प्रांत कार्यकारिणी बैठक संगठनात्मक जिला नालागढ़ सोलन में संपन्न हुई। प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिपूर्ण वातावरण के लिए और सदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है। लेकिन सरकार की नीतियों से न केवल प्रदेश की सकारात्मक छवि धूमिल हो रही है, बल्कि प्रदेश के संसाधनों का भी दुरुपयोग हो रहा है। बुधवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा सत्ता में आने से पहले जो 10 गारंटियां दी गई थी, उसमें से एक भी गारंटी सरकार प्रभावी रूप से पूरी नहीं कर पाई है। सरकार द्वारा युवाओं को 5 लाख रोजगार देने का वादा किया गया था लेकिन पिछली सरकार द्वारा स्वीकृत पदों को भी अभी तक नहीं भरा गया है। प्रदेश में नशा माफिया दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है लेकिन प्रदेश सरकार नशा माफिया में अकुंश लगाने में भी असफल होती नजर आ रही है।

## खजाना खाली और सरकार कर रही करोड़ों के शिलान्यास : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



भाजपा सोशल मीडिया शाहपुर मंडल संयोजक वीरेंद्र शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर चुनावों के समय किए वादे को पूरा न करने को लेकर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठ बोल कर सत्ता हासिल की है। अब हिमाचल का हर व्यक्ति खुद को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि खजाना खाली है और सुक्खू सरकार करोड़ों रुपए के शिलान्यास कर रही है। कांग्रेस ने चुनावों से पहले महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन अभी महिलाओं को एक भी रुपया नहीं दिया है। युवाओं को पांच लाख नौकरियों देने का वादा किया था, लेकिन इस समय हिमाचल के बेरोजगार युवा अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। सभी आउटसोर्स पर रखे कर्मचारी ठगे महसूस कर रहे हैं। किसानों से गाय और भैंस के दूध के रेट डबल रेट करने का वादा किया था। लेकिन वह भी नहीं किया गया।

वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पहले हर घर को 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा किया था, लेकिन इस पर भी कुछ काम नहीं किया। हिमकेयर कार्ड से गरीबों का इलाज बंद कर दिया गया है। वहीं, डिपुओं में राशन समय पर नहीं मिल रहा है तथा अस्पतालों में मरीजों को दवाइयां तक नहीं मिल रहीं हैं। कुल मिला कर जनता का इस सरकार से मोह भंग हो चुका है।

**जागरूकता** जदरांगल स्कूल के विद्यार्थियों ने पद्दर गांव तक निकाली जागरूकता रैली

## वाहन चालकों को बताए सड़क सुरक्षा नियम

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जदरांगल में बुधवार को सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विद्यालय से पद्दर गांव तक निकाली

- **स्कूल में पोस्टर मेकिंग नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी करवाईं**

गई। इसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में नारा लेखन, पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा माह योजना की नोडल ऑफिसर कीर्ति शर्मा और विद्यालय




के स्टाफ सदस्यों तथा छात्रों ने टैक्सी स्टैंड पर जाकर टैक्सी चालकों और वहां से गुजरते हुए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया तथा उन्हें रोड सेफ्टी ब्राउजर भी वितरित किए। सड़क सुरक्षा माह के विषय में युवाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस चौकी योल से स्टेशन ऑफिसर जितेंद्र कुमार और मस्त राम आए।

उन्होंने छात्रों को दुर्घटनाओं को कम करने और वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करने की जानकारी दी। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यवाहक प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा, सुरक्षा समिति कीनोडल ऑफिसर कीर्ति शर्मा, कमेटी सदस्य नीलम कुमारी, मोनिका कंवल, रवि कुमार, निशा नैहरिया और सरिता कुमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## चीन की मेगा बांध परियोजना से भुगतने पड़ सकते हैं गंभीर परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**

निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेनपा त्सेरिंग ने तिब्बती पठार के भू-राजनीतिक और सामरिक महत्व पर जोर देते ब्रह्मपुत्र नदी पर पीआरसी की प्रस्तावित मेगा बांध परियोजना पर भी संक्षेप में चर्चा की गई। इसमें तटवर्ती समुदायों के लिए गंभीर पारिस्थितिक और सामरिक परिणामों की चेतावनी दी गई है। क्षेत्र की भूकंपीय संवेदनशीलता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के बड़े पैमाने पर निर्माण से जोखिम और बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि तिब्बत के डिंगरी क्षेत्र में हाल ही में आया विनाशकारी भूकंप उन प्राकृतिक आपदाओं की एक कड़ी याद दिलाता है जो इसके बाद आ सकता हैं। इस क्षेत्रीय चिंता से परे उन्होंने 16वें कशाग के तहत पूर्ण और चल रही पहलों पर एक अपडेट प्रदान किया, जबकि दलाई लामा के दूरदर्शी नेतृत्व को स्वीकार किया। उन्होंने तिब्बतियों की पुरानी पीढ़ियों के लिए भी गहरी प्रशंसा व्यक्त की, जिनके प्रयासों ने संपन्न तिब्बती निर्वासित समुदाय की स्थापना में मदद की, जिसने एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली का निर्माण किया है और मध्य मार्ग नीति के माध्यम से तिब्बती स्वतंत्रता की बहाली की वकालत करना जारी रखा है। सिक्योंग ने इस अवसर पर भारत सरकार और लोगों, विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश के नेतृत्व को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने तिब्बती निवासियों से स्थानीय आबादी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने और स्थानीय कानूनों का पालन करने का आग्रह किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कविता व मॉडल प्रदर्शनी में बड़ाई स्कूल अव्वल



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में आयोजित जिला स्तरीय बाल मेला प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बड़ाई के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न गतिविधियों में 23 शिक्षा खंडों के लगभग 1250 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। इसमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला बड़ाई के दो बच्चों ने दो गतिविधियों कविता वाचन व विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में भाग लिया। कविता वाचन में कक्षा तीसरी के छात्र चिराग चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दूसरी ओर विज्ञान प्रदर्शनी में पांचवी कक्षा की छात्रा दिव्यांशी चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व अपने गांव का नाम रोशन किया है। पाठशाला के इस प्रदर्शन से पूरे गांव में खुशी की लहर है। स्कूल की मुख्याध्यापिका सीमा सूद ने इस उपलब्धि पर बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

### दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा गिर रहा खंभा



**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** मैक्लोडगंज के मुख्य चौक पर दूरसंचार विभाग का एक खंभा कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। गिरने के कगार पर खड़े इस खंभे पर सभी की नजर तो है, मगर दूरसंचार विभाग ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है। प्रतिदिन यहां भारी संख्या में पर्यटक व स्थानीय लोग खड़े रहते हैं, ऐसे में कभी भी यह खंभा किसी के ऊपर गिर सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस खंभे को हटाने की भी मांग की, मगर अभी तक दूरसंचार विभाग द्वारा उसे हटाया नहीं गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि गिरने के कगार पर इस खंभे को हटाया जाए।

### नवनिर्मित एकांत पार्क का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर 5 में नवनिर्मित एकांत पार्क का उद्घाटन रेणु शर्मा अध्यक्ष नगर परिषद कांगड़ा द्वारा किया गया। यह पार्क स्थानीय युवाओं और बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है, जहां वे अपने खाली समय का सदुपयोग कर सकते हैं। रेणु शर्मा ने कहा कि इस पार्क में विभिन्न प्रकार के ओपन एयर जिम उपकरण और बच्चों के लिए झूले भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं और बच्चों को नशे और अन्य असंवैधानिक कार्यों से दूर रखना है। इस पार्क के निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिलेगा, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करेगा। इस उद्घाटन समारोह में वार्ड पार्षद सौरभ चौधरी, उपाध्यक्ष राज कुमारी, सुमन वर्मा, अशोक शर्मा, मनोनीत पार्षद अनिल कुमार, राकेश, संजीव गुप्ता, कार्यकारी अधिकारी चमन लाल व जई अक्षय भाटिया, आशीष शर्मा, नप कर्मी ब वार्ड 5 के लोग मौजूद रहे। यह पार्क स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन होगा, जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और समृद्धि में योगदान करेगा।

# जयसिंहपुर क्षेत्र के विकास में नहीं रहेगी कोई कमी : डॉ. राजीव भारद्वाज

## कहा, पांच-छह पंचायतों को मिलाकर उनके केंद्र में बनाया जाएगा एक सामुदायिक भवन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-छह पंचायतों को मिलाकर उनके केंद्र बिंदु में एक सामुदायिक भवन बनाए जाने के लिए विचार किया जा रहा है, ताकि गांवों की गरीब जनता को विवाह आदि किसी भी समारोह के लिए भारी-भरकम राशि खर्च न करनी पड़े। ये शब्द बुधवार को कांगड़ा-चंबा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी जीत के बाद पहली बार पहुंचने पर जनता का धन्यवाद करने के पश्चात हारसी, बालकरूपी व पंचरुखी में लोगों को संबोधित करते हुए कहे।



सांसद ने कहा, 'मैंने निर्णय लिया है कि चार महीनों में एक-एक दिन हर विधानसभा में ही रहूंगा। जनता ने जो वोटरूपी कर्ज मेरे सिर पर दिया है, वह कर्ज मेरे सर से कभी न उतरे व हमेशा मुझे मिलता रहे व मैं आपका सेवक बनकर आपके चरणों में आपकी सेवा करता रहूं।' उन्होंने कहा कि आम कार्यकर्ता की अपने नेता से क्या उम्मीद होती है उससे मैं परिचित हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह एक कार्यकर्ता रहा हूं। मैंने वोट मांगते वक्त जनता से वादा किया था कि जीतने के बाद एक सेवक के रूप में आपके पास आऊंगा, लेकिन मुझे आने में थोड़ी देरी हुई है उसके लिए मैं क्षमा चाहूंगा। मैंने प्रण लिया है कि मेरा जो भी जीवन है वह आपके लिए ही समर्पित रहे व सत्ता का यह नशा मेरे दिल में ही रहे दिमाग में कभी न जाए। सांसद बनने के बाद कुछ लोग अपने आप को महाराज बना लेते हैं, लेकिन मैं महाराज नहीं, बल्कि एक सेवक बनकर रहूंगा। उन्होंने कहा कि पठानकोट-मंडी फोरलेन का कार्य जो कछुआ चाल से चला हुआ था उसके संबंध में वे व्यक्तिगत रूप से नितिन गडकरी से मिले व संबंधित अधिकारियों से बात करके कार्य में तेजी लाने के आदेश जारी करवाए। उन्होंने कहा कि बतौर सांसद उनका यह प्रयास है कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की दृष्टि से कोई कमी न रहे।

इस अवसर उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके विकास कार्यों को पूरा करने का भरोसा दिया।

### प्रदेश सरकार वादे निभाने में नाकाम: रविंद्र धीमान

पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में खनन माफिया काफी हावी हो चुका है व विकास कार्य भी ठप पड़ गए हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था का भी दिवाला पिट चुका है। जनता से किए गए वादों को निभाने में वर्तमान प्रदेश सरकार नाकाम साबित हुई है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रागनी रखवाल, किसान मोर्चा अध्यक्षअजय पठानिया, आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष पंचरुखी उपा राणा, मंडल अध्यक्ष जयसिंहपुर देवेंद्र राणा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष कुलवंत राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम रतन शर्मा, कर्नल दीवान चंद, राजेश सुग्गा, आदर्श सूद, अश्वनी धीमान, शिवा कटोच, सुनील चौधरी, विनीत भारती, धर्मेंद्र सिंह, अजय राणा, राजू डोगरा, सुकन्या डोगरा, विनता कटोच, सुनीता धीमान, सरस्वती जरयाल, शकुंतला देवी, रणवीर, अशोक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके उपरांत उन्होंने बालकरूपी मंदिर में माथा भी टेका।

# पालमपुर में जनता त्रस्त विधायक ताला लगाने में मस्त : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बुधवार को पालमपुर क्षेत्र बदहाली को लेकर पत्रकारों से चिंता व्यक्त की है। कपूर ने कहा कि पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल कि ताला विधायक के रूप में जनता बिलकुल सही चर्चा कर रही है, क्योंकि जिस प्रकार से उनके कमजोर और लापरवाह नेतृत्व के कारण विधायक बनते ही काऊ सेंक्चुरी, विकासखंड पालमपुर, जल शक्ति विभाग उपमंडल बनूरी, आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी टांडा का स्वास्थ्य उपकेंद्र पर ताला लगा था वह क्रम आगे भी बढ़ता चला है। भाजपा नेता कपूर ने कहा कि ताला कार्यक्रम यही नहीं थमा नगरी क्षेत्र के आसपास की 16 पंचायतों से संबंधित कृषि विकास अधिकारी और बागवानी प्रसार अधिकारी के चले हुए कार्यालय भी पिछले 2 साल से बंद पड़े हैं अर्थात उन पर पूरी तरह से ताला लगा हुआ है। जिन कार्यालयो में किसानों को विभिन्न योजनाओं से सस्ते दर पर बीज कीटनाशक दवाइयां सोलर फेंसिंग के लिए अनुदान सिंचाई के लिए टंकी और पाइपे वह नर्सरी के पेड़ पौधे इत्यादि मिलते थे, आज सभी सुविधाएं पूरी तरह से बंद है जब से कार्यालय में ताले लगे हुए तब किसान और बागवान कहां जाएं। लगातार पिछले दो वर्षों से दोनों कार्यालय के तालों से दुखी होकर क्षेत्र की जनता विधायक और संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से पत्र के माध्यम से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन किसी ने भी किसान और बागबानों के इस दर्द को नहीं सुना है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री और बागवानी मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से आग्रह करेंगे ताकि इन दोनों कार्यों का ताला और क्षेत्र की जनता को पहले की तरह नियमित रूप से कृषि और बागवानी क्षेत्र में सुविधा प्राप्त हो सके। आज स्थानीय विधायक की लापरवाही से सर्जरी का कोई भी डॉक्टर नहीं है। मेडिसिन का 1 डॉक्टर चाइल्ड स्पेशलिस्ट 1 स्किन का मात्र 1 डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहा है।

# पठानिया ने किया ई-क्लीनिक का शुभारंभ

## बोले, धर्मशाला की लोगों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक (केसीसीबी) के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने एम-स्वास्थ्य और केसीसीबी के सहयोग से धर्मशाला में सेंटर प्वाइंट होटल के नजदीक ई-क्लीनिक का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सुलभ बनाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एम-स्वास्थ्य और केसीसीबी का यह सहयोग, प्रौद्योगिकी-सक्षम ई - क्लिनिकों के माध्यम से किफायती और



सुलभ चिकित्सा परामर्श, डायग्नोस्टिक सेवाएं और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

एम-स्वास्थ्य के साथ इस सहयोग के माध्यम से हम स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों को दूर कर, हिमाचल प्रदेश के लोगों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-क्लिनिक पारंपरिक स्वास्थ्य सुविधाओं के बोझ को कम करने और लोगों को अपनी सेहत का प्रभार लेने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की विभिन्न जगहों पर आज सात ई-क्लिनिक का शुभारंभ हुआ है जिसमें कुल्लु, हमीरपुर, नादौन, उना, देहरा, नुरपुर तथा धर्मशाला में ई-क्लीनिक आरंभ हो गए हैं। इससे पहले एम-स्वास्थ्य के प्रतिनिधि देबल ऋषि बनर्जी और अनूप पराशर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए ई-क्लीनिक के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जीएम राकेश शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# 53 लाख बिल न देने पर कटा तहसील ऑफिस का कनेक्शन

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

विद्युत विभाग ने बुधवार को तहसीलदार कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया। लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान न किए जाने के बाद बिजली विभाग ने यह कार्रवाई अमल में लाई। विभाग के सहायक अभियंता भूपिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि तहसील कार्यालय नूरपुर की 53 लाख से ज्यादा के बिल की अदायगी थी, जिसे लेकर पिछले एक साल से विद्युत विभाग तहसील कार्यालय को कई बार नोटिस भी दे चुका है। हाल ही में 5 दिसबंर को भी

**एसडीएम कार्यालय का भी 42 लाख का बिल पेंडिंग**

तहसील कार्यालय को नोटिस भेजा गया लेकिन बिल का भुगतान नहीं किया गया जिस कारण आज तहसील कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। उन्होंने कहा कि एसडीएम कार्यालय का भी बिजली बिल 42 लाख पेंडिंग है, जिसे लेकर उनको नोटिस भेज दिया गया और अगर उन्होंने भी जल्द बिजली का भुगतान नहीं हुआ तो एसडीएम कार्यालय का भी कनेक्शन काट दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## किसानों को सब्जी और गेहूं की फसल के लिए बारिश का इंतजार

# शीतहवाओं से जिले में एक बार फिर बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में बुधवार को सुबह आसमान में बादलों ने डेरा जमाया तो मौसम फिर से काफी ठंडा हो गया है। दिन का तापमान और दिनों की अपेक्षा कम दिखा। शीतल हवाओं के साथ ठंड का भी अधिक हो गई है। सुबह से ही तेज हवा चलने लगीं तो सर्दी का मिजाज और दिन की अपेक्षा कुछ बढ़ा दिखा।आसमान पर बादलों के जमने से सूरज के दर्शन भी लोगों को नही हुए जिससे फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों की बात करें तो दिन के समय लोगों को तेज धूप का सामना करना पड़ गया था, जिससे दिन के समय लोगों को हल्की गर्मी का एहसास होने लगा था, परंतु बुधवार को आसमान में बादल छाने के कारण कांगड़ा घाटी फिर से शीतलकर की चपेट में आ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में अगले तीन दिनों तक बारिश तथा पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार हैं। इस दौरान उत्तर पश्चिम की तरफ से बढ़ने वाली तेज हवाओं से भी मौसम सर्द रहेगा। बदलते मौसम में डॉक्टरों ने सांस के मरीज के साथ ही बच्चों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। दिन भर बादल रहने के कारण एक बार फिर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। किसानों को सब्जी व गेहूं की फसल के लिए वर्षा का इंतजार है, क्यों वर्षा न होनें के कारण एक बार फिर से सूखे से हालात पैदा हो गए है। कोहरे के कारण खेतों में उगाई गई गेहूं की फसल पीली पड़नी लग पड़ी है। वहीं वर्षा न होने के कारण नदियां सूख चुकी है जिसके कारण लोगों को पीने के पानी की दिक्क्तों से सामना करना पड़ रहा है। चंगर क्षेत्रों के हालात अभी से बत्तर होना शुरु हो चुके हैं। लोगों को मानना है कि अगर पहाड़ों पर बर्फबार नही हुइ तो गर्मियों में पीने के पानी की भारी किल्लत होगी जबकि सूखे के कारण इसका असर खेतों पर भी पड़ता नजर आएगा। हालांकि मौसम विभा की मानें तो 30 जनवरी और 2 फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं 31 जनवरी ,1 और 3 फरवरी को हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी के आसार हैं।

# मतलाहड़ की डॉ . अदिति का आईजीएमसी शिमला में चयन

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली के गांव मतलाहड़ की बेटी डॉक्टर अदिति आईजीएमसी शिमला में बतौर MS/MD OBSTETRICS AND GYNAECOLOGY चयनित हुई हैं। उनकी माता सुनीता रानी गवर्नमेंट स्कूल में लेक्चरर और पिता चंद्रशेखर केसीसी बैंक में एजीएम के पद पर कार्यरत है। डॉ. अदिति ने पिछले साल ही एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की तथा पहले प्रयास में ही अपनी पूरी लगन तथा मेहनत से अपरोक्त परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली। डॉक्टर अदिति चौधरी स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली की छात्रा रह चुकी हैं तथा इसने यही से 12वीं में मेडिकल की परीक्षा बहुत अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण की थी। यह पहली छात्रा है, जिसने MS/MD Obstetrics and Gynaecology टेस्ट



उतीर्ण किया है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर डॉक्टर अदिति ने स्कूल का ही नहीं, बल्कि पूरी जवाली सिटी का नाम भी रोशन किया है। डॉक्टर अदिति ने इसका सारा श्रेय अपने माता-पिता तथा स्कूल के स्टाफ को दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल तथा एसएमसी मेंबर्स ने अदिति को बधाई दी तथा साथ ही उसकी खुशी को दोगना करते हुए उसे इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# हिमाचल को ठगने के बाद झूठों की टोली दिल्ली को ठगने पहुंची : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की जनता को 10 झूठी गारंटियों का सब्जबाग दिखाकर ठगा और अब यही ठगों की जोड़ी दिल्ली में नया खेल रच रही है। कांग्रेस की चुनाव प्रभारी रहीं अलका लाम्बा, जो अब दिल्ली के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी हैं, ने हिमाचल में झूठे वादों की पटकथा लिखी थी।



वहीं, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, जो अपनी ही नाकामी छिपाने के लिए दिल्ली में प्रचार में लगे हैं, अब अपने झूठ का ढोल पीट रहे हैं। प्रदेश की जनता इस बात से भलीभांति परिचित है कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही अपने वादों को पूरा करने की बजाय प्रदेश को आर्थिक संकट में धकेल दिया। महज दो वर्षों में

**कहा, लांबा और सुक्खू की जोड़ी ठगी की राजनीति का नया अध्याय**

सुक्खू सरकार ने हिमाचल पर 30,000 करोड़ रुपए का भारी-भरकम कर्ज लाद दिया। यह आंकड़ा चौंकाने वाला इसलिए है क्योंकि वीरभद्र सिंह सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में 27,000 करोड़ और पूर्व जयराम ठाकुर सरकार ने पांच वर्षों में 23,000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था, लेकिन तब प्रदेश में विकास कार्य निर्बाध रूप से चलते रहे।

इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार को अब 'तालाबंदी सरकार' कहा जाने लगा है, क्योंकि इसने विकास कार्यों को रोकने का ही काम किया है। कांग्रेस की गलत नीतियों और फिजूलखर्ची ने हिमाचल की अर्थव्यवस्था को गर्त में डाल दिया है। सरकारी खजाना खाली हो गया है और विकास कार्यों के लिए धन नहीं बचा है। सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और अब जनता का ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री दिल्ली में जाकर कांग्रेस उम्मीदवार के प्रचार में जुटे हैं। अलका लाम्बा और सुक्खू की जोड़ी झूठ और ठगी की प्रतीक बन चुकी है। जिस तरह इन्होंने हिमाचल के भोले-भाले लोगों को गुमराह किया, उसी तरह अब दिल्ली की जनता को भी छलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का पूरा अस्तित्व ही झूठे वादों और गुमराह करने की राजनीति पर टिका हुआ है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की असलियत जनता के सामने आ चुकी है और अब दिल्ली की जनता को भी इस ठगी से सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार को माफ नहीं करेगी और आने वाले चुनावों में कांग्रेस को इसका कड़ा जवाब मिलेगा।

# अंबाड़ी में स्थायी पटवारी न होने से फूटा लोगों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पटवार सर्किल अंबाड़ी में स्थायी पटवारी न होने से क्षेत्र के लोगों को आपने कार्य करवाने में दिक्कते पेश आ रही हैं। अंबाड़ी का पटवारी गत माह रिश्वत लेते पकड़ा गया है, जिसे विभाग नें निलंबित कर दिया है तथा विभाग नें पटवार सर्किल घोड़ब के पटवारी को अंबाड़ी पटवार सर्कल का चार्ज दिया है, जो कि सप्ताह में दो दिन अंबाड़ी में बैठ कर लोगों के राजस्व सबंधी कार्य निपटाता है। बुधवार को पटवारी के समय पर न पहुंचने पर क्षेत्रवासी भड़क उठे। इससे कुछ देर बाद पटवारी वहां पर पहुंच गए। गांववासी उत्तम वालिया, जागीर सिंह, राजेश कुमार, बलदेव सिंह, रमेश चंद, पिंकी कपूर, राजिंदर कुमार, संतोष कुमार, विक्रम, प्रमोद कुमार व राम लाल ने कहा कि अंबाड़ी पटवार सर्कल बहुत बड़ा सर्किल है तथा सप्ताह में दो दिन पटवारी के आने से लोगों के कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि अंबाड़ी में स्थायी पटवारी तैनात किया जाए।



# परौर-धीरा-नौरा से पुढ़वा तक जाने वाली सड़क लोकार्पित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बुधवार को परौर-धीरा-नौरा होते हुए पुढ़वा तक जाने वाली सड़क को जनता को समर्पित कर दिया। संजय सिंह चौहान ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित परौर में एक कार्यक्रम में बताया कि लगभग 20 किलोमीटर लंबी इस सड़क का विस्तारिकरण कार्य मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कर कमलों द्वारा 14 मार्च 2024 को इस सड़क का उद्घाटन किया था। लगभग एक साल की अवधि में कार्य को गति प्रदान कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने आज यह सड़क औपचारिक रूप से जनता को सौंप दिया। संजय सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि बेशक भाजपा हिमाचल का खज़ाना खाली कर गई और लगभग 90 हजार करोड़ का कर्ज प्रदेश पर छोड़ गई है फिर भी यह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का तेज ही है जो व्यवस्था परिवर्तन का उपयोग कर प्रदेश में विकास की गति को बढ़ाते जा रहे हैं। चौहान ने आगे कहा कि 21.75 करोड़ की लागत से बनाई गई यह डबललेन एम डी आर सड़क परौर से धीरा नौरा होते हुए पुढ़वा तक एक जीवन दायनीय सड़क का कर्तव्य निभाती है। चौहान ने यह भी कहा कि इसी सड़क के जीर्णोद्धार से नौरा और पुढ़वा जैसे दुर्गम स्थानों को दैनिक गति मिली है जिससे व्यापार और आर्थिकी में भी बहुत अधिक मात्रा में उत्थान हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 15 सूत्री जिला कमेटी के सदस्य सिरिल चंद्र, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मनोज सूद, कनिष्ठ अभियंता संजय धीमान, प्रधान रोजी राणा, पूर्व प्रधान व पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता सरवन सिंह व अन्य मौजूद रहे।

**निर्देश** सरकारी अस्पतालों में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के रोगियों को दें प्राथमिकता

# हेल्थ पर हर स्कूल में करवाएं दो सेशन: एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेशन नियमित तौर पर आयोजित किए जाएंगे तथा सभी स्कूलों में हर महीने इस प्रकार के कम से कम दो सेशन होने चाहिए तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार करना चाहिए ताकि जिन बच्चों में प्रारंभिक तौर पर किसी बीमारी के लक्षण पाए जाएं उनका सही समय पर उपचार भी संभव हो सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रोगियों को सभी सरकारी अस्पतालों व मेडीकल कालेज टांडा में प्राथिकत्ता के आधार पर उपचार मुहैया करवाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी व टांडा मेडिकल कालेज के एचओडी बाल विशेषज्ञ को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम 30 चिन्हित बीमारियों के लिए 0 से 19 साल तक बच्चों का इस प्रोग्राम के अंतर्गत मुफ्त निदान एवं उपचार किया जाता है अत: यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा बिना उपचार के ना रहे।

एनआईसी के सभागार में जिला स्तरीय स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 19 नई दिशा केंद्र आरंभ किए गए हैं इसमें किशोर किशोरियों के लिए काउंसलिंग तथा क्लीनिकल सर्विसेज उपलब्ध करवाई जाती हैं इन सर्विसेस को देने के लिए इन नई दिशा केंद्रों में प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है इस बारे में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि वह इस सुविधा का लाभ उठा सकें हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने विभाग को प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षित टीचर का डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान विषय के सभी शिक्षक हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर के रूप में ट्रेंड होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग अप्रशिक्षित शिक्षकों का भी डाटा तैयार करे और चरणबद्ध तरीके से सभी को हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर बनने का प्रशिक्षण दिया जाए।

उन्होंने कहा कि छठी से 12वीं कक्षा तक के सभी बच्चों के लिए प्रत्येक स्कूल में सुझाव पेटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के मन में किसी भी प्रकार की शंका या सुझाव हो तो वह कागज में लिख कर सुझाव पेटी में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के सुझाव पर अगले सेशन में उस विषय के पर चर्चा हो सके, ऐसी प्रथा स्कूलों में विकसित हो। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति की सराहना की।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराधा, बाल विशेषज्ञ डॉ. सीमा (एचओडी पीडियाट्रिक्स टांडा), उप निदेशक उच्च शिक्षा, उपनिदेशक एलीमेंट्री शिक्षा, डीपीओ आईसीडीएस-अशोक शर्मा, डाइट अधिकारी, उप निदेशक समग्र शिक्षा, आदि उपस्थित थे।

# सुक्खू सरकार नहीं बना पाएगी उतरला-होली सड़क : प्रेमी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने कहा कि उतरला-होली सड़क बनाना कंगाल हो चुकी इस प्रदेश सरकार के बस का काम नहीं है। वह बुधवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत बूथ नंबर 79 में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम 29 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक बूथ स्तर तक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उतरला होली सड़क मार्ग उनका विधायक बनने के बाद पहला ड्रीम प्रोजेक्ट है तथा यह अवश्य पूरा होगा इसके लिए बह अति शीघ्र केंद्र सरकार से धन उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि इस सड़क मार्ग की सारी औपचारिकताएं उन्होंने विधायक रहते ही पूरी करवा दी थी वर्तमान विधायक केवल मात्र झूठी बाहबाही लूटने के लिए इसका श्रेय ले दे। इसके लिए लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज तथा राज्यसभा से सांसद इंदु गोस्वामी ने इस सड़क मुद्दे के महत्व को दिल्ली सरकार तक पहुंचा दिया है इसके लिए भी उनका धन्यवाद करते हैं। अफसोस जारी करते हुए कहा कि जिस लोहर कूहल बैजनाथ के स्वच्छ पानी की मिसाल विधानसभा में दी जाती थी पर वर्तमान सरकार की लापरवाही के चलते आज कूहल में पानी की जगह गंदगी का साम्राज्य बन चुका है ।बिना पानी के हमारे किसान भाई अपने खेतों में फसलें नहीं बीज पा रहे हैं तथा सारे खेत बंजर होने लगें है। पूर्व विधायक ने कहा कि अगर अति शीघ्र इस कूहल में स्वच्छ पानी आपूर्ति उपलब्ध नहीं की गई तो जल शक्ति विभाग के कार्यालय का घैराब किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर अनिल अवस्थी चेतन कबर सुनील चौहान सुमित अवस्थी रोहित कौशल गुलशन शर्मा तथा भारी संख्या में महिला शक्ति भी मौजूद थी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना दुखदः सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ की घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से इस हादसे के कारण जान गंवाने वाली दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने तथा परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने हादसे में चोटिल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### छह स्वयंसेवियों ने लिया गणतंत्र परेड में हिस्सा



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी के छह राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गिरधारी लाल ने बताया कि यह विद्यालय एवं समूचे क्षेत्र के लिए बड़े ही गौरव का विषय है कि एक विद्यालय जिसमें की राष्ट्रीय सेवा योजना की आधी इकाई काम कर रही है तथा इस आधी इकाई में से भी छह विद्यार्थियों पीयूष, अंकित, दीपांश, उपेंद्र, नम्रता, तथा स्मृति ने क्रमशः स्कूल स्तरीय, खंड स्तरीय, जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय व मेगा कैंप तथा प्री-आरडी और गणतंत्र दिवस परेड तक का चयन होने का सफर तय किया। प्रधानाचार्य चंपा वर्मा ने सभी स्वयंसेवियों सहित कार्यक्रम अधिकारी को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### वॉलीबाल में डोगरा स्पार्टन बना चैंपियन




**सपना सूद-चौपाल/नेरवा।** युवा ग्राम विकास, खेलकूद एवं सांस्कृतिक सभा शिल्ला भराणू द्वारा आयोजित 33वें भराणू उत्सव में इस वर्ष पहली बार अप्पर हिमाचल के पौराणिक खेल ठोडा को शामिल किया गया। चार दिन तक चले उत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ समापन हुआ। इस दौरान प्रथम दिन ठोडा के मुकाबले आयोजित किए गए। ठोडा दल थुंदल ने चमसान ब्रदर्स शिल्ला को हरा कर फाइनल में जीत दर्ज की। विजेता टीम को 15,555 रुपए एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 7 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की गई। कबड्डी का फाइनल मैच में शान-ए-रियासत थरोच ने यंग ब्वॉयज थरोच को पटकनी देकर ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि वॉलीबाल में डोगरा स्पार्टन खशधार ने स्पोर्ट्स हब करासा को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। विजेता व उपविजेता टीमों को क्रमशः 55,555 रुपए व ट्रॉफी तथा 25 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा भी कई प्रतियोगिताएं करवाई गईं। क्लब के टूर्नामेंट निदेशक सुधीर हरजेट ने बताया कि उत्सव के चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के नामी लोक कलाकार विनोद रांटा ने एक के बाद एक प्रस्तुतियां पेश कर खूब समां बांधा। उत्सव का शुभारंभ सेवानिवृत्त तहसीलदार एचएल गजटा ने किया, जबकि समापन अवसर पर महेश्वर मंदिर समिति दशौ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान बतौर मुख्यातिथि एवं अमित चौहान सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई तत्तापानी में डुबकी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली तत्तापानी में मौनी अमावस्या की पावन बेला पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ महीने में पवित्र स्नान का विशेष महत्व माना जाता है और इस मौनी अमावस्या तिथि के कारण यह स्नान और भी विशेष हो जाता है। मान्यता अनुसार आज के दिन मां गंगा में स्नान करने के लिए गृहों की स्थिति सबसे अनुकूल होती है। बहरहाल प्रातः से श्रद्धालुओं ने स्नान इत्यादि करना आरंभ कर दिया और तुलादान करवा पुण्य कमाया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बुधादित्य योग के साथ सर्वसिद्धि योग में पुण्य की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। मेले में बच्चों झूले पर भी खूब आनंद लिया।



तत्तापानी में मौनी अमावस्या के मौके पर पवित्र स्नान और तुलादान करवाते श्रद्धालु।

# प्रदेश में पहली बार कांग्रेस की वीरभद्र सरकार ने लिया था ऋण : विनोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के प्रदेश सचिव एवं विधायक विनोद कुमार ने कहा हिमाचल सरकार में मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उसमें उन्होंने पूर्व में जो हमारी सरकार रही है उस के ऊपर तथ्यों से परे, बिलकुल झूठे आरोप लगाने की कोशिश की है। जहां तक हिमाचल प्रदेश के ऋण की बात है तो मुझे ध्यान में है कि प्रदेश के पूर्व में रहे मुख्यमंत्री शांता कुमार जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने हिमाचल प्रदेश को कर्ज से मुक्त किया था, वह पहले मुख्यमंत्री थे शांता कुमार जो इस सोच को लेकर के चले थे कि हमने हिमाचल प्रदेश को कर्ज लिए बिना विकास को गति देते हुए आगे लेकर के जाना है।

विनोद ने कहा कि हिमाचल में अगर ऋण लेने की शुरुआत किसी सरकार ने की है तो वह कांग्रेस पार्टी की वीरभद्र सिंह की सरकार ने की थी। पहली बार ऋण उस वक्त लिया गया जब वीरभद्र मुख्यमंत्री थे और जहां तक बात आती है इस प्रदेश को कर्जे में डुबोने की, तो आप सारे आंकड़ों को निकाल करके देख सकते हो कि किसकी सरकार ने कितना ऋण लिया। ऋण के साथ कितना पैसा उस ऋण के वापस भी किया है, इन सारी चीजों को आप विस्तृत देख सकते हो। पूर्व भाजपा मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल की 2007 से 2012 तक की सरकार बनी, और सरकार ने केवल 7466 करोड़ रुपया ऋण लिया और वह भी प्रदेश के विकास को करने के लिए लिया गया और अगर मैं आप साल 2007 से 2012 तक की सरकार को देखेंगे, चाहे आम जनन मानस की बात हो, चाहे कर्मचारियों की बात हो उसमें आमजन को भी पूरी तरह से खुश करने का काम किया था। आमजन की बेहतरी के लिए काम किया गया था, उस सरकार के माध्यम से और मुझे ध्यान में है क्योंकि मैं उस वक्त राजनीति में नहीं था लेकिन कर्मचारियों को 7-9-14 देने का काम किया था और कर्मचारियों की जो सैलरी सीधे दो गुना हुई गई थी यानी डबल हुई थी। तो वो काम अगर करने का काम किया था, तो प्रो. धूमल की भाजपा सरकार ने करने का काम किया था।

साल 2012 से 2017 तक कांग्रेस पार्टी की सरकार राजा वीरभद्र सिंह के राज में प्रदेश में चली और उस सरकार ने 22947 करोड़ रुपए का ऋण प्रदेश के विकास कार्य के लिए था। उस सरकार के माध्यम से लिया गया और कुल-मिलाकर के इन पाच वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के ऊपर कुल 47966 करोड़ रुपए का ऋण हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की वीरभद्र सिंह की सरकार छोड़ कर के गई थी। 2017 में भाजपा जयराम ठाकुर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने उस समय 5 साल में सरकार ने कोरोना जैसी महामारी के बावजूद केवल 18 हजार करोड़ के लगभग लोन लिया।

# शिमला सब्जी मंडी में मोबाइल चोरी का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला में एक शातिर सब्जी खरीदने मंडी जाता है। इस दौरान चोर दुकानदार का फोन चोरी करता है। यह वारदात 27 नवंबर की है, मगर अब इसकी सीसीटीवी फुटेज सामने आई है, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है।

**युवक ने सब्जी लेते वक्त किया हाथ साफ पुलिस की कार्रवाई पर सवाल**

पीड़ित दुकानदार गुलाब सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को उनकी सब्जी की दुकान पर आए एक व्यक्ति ने चालाकी से सब्जी खरीदने के बहाने 27,000 रुपए का फोन चुरा लिया। चोर ने सब्जी तोलने के दौरान होशियारी करते हुए फोन उठाया और मौके से फरार हो गया।

दुकानदार ने इसकी शिकायत सदर थाना पुलिस को दी। पीड़ित के अनुसार, पुलिस की ओर से अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। गुलाब सिंह ने बताया कि पुलिस का कहना है कि जब चोरी किया गया सिम कार्ड सक्रिय होगा, पुलिस तब कार्रवाई करेगी। उन्होंने पुलिस की गंभीरता पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि चोरी का वीडियो सामने आने के बाद भी पुलिस चोर को नहीं पकड़ पा रही है।

एसएचओ सदर धर्मसेन नेगी ने बताया कि उनके ध्यान में यह मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति को ऐसा कोई शक है तो वह पुलिस थाने आकर शिकायत दें, पुलिस मामला दर्ज कर जांच करेगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शिव मंदिर करिया मोली में हुआ रुद्राभिषेक

**अनंत ज्ञान, शिमला**



चमेरा-2 शिव मंदिर करिया मोली में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें सनातन धर्म मंच के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर सनातन धर्म मंच के जिलाध्यक्ष राकेश विज, मीडिया प्रभारी सोहन सिंह, सचिव कुलदीप शर्मा, सदस्य सुमन सिह बिजलवान, सदस्य सुरिद्र शर्मा, मोहित बिज और अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

इसके अलावा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलम जसपाल भी अपने सदस्यों के साथ इस आयोजन में शामिल हुईं। यह आयोजन सनातन धर्म मंच के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सनातन धर्म के मूल्यों को प्रसारित करने और समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करता है। इस आयोजन के माध्यम से सनातन धर्म मंच ने समाज में धार्मिक एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया है। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा।

### दो युवकों से 25.8 ग्राम हेरोइन बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। स्वारघाट फोरलेन टनल के पास नाके पर एक सफेद ऑल्टो कार से 25.8 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस ने इस मामले में मनाली निवासी राकेश कुमार (28) और पतलीकूहल, कुल्लू के रहने वाले अमित (28) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और इस अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। यह कार्रवाई नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का हिस्सा है।

### लेठवीं से बेला सड़क 28 फरवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और हिमाचल प्रदेश सरकार की 3 जून, 2001 की अधिसूचना के तहत जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर, आबिद हुसैन सादिक द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशों में डिवीजन घुमारवीं में लेठवीं से बेला सड़क पर 28 फरवरी तक वाहनों की आवाजाही बंद करने की अनुमति दी गई है, ताकि सड़क कार्य सुचारु रूप से पूरा किया जा सके। इस अवधि में यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया गया है। दधोल और लदरौर की ओर जाने वाले वाहन इन मार्गों का उपयोग कर सकते हैं। सुमारी से लोअर भपराल रोड होते हुए लंजथा चौक तक आवागमन सुगम रहेगा। बेला की ओर जाने वाले वाहन जेएनएसजी रोड और मोरसिंघी रोड के माध्यम से कसोल पट्टा रोड का उपयोग कर सकते हैं। आमजन से अपील है कि वे इस अवधि में बताए गए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और सहयोग प्रदान करें।

### महाकुंभ के सुख-शांति से संपन्न होने के लिए की प्रार्थना



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** हिमाचल के शक्ति पीठ श्री नयना देवी जी में बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में जो भगदड़ हुई, उसमें घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ ओर मृतकों को आत्म की शांति के लिए ओर महाकुंभ के सुख शांति से संपन्न हो इसके लिए मंदिर में पुजारी वर्ग के द्वारा प्रार्थना की गई। यह प्रार्थना माता जी के प्राचीन हवन कुंड पर की गई। स्थानीय मंदिर के पुजारी पूर्व न्यासी नीलम शर्मा और लक्की शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज में दुखदाई घटना हुई है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो और सुख शांति के सथ यह प्रयागराज का महा कुंभ संपन्न हो। देश के प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के महाकुंभ को शांति पूर्ण संपन्न करने के प्रयास पूर्ण हो। इसके अलावा महाकुंभ में भगदड़ हुई उसमें घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ ओर मृतकों को आत्म की शांति के लिए और महाकुंभ के सुख-शांति से संपन्न होन के लिए माता रानी के चरणों में प्रार्थना की गई।

### बिलासपुर में कवियों ने कविताओं से बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल हिमालय उत्सव बिलासपुर में अंतिम संध्या के दौरान कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर के प्रमुख कवियों ने कविताओं से ऐसा समां बांधा कि दर्शक ताली बजाए बिना न रह सके। इस आयोजन के लिए कईयों ने विकास नगर समिति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्होंने कवियों को अपनी रचनाएं सुनने का अवसर दिया बाद में कवियों को पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बंबर ठाकुर द्वारा सम्मानित भी किया गया उन्हें स्मृति चिन्ह शौर्य और हिमाचली टोपी से सम्मानित किया गया इस कवि सम्मेलन में सबसे पहले सुरेंद्र मिन्हास ने अपनी कैहलूरी रचना में कहा बाटे+बाटे चलूरा था एक नमाना न्याना छेकुरा था झगु पैरा ते था पताना। पहाड़ी के कवि सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक जीतराम सुमन ने भी अपनी बिलासपुरी रचना सुनाई। मंच संचालन कर रहे रवींद्र भट्टा ने नशे के ऊपर चोट करते हुए कहा और मेरा देश फिर स्वस्थ हो उठेगा और फिर कहलाएगा सोने की चिड़िया। राकेश मिन्हास की लाइन भी जबरदस्त थी नफरत का बाजार न बन फूल खिला तलवार न बन। सेवानिवृत्ति जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन सुशील पुंडीर ने कहा व्यासपुर हूं मैं विकास धरा हूं महर्षि व्यास की तपोभूमि मारकंडे की भूमि हूं।

# झंडूता विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही प्राथमिकता : कटवाल

## विधायक ने नैण सलवाड़-मरेटा-दूरघाट सड़क के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास शुरू से ही उनकी प्राथमिकता रही है। इसके मद्देनजर सड़कों का नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। बुधवार को जेजवीं पंचायत में निर्माणाधीन नैण सलवाड़-मरेटा-दूरघाट सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जीतराम कटवाल ने कहा कि इसका काम जोरशोर से चल रहा है। जेजवीं व कलोल पंचायतों को आपस में जोड़ने वाली इस सड़क का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए उन्होंने इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी डाला है। इस सड़क को आगे काली माता मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

जीतराम कटवाल ने कहा कि सड़कों को किसी भी क्षेत्र की भाग्य रेखाएं कहा जाता है। सड़क होने से जहां संबंधित क्षेत्र के विकास में तेजी आती है, वहीं लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा भी मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए गांवों का विकास बेहद जरूरी है। ग्रामीण इलाकों का कायाकल्प भी तभी हो सकता है, जब वे सड़क सुविधा से जुड़ें। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से सड़कों से जोड़ रही है।

जीतराम कटवाल ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए कई सड़कों और पुलों का निर्माण किया गया है। इसी कड़ी में नैण सलवाड़-मरेटा-दूरघाट सड़क का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी डाला गया है, ताकि यह कार्य जल्द पूरा हो सके। उन्होंने लोगों को मौनी अमावस्या की शुभकामनाएं देते हुए उनका आह्वान किया कि वे विकास कार्यों में सहयोग दें। प्रदेश सरकार के नकारात्मक रवैये के बाजवूद केंद्र से बजट की व्यवस्था करवाने में वह कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

# डीसी सादिक की पहल से संतोष कुमारी को मिली सड़क सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला प्रशासन बिलासपुर ने एक और सराहनीय पहल के तहत श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के छडोल गांव की निवासी संतोष कुमारी के लिए आवागमन की राह आसान बना दी है। 78 प्रतिशत दिव्यांग संतोष कुमारी को अपने घर तक सड़क न होने के कारण गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के नेतृत्व में इस मुद्दे को प्राथमिकता से हल किया गया, जिससे अब उनके लिए घर तक पहुंचना संभव हो सका है।

डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति ने सबसे पहले संतोष कुमारी की समस्या उनके समक्ष रखी थी और उसके बाद संतोष कुमारी स्वयं उनसे अपनी समस्या को लेकर मिली थी। उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 120 मीटर लंबी और 8 फुट चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत की और खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद पंचायत द्वारा तेजी से सड़क का निर्माण करवाया गया, जिससे अब संतोष कुमारी को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल गई है। बिलासपुर महिला हॉस्टल में रह रही संतोष सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद पहली बार अपने गांव के लिए रवाना हुईं। इससे पूर्व वे उपायुक्त बिलासपुर के कार्यालय पहुंचीं, जहां उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने उन्हें सम्मानित किया और रेड क्रॉस सोसाइटी की सहायता से उन्हें उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करवाई। वहीं, संतोष कुमारी ने कहा कि उपायुक्त ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया और अब वह अपने घर तक बिना किसी बाधा के आ-जा सकती है। उसने प्रशासन का आभार जताया है।

# कांग्रेस नेताओं को यूसीसी की कोई जानकारी नहीं : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्रियों विक्रमादित्य सिंह और राजेश धर्माणी द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर दिए गए बयानों पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन मंत्रियों को न तो यूसीसी की सही जानकारी है और न ही इसके महत्व का बोध है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि यूसीसी देश की एकता और समानता के सिद्धांत को मजबूत करता है, लेकिन प्रदेश सरकार के मंत्री इसके मूल उद्देश्य को समझने में असफल रहे हैं।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह अपने मंत्रियों को इस संवैधानिक विषय पर उचित जानकारी दे, ताकि वे सार्वजनिक रूप से भ्रामक बयानबाजी न करें। पूर्व मंत्री ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल वोट बैंक की राजनीति कर रही है और यूसीसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी राजनीति करने से नहीं चूक रही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी को लागू कर देश का पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है। इसके तहत कई महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए गए हैं, जिनमें शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, बहुविवाह एवं हलाला पर रोक, विवाह के लिए न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष व लडकों के लिए 21 वर्ष, बेटा-बेटी दोनों को माता-पिता की संपत्ति में समान अधिकार तथा लिव इन रिलेशनशिप से जन्मे बच्चे को भी संपत्ति में बराबर का अधिकार सहित अन्य प्रमुख हैं। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि यूसीसी लागू होने से उत्तराखंड के नागरिकों को कई लाभ मिलेंगे, लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के मंत्री इस विषय पर बिना जानकारी के बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों को सलाह दी कि वे पहले यूसीसी का गहराई से अध्ययन करें और फिर इस पर टिप्पणी करें।

### रौड़ा सेक्टर में आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-।। ने जानकारी दी कि 30 जनवरी को पेड़ों की कांट-छांट व बिजली क नई तारें बिछाने हेतु, रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों रौड़ा सेक्टर- 2 व रौड़ा सैक्टर- 3 में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

### विद्यार्थियों ने किया डाइट जुखाला का भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा के विद्यार्थियों ने डाइट जुखाला का शैक्षिक भ्रमण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। यह जानकारी रघुनाथपुरा विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार कैंथ ने दी।

**सहायता** बीपीएल परिवार को दिए बेड, रजाई, कंबल और धन

# प्रेस क्लब झंडूता ने की गरीब महिला की मदद

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता प्रेस क्लब ने ग्राम पंचायत बलोह में बीपीएल परिवार से संबंध रखने वाली लीला देवी की आर्थिक मदद की। प्रेस क्लब के प्रधान बाबू राम भारद्वाज ने बताया कि जब वह महिला के घर पहुंचे तो देखा कि उनके पास शौचालय की सुविधा तक नहीं थी। हालांकि यह पंचायत स्वच्छ पंचायत का दर्जा प्राप्त कर चुकी है। भारद्वाज ने प्रेस क्लब की तरफ से बेड, रजाई, कंबल तथा कुछ धनराशि भी इस गरीब परिवार को उपलब्ध करवाई गई और साथ में प्रशासन और पंचायत को इस तरफ ध्यान देने का आग्रह भी किया कि इस गरीब परिवार की शुद्ध ले और जो भी उनकी आर्थिक सहायता की जा सकती है वह करें। साथ में जो संस्थाएं हैं, उनसे भी अनुरोध किया कि इस परिवार की जितनी हो सके उतनी सहायता करें। इस परिवार के खाने तक का भरण पोषण करना मुश्किल है। इस परिवार के मुखिया का 15 वर्ष लगभग पहले देहांत हो चुका है और इनका एक बेटा है। उन्होंने अपील की है कि सभी इस परिवार की मदद करें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं, सुमित्रा (49 वर्ष) पत्नी श्री सूरत राम निवासी गाँव पेजा, खशाधार, तहसील चिडगाँव, जिला शिमला हि.प्र., घोषणा करती हूं कि मेरी शादी गांव डिसवानी (ग्राम पंचायत डिसवानी) से गांव पेजा (ग्राम पंचायत खशाधार) में हुई है। गांव डिसवानी (ग्राम पंचायत डिसवानी) में मेरा नाम मूशी (Mushi) है और गांव पेजा (ग्राम पंचायत खशाधार) में मेरा नाम सुमित्रा (Sumitra) दर्ज है। मूशी (Mushi) और सुमित्रा (Sumitra) एक ही महिला के दो नाम है। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए करें पुख्ता प्रबंध



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा बीते कल बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म (आईएचआईपी) एवं एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने की। इस प्रशिक्षण में मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग और माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संकाय और लैब तकनीशियन, विभिन्न ब्लॉकों से चिकित्सा अधिकारी ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम को चलाने का विभाग का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर संक्रामक एवं असंक्रामक रोगों के फैलने पर निगरानी रखना एवं उनके फैलने पर तुरंत कार्रवाई करके उनके रोकथाम हेतु तुरंत प्रबंध करना है, ताकि यह सामुदायिक स्तर पर महामारी का रूपधारण न करे। इसके लिए सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपनी - अपनी भूमिका समय समय पर निभानी होगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पूरी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कहा कि सभी ब्लॉक स्तर पर यह सुनिशिचित करें कि वे इस प्रोग्राम से संबंधित रिपोर्ट नियमानुसार दैनिक रूप से आईडीएसपी-आईएचआईपी पोर्टल पर निर्धारित समय पर दर्ज करें व समय पर जिला मुख्यालय को भी भेजें, ताकि समय पर जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर किसी भी बीमारी की स्थिति का पता चलता रहे। इस अवसर पर डॉ. जालम भारद्वाज, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. संजय कुमार, एपी मेडिसिन विभाग, डॉ. श्वेता, एपी माइक्रोबायोलॉजी विभाग, स्वाति, एलटी, कुमारी रनिषा, प्रोग्राम डेटा विश्लेषक उपस्थित रहे।

### बस के पिछले दो टायर निकले, टला बड़ा हादसा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में आए दिन कोई न कोई हादसे होते ही रहते है, वहीं बुधवार को जिला चंबा के अंतर्गत पड़ने वाली तहसील चुराह के हिमगिरी मुख्य मार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मिली जानकारी के मुताबिक निजी बस जैसे ही हिमगिरी के पास पहुंची उस गाड़ी के पिछले दोनों ही टायर निकल गए और यह गाड़ी सड़क को छोड़कर साथ बने हुए नाले के पास रुक गई। अगर यही बस थोड़ा-सा और आगे चली जाती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। बस में बैठी सवारियों ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया जिस गाड़ी में दहशत का माहौल पैदा हो गया। किंतु गनीमत यह रही कि जैसे ही गाड़ी के टायर बस से निकले वैसे गाड़ी रोड पर ही जाम हो गई।




### स्वामी राजेश्वरानंद की पुण्यतिथि पर लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, भटियात/चुवाड़ी।** आज ककीरा के स्वामी हरि गिरि महाराज के आश्रम में उनके शिष्य स्वामी राजेश्वरानंद भारती जी का 19वीं पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस पुण्यतिथि का आयोजन उनके स्थानीय ट्रस्टी देवेंद्र राज महाजन और संजीव कटारिया के अगुवाई में उनके मंदिर परिसर में किया गया। पंडित नवीन शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ स्वामी की की मूर्ति गंगाजल में दूध, दही, शहद, तिल और गुड़ डाल कर स्वामी जी के मूर्ति को पांच स्नान करवाकर नया वस्त्र धारण किया गया। उसके बाद पूजा-अर्चना की गई और गुरु जी की आशीर्वाद लिया। गुरु जी की आरती उतारने के बाद स्थानीय लोगों और उनके नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं ने भजन-कीर्तन किया। अंत में सभी उनके अनुयाई अपने गुरु जी के प्रतिमा के आगे नतमस्तक होने के बाद सभी लोगो प्रसाद औरआश्रम में भंडारा ग्रहण करने के बाद अपने-अपने घर की ओर चल दिए इस अवसर पर उसके मंदिर परिसर में आने वाले सभी अनुयायियों के लिए लंगर का भी आयोजन किया गया।



### सरकाघाट में युवती को एयरगन से लगी गोली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना सरकाघाट के तहत कठोगन गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक अज्ञात व्यक्ति ने एयरगन से फायर कर एक युवती को घायल कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय प्रमिला देवी पुत्री राम दित्ता, निवासी कठोगन, 28 जनवरी को घर के आंगन में लगे नलके पर हाथ धो रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एयरगन से फायर किया, जिससे एक छर्रा युवती के पेट में जा लगा।घटना के बाद परिजनों ने उसे तुरंत नेरचौक मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।युवती के मामा रोशन लाल (62), निवासी कठोगन, ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके आधार पर थाना सरकाघाट में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला दर्ज कर लिया और पुलिस जांच कर रही है जल्दी ही पता लगा लिया जाएगा।

# भरमौर में अग्निकांड पीड़ितों के लिए आर्थिक मुआवजे को लेकर उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

## अग्निकांड का शिकार हुए परिवारों के साथ सरकार ने क्यों किया सौतेला व्यवहार: डॉ. जनक राज

**ओपी शर्मा, भरमौर**



हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कुल्लू जिले में भीषण अग्निकांड पीड़ितों को जो मुआवजा दिया गया है, इस कार्य को विधानसभा क्षेत्र भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने एक सराहनीय कदम बताते हुए जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत दुर्गम क्षेत्र पांगी, जनजाति क्षेत्र भरमौर तथा होली में अग्निकांड का शिकार हुए परिवारों के साथ सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार क्यों दिखाया गया।

उन्होंने इन प्रश्नों को लेकर बीते कल बुधवार उपायुक्त कार्यालय चंबा में एक मांगपत्र सौंपा है। जिसमें साफ तौर पर जिला चंबा के जनजाति क्षेत्र भरमौर एवं दुर्गम क्षेत्र पांगी में अग्निकांड का शिकार हुए परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग रखी गई है। बता दें कि मौजूदा सरकार ने कुल्लू के तांदी गांव में भीषण अग्निकांड में शिकार हुए परिवारों को साथ-साथ लख रुपए राहत राशि के रूप में प्रदान किया हैं जबकि इसके विपरीत जनजातीय क्षेत्र भरमौर होली तथा पांगी कि पीड़ित परिवारों ने भी अग्निकांड में अपना सर्वत्र खो दिया है, जिससे एक तरफ उन्हें आर्थिक तंगी का शिकार होना पड़ा है, तो वहीं दूसरी ओर घर से चलाई जा रही आजीविका भी जाती रही।

विधायक ने पीड़ित परिवारों का दुख सांझा करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि आगजनी का शिकार हुए चार परिवार दुर्गम क्षेत्र पांगी से हैं। ग्राम पंचायत शूण के गांव उदीन के चार परिवार जिनमें की अमर देवी पत्नी नंदकुमार, पवन कुमार पुत्र राजमल अमरजीत पुत्र चतर सिंह भानी चंद पुत्र चतर सिंह, तहसील होली और भरमौर के अंतर्गत गांव स्वाई गरोला तहसील होली के पांच परिवार जिम की चुन्नी लाल पुत्र लूद्र राम, कश्मीर सिंह पुत्र अमर सिंह भजन राम पुत्र प्रबल राम पंकज कुमार पुत्र चुन्नी लाल मुरली पुत्र खजाना राम, तहसील भरमौर के अंतर्गत गांव पटौडी डाकघर सेरकाओ के चार परिवार जिम की करनैल सिंह पुत्र हरिराम विजय कुमार पुत्र हरिराम दर्शन कुमार पुत्र हरिराम रविंद्र कुमार पुत्र हरिराम शामिल हैं।

विधायक डॉ. जनक राज ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पूर्ण उम्मीद है वह जल्द से जल्द इस मांग को प्राथमिकता के आधार पर पीड़ित परिवारों को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर लगाया जागरूकता शिविर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला (ब्वॉयज) चंबा एवं राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स)चंबा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिपिन ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग चंबा की तरफ से मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन करवाया गया।

इस शिविर में क्लास नवमी से 12वीं तक के बच्चों को उपरोक्त विषय पर जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय से आए हुए सीआर ठाकुर, जन सूचना एवं संप्रेषण अधिकारी ने बताया कि लगभग हर आत्महत्या एक ऐसी क्षति है, जिसे रोका जा सकता है। आत्महत्या से होने वाली एक मौत से उस व्यक्ति से जुड़े 60 लोग प्रभावित होते हैं, जबकि 20 लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं। साल 2019 में भारत में आत्महत्या करने से एक लाख चालीस हजार लोगों की मृत्यु हुई जो दुनिया भर में आत्महत्या से होने वाली मौतों का 17 प्रतिशत है। इन चिंताजनक आंकड़ों के बावजूद वैश्विक स्तर पर और भारत में आत्महत्या रोकने पर लगभग नहीं के बराबर बात होती है। इस अवसर पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर घनेटी से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सोनाक्षी मंडला ने बताया कि मानसिक विकार व्यक्ति के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार, फैसले नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, सुरक्षित यौन व्यवहार आदि को प्रभावित करता है और शारीरिक रोगों के खतरे को बढ़ाता है। उन्होंने मानसिक बीमारी के उपरोक्त लक्षण आने पर मेडिकल कॉलेज चम्बा के कमरा नंबर 422 में मनोचिकित्सक से दिखाने की सलाह दी तथा टेलीमान्स सेवा 14416 जो कि 24 घंटे सातों दिन सेवा में उपलब्ध है इस नम्बर पर कॉल करने की सलाह दी।

## प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवियों के कार्यों को सराहा

**बबलू पठानिया, भटियात/चुवाड़ी**




शिक्षा खंड चुवाड़ी के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर में सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ गत दिवस धूमधाम से किया गया।

इस शिविर के शुभारंभ अवसर पर आयोजित रंगारंग समारोह में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक अनिल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य राजकुमारी ने मुख्यातिथि महोदय का स्वागत किया तथा विद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से उन्हें समृद्धि चिन्ह भेंट करके उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि इस साल के विशेष एनएसएस शिविर में कल 42 स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय की विद्यार्थियों द्वारा एनएसएस गीत गायन,भाषण व रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने प्रधानाचार्य तथा समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजीव कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजलि चौहान सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## साहल-राजनगर सड़क 1 व 2 फरवरी को रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



उपमंडल दंडाधिकारी प्रियांशु खाती ने चकलू-पलेही-कोटी संपर्क सड़क के उन्नयन कार्यों के चलते साहल से राजनगर (थड़ी मोड़ के नजदीक) तक, चंबा- चकलू-कोटी संपर्क मार्ग पर सभी वाहनों के आवागमन को लेकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश 1 फरवरी से 2 फरवरी 2025 तक प्रभावी रहेंगे।

जारी आदेश के अनुसार सभी वाहनों को थडी मोड़ से पलेई-कोटी मुख्य सड़क से कोटी की ओर भेजा जाएगा। आदेश में कहा गया है कि सहायक अभियंता लोक निर्माण उपमंडल कोटी द्वारा कियाणी-राजनगर-चकलू-कोटी संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्यों के चलते साहल से राजनगर (थडी मोड़ के नजदीक) सड़क के हिस्से में कटिंग के प्रस्तावित कार्यों को शुरू करने से पत्थर -मलवे इत्यादि के गिरने से लोगों की सुरक्षा को लेकर लिए सूचित किए जाने के पश्चात आदेश जारी किए गए हैं।

हालांकि, जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आपातकालीन और आवश्यक आपूर्ति वाहनों को आवागमन की अनुमति दी जाए । साथ में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि आपातकालीन स्थिति में आपातकालीन वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क को साफ रखा जाए।

## टमाटर की खेती पर किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



टमाटर की फसल की शुरुआत से पहले किसानों को इसकी खेती बारे जागरूक करने के लिए बायर सेमिनिस के तत्वावधान में कंसा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को अंसल प्रजाति के टमाटर की खेती और इसके तरीके के बारे में कृषि वैज्ञानिकों ने जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिक संजय धर ने कहा कि जिला मंडी के नाचन और बल्ह विधानसभा क्षेत्र जो टमाटर उत्पादन में मिनी पंजाब के नाम से भी जाना जाता है, के लिए विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाले टमाटर बीज उत्पादन के लिए डिजाइन किए गए हैं। जिसमें इस का आकार, रंग और मजबूती उत्कृष्ट होती है। गर्म जलवायु के लिए उपयुक्त यह लंबे समय तक परिवहन के लिए उपयुक्त हैं और बाजार में जल्दी और उच्च गुणवत्ता वाली फसलें देते हैं।

बायर सेमिनिस किसानों की आर्थिकी बढ़ाने के लिए लगातार कार्य रही है। इसके तहत ही हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित कर रही है। इस मौके पर डा. दिनेश गौरव ठाकुर, डॉ. अभिनव संख्यान, डॉ. विकास रोहटा, सचिन वर्मा, जगमोहन नलवा, सुरेंदर कुमार, अनुज तथा राजीव भास्कर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग ने विभिन्न उपलब्धियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



उपायुक्त कार्यालय परिसर के बैठक कक्ष में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय चंबा की ओर से आई-आरएडी व ई-डीएआर के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से आई-आरएडी चंबा के जिला रोलआउट प्रबंधक पंकज चौहान ने बताया कि आई-आरएडी/ई-डीएआर एप्लीकेशन सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक पहल है, जिसमें पुलिस दुर्घटना स्थल से सूचना एकत्रित करती है और राजमार्ग, स्वास्थ्य और परिवहन विभाग जैसे विभिन्न विभागों को अनुरोध भेजती है।

उन्होंने बताया कि आई-आरएडी का उपयोग भविष्य में दुर्घटना कलेम और दुर्घटना पीड़ितों को उपचार के लिए 1.5 लाख तक आर्थिक मदद मुहैया करवाने के लिए किया जाएगा, क्योंकि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ एकीकृत है। बैठक में विभिन्न उपलब्धियों पर चर्चा की गई और इस बात पर भी चर्चा की गई कि एनआईसी चंबा के माध्यम से हितधारक विभागों को किस प्रकार निरंतर प्रशिक्षण देकर इसके प्रदर्शन को कैसे बेहतर बनाया जाएगा। बैठक में सीएमओ कार्यालय से डॉ. सुरेश, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश कुमार , सब-इंस्पेक्टर मेघ राज, एचएएसआई तरसेम सिंह, संजीव कुमार एचआरटीसी चंबा तथा आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित थे शामिल हुए।

### सूडोकु 0057 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0056 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 जनवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पूर्णिमांत, **तिथि** प्रतिपदा (04:13): **नक्षत्र** श्रवण (07:16), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** व्यतीपात (06:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:56), **राहुकाल** (01:55-03:16)।

### विशेष दिन

- 30 जनवरी : गुप्त नवरात्र आज से शुरू।
- 31 जनवरी : गुरु हरराय जी की जयंती कल।

**मेष:** आज अपने खर्च पर संतुलन बनाकर चलना होगा क्योंकि आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है, पूर्व नियोजित यात्रा हो सके तो टाल दें।

**वृषभ:** आज पूरा दिन मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ आपको अवश्य मिलेगा। सहयोग देंगे तो सहयोग प्राप्त होगा, कार्य में रोमांचक अनुभव होगा।

**मिथुन:** भाग्य के साथ आज कार्य की व्यस्तता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीकी जानकारी के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**कर्क:** भाग्य का भरपूर असर दिखेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार कर ही कार्य करें, सक्रिय होकर कार्य करें, लाभ अवश्य मिलेगा।

**सिंह :** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है। सचेत होकर कार्य करें, आज जो भी निर्णय लें, अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर ही लें।

**कन्या :** शत्रु आज आपसे दूर भागेंगे, प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी, आज आमदनी में धन का प्रवाह बना रहेगा।

**तुला:** आज आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे, परिवार में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।

**वृश्चिक:** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे।

**धनु :** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान हो जाएं, किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति-आवश्यक है।

**मकर :** नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा लाभदायक रहेगी, आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है।

**कुंभ :** आज ग्रह चाल आपको लाभान्वित होने का मौका प्रदान कर रही है, दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी और चिंतामुक्त होकर कार्य करें।

**मीन :** पिछली चली आ रही उलझनों से छुटकारा मिलेगा, आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें, अनावश्यक खर्च से बचें। रोमांस का अनुभव बढ़ेगा।

**आयोजन** | पंचायत समिति द्रंग ने किया बैठक का आयोजन

# अधिकारियों के बैठक में न पहुंचने पर फिर गर्माया सदन

**कविता,पधर**

पंचायत समिति द्रंग की त्रैमासिक बैठक अध्यक्ष शीला ठाकुर की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार पधर में संपन्न हुई। बैठक में खंड विकास अधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति द्रंग विनय चौहान, पंचायत निरीक्षक हुकुम चंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों से आए हुए अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित करने का आह्वान किया।

वहीं, समिति सदस्यों ने अपने वार्डों की समस्याओं बारे अधिकारियों को अवगत करवाया। इस दौरान जोगिंद्रनगर उपमंडल के जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग से कोई भी अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिसका पंचायत समिति सदस्यों ने रोष जाहिर किया है। बैठक में जनसमस्याओं के साथ-साथ विकास कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई, लेकिन जोगिंद्रनगर से अधिकारियों के बैठक में न पहुंचने पर सदन फिर गर्माया। मामले को लेकर समिति सदस्यों ने कड़ा ऐतराज जताया। पंचायत समिति उपाध्यक्ष कृष्ण भोज ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत चुकू में खजरी से गलमाठा सड़क निर्माण के लिए वन भूमि का एफआरए केस तैयार किया जाए। बरोट और बरधान पंचायत के अंतर्गत कुछ गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के बारे में, सदन में सर्वसम्ममति से पास किया गया। उन्होंने थाना प्रभारी पधर सौरभ ठाकुर से आग्रह किया कि उपमंडल पधर मे नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं, जिसके लिए पंचायत समिति भी उनका सहयोग करेगी।

### स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी वापस लेने का लोगों से किया आग्रह

आरओ मंजु देवी ने बैठक में एफआरए के ऊपर विस्तृत जानकारी दी व सहायक अभियंता बिजली विभाग, नितिन चंदेल ने साधन संपन्न लोगों से स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी वापस लेने का आग्रह किया। वहीं, पंचायत समिति सदस्या डलाह वार्ड कविता चौहान ने मुख्य चौक पधर बाजार से अस्पताल तक बनी नाली को गहरा करने व जगह-जगह से टूटी पेयजल पाइपों को जल्द दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए स्वीकृति भी मिल गई है, लेकिन कार्य को शुरू नहीं किया जा रह है। इस अवसर पर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अंशुमन सोनी, सहायक अभियंता नितिन चंदेल, कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग प्रेम सिंह, सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# नपं रिवालसर के सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ




शपथ लेने के बाद तीनों मनोनीत सदस्य एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया तथा एसडीएम बल्ह के साथ।

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

नगर पंचायत रिवालसर में वुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त तीन मनोनीत सदस्यों ने अपने पद की शपथ ली। उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने नगर पंचायत के सभागार में तीनों मनोनीत सदस्यों, जिसमें लक्ष्मी दत्त शर्मा, रोजी सोनी और गोपाल ठाकुर को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एपीएमसी चेयरमैन मंडी संजीव गुलेरिया विशेष तौर पर उपस्थित रहे। तीनों मनोनीत सदस्यों ने कहा कि वे नगर पंचायत के विकास में बिना किसी भेदभाव के अपना योगदान देंगे। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा उनके समर्थकों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया और कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मनोनीत सदस्यों ने कहा-वे बिना किसी भेदभाव के करेंगे काम

इस मौके पर नायब तहसीलदार रिवालसर संजीव प्रभाकर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद लाभ सिंह, युवा कांग्रेस बल्ह के अध्यक्ष निशांत राव, पवन ठाकुर, नरेश राव, पदम सिंह भाटिया, गगन इंदोरिया, कुरुम चंद, किसन बंसल, सुंदर राव, गगन शर्मा, दिनेश नायक, यदिविंद्र, चमन शर्मा, चेत राम ठाकुर सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

**यदि** हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं, तो सभी धर्मों के धर्मग्रंथों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए। -भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

### कर्ज का मर्ज

**हि**माचल में कर्ज का मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। यह मसला इतना बड़ा मसला है कि इससे कोई भी सरकार अछूती नहीं है। सबके जेहन में यही सवाल उठता है कि क्या इस कर्ज से कभी मुक्ति मिल सकती? आखिर इस कर्ज के लिए दोषी कौन है? हिमाचल प्रदेश में बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर सियासत एक बार फिर तेज हो गई है। यह तो सबको मालूम है कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति वर्तमान में बेहद खराब चल रही है और अब कर्ज की सीमा एक लाख करोड़ रुपए पार कर गई है। राज्य का कर्ज का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए पार होने पर सुक्खू सरकार को भी प्रतिक्रिया देनी पड़ी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने कर्ज को लेकर भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार पर खूब निशाना साधा है। मंत्री का कहना है कि प्रदेश सरकार ने बीते दो सालों में 30 हजार 80 करोड़ रुपए का लोन लिया है। लोन का बड़ा हिस्सा पूर्व भाजपा सरकार की ओर से लिए गए कर्ज को चुकाने में खर्च हो रहा है।

दूसरी ओर भाजपा कहती है कि इस स्थिति लिए कांग्रेस सरकार ही दोषी है। हिमाचल प्रदेश पर 2017 में 48 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था, जो 2020-21 में बढ़कर 60,003 करोड़ रुपए, 2021-22 में 63,736 करोड़ रुपए और 2022-23 में बढ़कर 76,651 करोड़ रुपए हो गया। साल दर साल बढ़ रहा यह आंकड़ा वाकई चिंताजनक है और राज्य की आर्थिक स्थिति पर दबाव डालता है। जयराम सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में 30 हजार करोड़ रुपए के करीब कर्ज लिया, लेकिन सुक्खू सरकार ने दो साल में ही 30 हजार करोड़ रुपए कर्ज ले लिया है। जाहिर है इस पर बवाल तो मचना ही था। खैर, दोनों दलों कांग्रेस और भाजपा के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन सवाल वही है कि आखिर इस स्थिति से हिमाचल को निकाला कैसे जाए? हिमाचल प्रदेश में कर्ज का मसला वास्तव में बहुत बड़ा है।

इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने राजस्व में वृद्धि करने और खर्चों में कटौती करने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे। हालांकि, वर्तमान और पूर्ववर्ती सरकारों ने भी इस दिशा में गंभीरता से काम किया, लेकिन कर्ज का यह पहाड़ इतना बड़ा है कि उसे खत्म करने में काफी समय लग जाएगा। चूंकि हिमाचल में पर्यटन, शराब और खनन के अलावा और कोई बहुत बड़ा साधन नहीं है, जिससे कि कर्ज को कम किया जा सके। सुक्खू सरकार ने तो मटर सेस लगाकर प्रदेश के लिए राजस्व जुटाने की हिम्मत की थी, लेकिन इसमें भी केंद्र ने अड़ंगा डाल दिया। बिजली परियोजनाओं के जरिए भी राज्य को कमाई होती है, लेकिन उसके बीच में भी सिल्ट आ जाती है। इस सिल्ट की वजह से बिजली का जितना उत्पादन होना चाहिए अपेक्षाकृत नहीं हो पाता। इसके अलावा, राज्य को अपनी आर्थिक नीतियों में सुधार करने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी काम करना होगा। हिमाचल प्रदेश को अपने कर्ज की समस्या से निपटने का एकमात्र जरिया राजस्व में वृद्धि ही है।

राज्य को अपने राजस्व में वृद्धि करने के लिए नए स्रोतों की तलाश करनी चाहिए, जैसे कि पर्यटन और उद्योग। बेशक सरकार इसमें कोई कसर नहीं छोड़ रही, लेकिन आशातीत कामयाबी नहीं मिल पा रही है। खर्चों में कटौती करनी चाहिए और अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करना चाहिए। राज्य को अपनी आर्थिक नीतियों में सुधार करना चाहिए और निवेश को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। निवेश को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए और उद्योगों को निवेश के लिए आकर्षित करने के वास्ते अनुकूल वातावरण बेहद लाजिमी है। कांग्रेस कहती है कि भाजपा वित्तीय स्थिति को लेकर हिमाचल को बदनाम कर रही है। भाजपा नेताओं को हिमाचल को बदनाम करने की बजाय दिल्ली में प्रदेश की पैरवी करनी चाहिए। जाहिर है इस मसले में कहीं न कहीं राजनीति तो हो रही है, क्योंकि दिल्ली में भाजपा नीत सरकार सत्तासीन है तो वहीं, हिमाचल में उसकी धुर विरोधी पार्टी कांग्रेस की सरकार है। ऐसे में स्वाभाविक है भला भाजपा वाले कांग्रेस की मदद क्यों करेंगे? और करेंगे भी तो उस हद तक नहीं करेंगे जिससे प्रदेश की हालत सुधर जाए।

बहरहाल, दोनों पार्टियों को प्रदेश के हित में सोचना चाहिए। अगर यह स्थिति यूं ही चलती रही तो प्रदेश का कर्ज कभी खत्म नहीं हो सकता। अभी हो ऐसा रहा है कि जो पांच साल के आखिरी साल में दोनों दल भारी भरकम कर्ज उठा लेते हैं और उसे चुकता नहीं करते। इस तरह कर्ज की एक चेन चली रहती है। कर्ज उतना ही उठाना चाहिए जितनी प्रदेश को जरूरत है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार

**अमृता** शेरगिल खूबसूरत चित्रकारी करने वाले चित्रकारों में से एक थीं। अमृता शेरगिल ने कैनवास पर भारत की एक नई तस्वीर उकेरी। अपनी पेंटिंग्स के बारे में अमृता का कहना था- 'मैंने भारत की आत्मा को एक नया रूप दिया है। यह परिवर्तन सिर्फ विषय का नहीं, बल्कि तकनीकी भी है।' अमृता ने इस प्रकार के यथार्थवादी चित्रों की रचना की थी, जिनकी सारे संसार में चर्चा हुई। अमृता शेरगिल मजीठा के उमराव सिंह शेरगिल की पुत्री थीं। उनका जन्म हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। उनकी माता एक हंगिरियन महिला थीं। उमराव सिंह जब फ्रांस गए, तो उन्होंने अपनी पुत्री की शिक्षा के लिए पेरिस में प्रबंध किया। जब वे पेरिस के एक प्रसिद्ध आर्ट स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रही थीं तो उनके मन में अपने कुछ संबंधियों के कारण भारत आने की इच्छा जागृत हुई। भारत आने के बाद अमृता ने शिमला में अपना स्टूडियो प्रारंभ किया और जिस प्रकार अपना स्वरूप बदलकर उसे भारतीय नारी का बनाया, उसी प्रकार ऐसे अन्यतम चित्रों की रचना की, जिसके कारण उनकी ख्याति बहुत जल्दी फैलने लगी। अमृता का जन्म भले ही हंगरी में हुआ था, लेकिन उनकी पेंटिंग्स भारतीय संस्कृति और उसकी आत्मा का बेहतरीन नमूना हैं। इनकी चित्रकारी को धरोहर मानकर दिल्ली की नेशनल गैलेरी में सहेजा गया है। ■



अमृता शेरगिल
जन्म : 30 जनवरी, 1913
मृत्यु : 5 दिसंबर, 1941



कविता

### पहिया समय का

तेंजिन टोपेन, गांव मेह, लाहौल-स्पीति

*समय का पहिया घूमता जा रहा है, मनुष्य की जरूरतें बढ़ती जा रही हैं,*
*दो वक्त की रोटी, तन ढकने को कपड़ा, सिर ढकने को छत,*
*बस इतनी-सी जरूरत है, सुखी जीवन जीने के लिए।*
*धरती का समय घटता जा रहा है, मनुष्य का स्वार्थ बढ़ता जा रहा है,*
*बर्फ से ढका पहाड़, नदियों में निर्मल जल, वातावरण में स्वच्छ हवा,*
*बस इतनी सी जरूरत है, स्वस्थ जीवन जीने के लिए।*
*बर्बादी चीख चीख कर पुकार रही है, नासमझ मानव,*
*धरती मां को गर्त में धकेल रहा है, तरस जाएगा सुनने को,*
*जंगलों में पंछियों की चहचाहट, नदियों से पानी की सरसराहट,*
*वातावरण से हवा का ठंडापन, दिलों में अपनों का अपनापन।*
*यह धरती, यह पहाड़, यह नदी, सभा में उपस्थित सबको पुकार रही है,*
*रोक लो वरना फिर आएगा, प्रभु श्रीकृष्ण द्रौपदी की असमत को बचाने,*
*प्रकृति का चीरहरण रोकने को, फिर महाभारत होगा या नहीं,*
*यह पूर्वानुमान कर लेना तो अन्याय होगा, फिर एक बर्बरीक रह जाएगा,*
*समय का इतिहास को सुनाने को, और फिर समय का पहिया घूमता जाएगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वर्तमान युग की जीवन शैली...योग ही है प्रभावशाली !

**मा**नव शरीर सृष्टि की अनमोल रचना और वरदान है शरीर मानव को अपने अस्तित्व को सिद्ध करने और अपने उतरदायित्व का निर्वहन करने के लिए साधन है। मनुष्य संसार में अपने शरीर के माध्यम से ही अपनी क्षमताओं व कुशलताओं का प्रदर्शन करने में सक्षम होता है। मानव जीवन प्रकृति का अनमोल वरदान है और शरीर को स्वस्थ रखना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

शरीर के माध्यम से ही धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अतः मानव का यह नैतिक कर्तव्य और उतरदायित्व भी है कि सृष्टि की इस अनमोल रचना को स्वस्थ व ऊर्जावान बनाने का प्रयास करे। वर्तमान समय में मानव अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं है। परिणामस्वरूप वह कई प्रकार की शारीरिक व मानसिक व्याधियों व विकारों से ग्रसित हो रहा है। जिससे उसकी कार्य क्षमता पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। मानव शरीर पंच महाभूतों से मिलकर बना है, अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी और जल और यह ब्रहमांड भी इन्ही पांच तत्वों से ही बना है। अतः यह दिव्य ब्रम्हांड और मानव शरीर अलग -अलग नहीं, बल्कि एक ही तत्व हैं। अतः शरीर को इस ब्रह्मांड या प्रकृति से समन्वय रखकर स्वस्थ व ऊर्जावान बनाया जा सकता है। यह प्रकृति असीम ऊर्जा का भंडार है और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करके मानव अपने भीतर उसी असीम ऊर्जा का अनुभव कर सकता है। योग जीवन जीने की कला है। शाब्दिक अर्थ के अनुसार योग का अर्थ जोड़ना है। योग आत्मा से परमात्मा को जोड़ने का माध्यम है। यह शरीर से मन को तथा वर्तमान समय में मानव जीवन को प्रकृति से जोड़ने का अद्वितीय मार्ग है शास्त्रों में भी योग का उल्लेख और महत्व बताया गया है।

श्री मद्भागवत गीता में समत्व योग उच्यते, और योग- कर्मसु कौशलम् के रूप में व्याख्या की गई है अर्थात



सुख-दुःख में एक समान रहना योग है और योग से कार्य में कुशलता आती है। अधिकांश विवेचना में अष्टांग योग की व्याख्या की गई है जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि योग के आठ अंग माने गए हैं। वर्तमान समय में मनुष्य की जीवन शैली में आए परिवर्तनों से और अप्राकृतिक जीवन शैली से अनेक प्रकार की शारीरिक और मानसिक व्याधियों का आगमन हो रहा है जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव मानव की कार्यक्षमता और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बच्चों में छोटी आयु में ही आंखों में चश्मा, शारीरिक रूप से कमजोर होना, खाने की अच्छी आदतें विकसित न होना इत्यादि चिंता का विषय बनता जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में योग की उपयोगिता और व्यवहारिकता और भी अनिवार्य और प्रासंगिक हो गई है।

नियमित योगाभ्यास से हमारे शरीर की मासपेशियां लचीली होती हैं, सहनशीलता बढ़ती है, शरीर की सामान्य तंदरुस्ती बढ़ती है और संपूर्ण शरीर का विकास होता है। सामान्यतः योगासन, प्राणायाम और ध्यान का नियमित अभ्यास मनुष्य के शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक विकास में लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आसनों में सूर्यनमस्कार का नियमित अभ्यास अत्यंत ही लाभकारी है। इससे स्वास्थ्य में सर्वांगीण सुधार होता है और ऊर्जा का स्तर बढ़ती है। सर्वांगासन और शीर्षासन से रक्त का संचार मस्तिष्क की ओर होता है जिससे मानसिक क्षमता में वृद्धि और मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है। हलासन, भुजंगासन, पश्चिमोतासन शवासन इत्यादि का अभ्यास बाल्यकाल से ही बच्चों के नियमित जीवन का अंग बनाया जाना चाहिए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। प्राणायाम के नियमित अभ्यास से श्वास, प्रश्वास की गति को नियमानुसार नियंत्रित करके शरीर में प्राणवायु का समुचित संचार होता है जिससे ह्रदय, फेफड़े और सभी आंतरिक अंगों का समुचित व्यायाम होता है।

प्राणायाम के नियमित अभ्यास से शरीर में प्रत्येक कोशिका तक रक्त के माध्यम से प्राणवायु का संचार होने से शरीर में नवीन ऊर्जा का संचार और रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। गहरी श्वास प्रक्रिया का नियमित अभ्यास, भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम विलोम और भ्रामरी प्राणायाम के नियमित अभ्यास का हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर चमत्कारी प्रभाव पड़ता है। योग मानव को वर्तमान क्षण से जुड़े रहने का कौशल प्रदान करता है वर्तमान में जीना एक कुशल और सक्षम व्यक्तित्व के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मनुष्य अक्सर भूतकाल की स्मृतियों से या भविष्य के लिए भय और चिंता से ग्रसित रहता है जिससे उसके वर्तमान क्षण में एकाग्रता से जीवन जीने में बाधा उत्पन्न होती है परिणामस्वरूप मानव की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ध्यानात्मक आसनों के अभ्यास जैसे पदमासन, सिद्धासन व सुखासन में ध्यान का अभ्यास करने से मानसिक क्षमता, स्मरण शक्ति और मानसिक एकाग्रता में वृद्धि होती है। वज्रासन के अभ्यास से पाचन शक्ति बढ़ती है और जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है। वर्तमान समय में मनुष्यों में तनाव, अवसाद और चिंता जैसे मानसिक रोग उत्पन्न हो रहे हैं, जिनका प्रत्यक्ष प्रभाव शरीर में विभिन्न प्रकार के रोगों जैसे, रक्तचाप, मधुमेह इत्यादि रोगों को जन्म दे रहा है। योग मनुष्य के शरीर और मन को एक दृष्टि से देखता है। योग के अद्वितीय महत्व को समझते हुए, हमें संकल्प करना है कि हम योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं और इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करें, ताकि एक स्वस्थ समाज के निर्माण और समग्र विश्व के कल्याण की भावना को फलीभूत किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# माता-पिता भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार

**मा**ता-पिता वह मंदिर है जिसमें बस्ती भगवान की मूर्त है, करो इनकी खूब सेवा क्योंकि इन्हीं की सेवा में सब तीर्थ है। मां की ममता, पिता का साया भगवान द्वारा दिया गया एक अनमोल उपहार है। माता-पिता जीवन के ऐसे दो अनमोल हीरे हैं जो अपने बच्चों को नैतिकता, अनुशासन तथा अच्छे संस्कार सिखाते हैं और जीवन में हमें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जीवन की हर परिस्थितियों में हमारे साथ खड़े रहते हैं। माता-पिता का प्यार और आशीर्वाद हमारे जीवन को खुशियों से भर देता है।



लेखक : लकेश चंदेल
राज्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता अध्यापक

हमें अपने माता-पिता का हमेशा आदर सम्मान करना चाहिए। उनकी हर बात को ध्यान से सुनकर उनकी भावनाओं की कदर करनी चाहिए। माता-पिता ही भगवान का दूसरा रूप है जिन्होंने हमें इस सृष्टि पर पैदा किया है। जो स्वयं दुख व कष्ट सहकर अपने बच्चों के सुखी भविष्य की कामना करते हैं। जिसके सिर पर माता-पिता का आशीर्वाद हो उसे विश्व की कोई भी शक्ति नहीं हरा सकती। माता-पिता भगवान के दिए हुए सबसे अनमोल उपहार है। माता-पिता का प्यार निस्वार्थ होता है और वह हमारी खुशियों के लिए अपनी खुशियों को त्याग देते हैं। बच्चे चाहे कितने भी बड़े हो जाए पर वह मां-बाप के लिए हमेशा छोटे ही रहते हैं।

दुनिया का कोई भी रिश्ता झूठा हो सकता है, लेकिन माता-पिता का रिश्ता हमेशा सच्चा होता है। माता-पिता हमेशा अपने बच्चों को सफल होते हुए देखना चाहते हैं और उनकी हर जरूरतें पूरी करते हैं। माता-पिता पूरी उम्रभर हमारे लिए कड़ी मेहनत करते हैं और हर मुसीबत को हमारे तक पहुंचने से



पहले ही रोक देते हैं।

वे माता-पिता ही होते हैं जो हमें जीवन देते हैं और अच्छे संस्कारों से सींचते हैं। माता-पिता बच्चे के पहले शिक्षक हैं, क्योंकि बच्चा पैदा होने के बाद सबसे पहले उन्हीं के संपर्क में आता है। वह हमें संस्कार देकर एक अच्छा नागरिक बनाते हैं तथा हमारा सही मार्गदर्शन करते हैं। माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति दिए हुए बलिदान को हम कभी नहीं चुका सकते हैं, परंतु हमें भी उन्हें खुश रखने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। आधुनिक समय में लोग माता-पिता के महत्व को भूलते जा रहे हैं और उनसे सही तरीके से बात भी नहीं करते हैं। बच्चे बड़े होकर माता-पिता का प्यार भूल जाते हैं और उन्हें वृदाश्रम छोड़ आते हैं जो कि बहुत गलत है। वृद्धावस्था में बच्चों का यह फर्ज है कि वह अपने माता-पिता के भरण पोषण तथा सुख शांति का पूरा ध्यान रखें। हमारे इतिहास में श्रवण कुमार माता-पिता की सेवा के एक सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है जिन्होंने बुढ़ापे में अपने माता-पिता की भरपूर सेवा करके अपना कर्तव्य पूरा किया तथा संपूर्ण विश्व के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बने। भगवान की सबसे सुंदर रचना इंसान है।

हर इंसान जीवन की विभिन्न अवस्थाओं से गुजर कर बुढ़ापे में प्रवेश करता है। बचपन, यौवन और बुढ़ापा यह अवस्थाएं इंसानी जीवन में आना संभावित है। बचपन और बुढ़ापा ऐसी अवस्थाएं है जिसमें माता-पिता और बच्चों दोनों को अपने-अपने कर्तव्यों का पूर्ण निर्वाह करना चाहिए, परंतु प्राय देखा जाता है कि माता-पिता तो अभिभावक के रूप में अपने सभी कर्तव्यों का पालन करते हैं, परंतु समय आने पर उनके बच्चे बुढ़ापे के समय माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं। माता-पिता को बुढ़ापा इतना कमजोर नहीं बनाता जितना कि बच्चों का रवैया उनके प्रति बुरा होने से उनका जीवन निरस व उदास बन जाता है।

माता-पिता भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है। माता-पिता भगवान के प्रत्यक्ष रूप है। माता-पिता का प्यार निस्वार्थ होता है और वह हमारी खुशियों के लिए अपनी खुशियों को त्याग देते हैं। बच्चे चाहे कितने भी बड़े हो जाए पर वह माता-पिता के लिए हमेशा छोटे ही रहते हैं। हमें अपने माता-पिता की तन मन धन से सेवा करनी चाहिए। माता-पिता की जितनी जरूरत हमें बचपन में होती है उतनी ही जरूरत उन्हें भी बुढ़ापे में हमारी होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** के राज्य उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हर 12 वर्ष में एक बार लगने वाला कुंभ मेला प्रारंभ हो चुका है। 13 जनवरी से शुरू यह कुंभ मेला 2025 अपनी विशालता और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए, संसारभर के लिए एक अद्भुत आयोजन भी है। माना यह भी जाता है कि यह त्योहार राक्षसों पर देवताओं की जीत का प्रतीक है। इसका उल्लेख पुराणों में तो मिलता ही है, जिनके अनुसार समुद्र मंथन के पश्चात कुंभ मेलों का आयोजन शुरू हुआ। कुंभ का मतलब है, अमृत से भरा पात्र। मान्यता है कि देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन से जो अमृत निकला था, उसके पात्र को लेकर जब देवताओं और असुरों के बीच संघर्ष हुआ, तो अमृत की चार बूंदें भारत के चार स्थानों पर गिरीं-प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। तभी से ये स्थल कुंभ मेले के पवित्र स्थल बन गए, जहां भक्त नदियों में स्नान करके आध्यात्मिक मुक्ति पाने के लिए इकट्ठा होते हैं। **मनु,कांगड़ा**

# आस्था स्थलों में भगदड़ की घटनाएं और बेमौत मरते लोग,दोषी कौन?

**दे**श में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं। जिसका ताजा घटनाक्रम देर रात संगम स्थल पर हुआ प्रयागराज में कुंभ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था, जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

काश! प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता, तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैकड़ों हादसे हो चुके हैं और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं। मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याएं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे, लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुंभ में भगदड़ के कारण जिंदा लोग पलभर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुंभ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग पैरों तले कुचल दिए गए, लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे। मगर उनके अपने मौत की नींद सो चुके थे। चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए, तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है। मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मुआवजा दे रही है,



अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारों द्वारा जो पैसा मुआवजे के रूप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता, तो आज यह नौबत न आती। आकड़ों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फरवरी 1954 को कुंभ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी। 1986 में भी कुंभ में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे।

2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। नवंबर 2006 में उड़ीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भगदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हुए थे। झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मौत हुई थी। 3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड़ मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे।

घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नवंबर 2012 में बिहार में छठ पूजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टूटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए, तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड़ गया। ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जाते हैं।

छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खाते हैं। केंद्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरों में हर वर्ष करोड़ों रुपया चढ़ावा चढ़ता है, मगर श्रद्धालुओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियों को भी इन हादसों से सीख लेनी चाहिए, ताकि आने वाले समय में इन ह्रदयविदारक हादसों को रोका जा सके, अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रद्धालुओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल श्मशानघाट बनते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधुनिकता के दौर में लुप्त होते जा रहे शादी के प्राचीन रस्मो रिवाज

**इ**से विडंबना कहें या वक्त की रफ्तार या मानसिकता में बदलाव। कुछ भी कहें, लेकिन वर्तमान परिवेश में शादी समारोह हो या मृत्यु उपरांत निभाई जाने वाली रस्में, ऐसा लगता है कि मानो सब कुछ वक्त के प्रवाह के साथ बदल रहा है या बदल चुका है। पहले शादी समारोहों में परंपरागत बाजों गाजों व शहनाई की रौनक होती थी। अफसोस, वो मधुर स्वर लहरियां मानों वक्त के पहिए के नीचे कुचल दी गई हैं और उसकी जगह डीजे का धूम-धड़ाका आ गया है। डीजे का शोरगुल इतना तेज होता है जो न केवल ध्वनि प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत बन गया है, बल्कि तेज आवाज में संगीत सुनने से लोगों में बहरेपन की शिकायतें भी आने लगी हैं।



लेखक : प्रवीण राणा
आलमपुरी डरोह कांगड़ा

इसके अलावा कई लोगों को हार्ट अटैक आने की समस्याओं से भी दो-चार होना पड़ता है। धोती-कुर्ता से सुसज्जित पंडित कभी शादी समारोहों की शान होते थे और वह पूरे मंत्रोच्चारण व विधि विधान के अनुसार शादी के कारज संपन्न करवाते थे, लेकिन आज उनका



पहनावा भी बदल गया है। वह भी आधुनिकता की दौड़ में शामिल हो गए हैं। वहीं, वरमाला की रस्म को मजाक बना दिया गया है, अब वरमाला नाटक मंच पर मनोरंजन हेतु आयोजित किए जाने वाले नाटक की तरह करवाई जा रही है जो कि आधुनिकता का एक अनोखा उदाहरण बन गया है।

परंपरागत तरीकों को भूलाकर नूतन शैली को अपनाया जा रहा है। सनातन धर्म में बताए गए शादी के तरीकों को नजरअंदाज करके मनमर्जी के तरीकों से शादी को अंजाम दिया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाली शादी एक या दो दिन में संपन्न हो रही है। बारात में गए बाराती मनोरंजन बारात का खाना खाकर अपने घर वापस आ रहे हैं।

प्री-वेडिंग, मेहंदी, रिंग सेरेमनी इत्यादि को शादी का अहम हिस्सा माना जाने लगा है। ऐसे अनावश्यक प्रचलन को अपनाकर गरीब आदमी को आर्थिक रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि बदले हुए स्वरूप में उसे भी इस प्रकार के रिवाज को अपनाना पड़ रहा है।

कॉकटेल पार्टी का आयोजन करके नशे में धुत्त होकर अश्लील गानों पर डांस करना, बोतल को सिर पर रखकर पीले-पीले राजा गाने पर थिरकना आज के शादी समारोह की मुख्य रस्म बन गई है। आधुनिक समय में शादी प्रबंधन में कुछ एक बदलाव तो गले उतरते हैं, लेकिन अपेक्षा के परे हुए बदलाव चिंता का विषय हैं। विदाई पर दुल्हन का रोना सबकी आंखों में आंसुओं का प्रवाह कर देता था, लेकिन आज के दौर में दुल्हन अपनी शादी में खूब डांस करके खुशी-खुशी से विदा होती है। अपने माता-पिता के घर में 18/20 वर्ष तक रहने के बाद दूसरे घर में जाने पर बहुत पीड़ा की अनुभूति होती थी, लेकिन अब यह सब कुछ बिलकुल आनंदमय पलों की अनुभूति जैसा हो गया है। वक्त बदला, हालात बदले, वक्त के साथ लोगों के संस्कार बदले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कब्जाई भूमि से बेदखली पर हो पुनर्विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन द्वारा प्रदेश में सभी किसानों बागबानों व पशुपालकों द्वारा पिछले कई दशकों से भी अधिक कब्जे वाली भूमि जिस पर मकान, गौशालाएं, खलवाड़े, खेत व बगीचे आदि बने हैं, से बेदखली के आदेश पर पुनर्विचार की मांग की है। साथ ही यह मांग भी की है कि जिन्होंने सन 2002 में सरकार के आदेशों पर नाजायज कब्जा नियमितीकरण के आवेदन फॉर्म भर रखे हैं, जो बाद में स्थगित कर रखे हैं, को पांच बिस्वा तक की जमीन से बेदखल न किया जाए। यूनियन ने मुख्यमंत्री सुक्खू, प्रदेश सरकार तथा राजस्व विभाग से प्रार्थना की है कि उच्च न्यायालय के निर्देशों एवं आदेशों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर किसानों, बागबानों व पशुपालकों के गरीब परिवारों को तबाह एवं बर्बाद होने से बचा कर सरकार बेहतर नीति बनाएं। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम वर्मा व राज्य महासचिव रोशन लाल शर्मा ने इन आदेशों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

### लोहारा में चोरों ने पांच दुकानों के ताले तोड़े

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र की लोहारा पंचायत में मंगलवार रात को चोरों ने पांच दुकानों के ताले तोड़ दिए। चोरों ने सेंधमारी कर एक दुकान से 25000 नकदी व कुछ सामग्री उड़ा ली, जबकि अन्य चार दुकानों के ताले भी तोड़े। सुबह दुकानदार चमन लाल शर्मा ने जब अपनी दुकान का ताला टूटा हुआ पाया तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पंचायत प्रधान को दी। प्रधान पन्ना लाल जब मौके पर पहुंचे तो यहां 5 दुकानों के ताले टूटे हुए थे। प्रधान ने पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की पुष्टि डीएसपी हेडक्वार्टर दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### स्वाति का विद्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्धोल की एनएसएस स्वंयसेवी स्वाति का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के पश्चात पाठशाला पहुंचने पर सभी (अध्यापक) स्टाफ सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनोज सकलानी व सोनिया ठाकुर ने जानकारी दी कि प्रधानाचार्य निर्मल ठाकुर ने स्वाति को इस उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी अध्यापकों ने हार पहनाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने स्वाति, उसके माता-पिता तथा अध्यापकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश जम्वाल ने भी दूरभाष के माध्यम से स्वाति व पाठशाला प्रशासन को बधाई दी।



### कुष्ठ रोग खत्म करने के लिए दिलाई जाएगी शपथ

**कविता, पधर।** खंड चिकित्सा अधिकारी पधर संजय गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि और राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण दिवस के उपलक्ष्य पर उपमंडल पधर की सभी ग्राम पंचायतों में 30 जनवरी को सभी ग्राम सभा में कुष्ठ रोग निवारण शपथ दिलवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज और बचाव संभव है। इस रोग को लेकर हमारे समाज में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का पहला लक्षण प्रायः चमड़ी पर उभरता है। जिसमें सफेद पीले दाद जैसे गोल आकार के अथवा गहरे रंग के संवेदनशील पीड़ा रहित धब्बे होते हैं। जो कि हाथ, पांव, चेहरे, कान या नितंब में हो सकते हैं। त्वचा के प्रभावित धब्बे से पसीना नहीं आता और बाल उखड़ जाते हैं। कुछ मामलों में रोगी की चमड़ी में गांठें भी बन सकती हैं। इस गठन पर जब कोई पिन, पेंसिल या नुकीली वस्तु लगाने पर दर्द का एहसास नहीं होता है। उन्होंने बताया की मंडी जिला में हालांकि यह रोग समाप्त होने की कगार पर है। फिर भी हमें चौकसी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे खत्म करने के लिए हर उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने उपमंडल पधर की जनसाधारण जनता से अपील की कि उपरोक्त कोई भी लक्षण दिखे तो अपने शरीर की जांच करवाएं ताकि बीमारी की पहचान हो सके और समय पर इलाज शुरू किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### बृजलाल ठाकुर चौथी बार बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन खंड सुंदरनगर की साधारण सभा की बैठक गोपाल मंदिर में प्रधान बृजलाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र चौहान, बल्ह यूनिट के प्रधान कुलदीप गुलेरिया, धनोटू यूनिट के प्रधान निक्का राम चौधरी, सचिव कृष्ण चंद्र एवं बल्ह इकाई के पूर्व प्रधान बालक राम उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा ने कहा कि पेंशनरों के लंबित वित्तीय बिलों का सरकार तुरंत भुगतान करें उन्होंने कहा साल 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय लाभ भी एक मुश्त करें। उन्होंने कहा कि जिला में 14 यूनिटों में 11797 पेंशनर सदस्य शामिल है इसके अतिरिक्त पूरे जिला में 1000 और सदस्यों को शामिल किया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर 80 साल से ऊपर के बुजुर्ग पेंशनरों को सम्मानित किया गया। साधारण सभा में प्रधान बृजलाल ठाकुर ने पूर्व कार्यकारिणी को भांग कर नए कार्यक्रम के गठन का प्रस्ताव रखा गया और नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए कुलदीप गुलेरिया और निक्का राम चौधरी को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया जिनकी देख-रेख में सर्वसम्मति से निर्विरोध बृजलाल ठाकुर को रिपीट करते हुए पुनः प्रधान तथा प्रेमलाल शर्मा को सचिव व कोषाध्यक्ष नागेंद्र गौतम को निर्वाचित किया गया। शेष कार्यकारिणी के गठन के लिए प्रधान को अधिकृत किया गया। इस अवसर पर भीम सिंह सेन, भूपेंद्र सिंह सेन, रतन लाल शर्मा सुरेंद्र मिश्रा, शक्ति चंद चौहान, दुर्गादास शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग तथा 70 से ज्यादा पेंशनर्स सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अनाथ बच्चों को मिला 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा के माध्यम से शहीद प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, टिकरू में मासिक धर्म स्वच्छता के तहत चलाई जा रही वो दिन योजना तथा सशक्त महिला योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता स्कूल की उप-प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने की।

इस मौके पर बच्चों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा बीआर वर्मा ने बताया प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखा आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा प्रदान कर सरकार ही माता व सरकार ही पिता की भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से सरकार न केवल ऐसे बच्चों को मासिक जेब खर्च प्रदान कर रही है बल्कि उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा का खर्च भी सरकार वहन कर रही है। साथ ही ऐसे बच्चों को देश के अन्य राज्यों का शैक्षणिक भ्रमण भी करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत चौंतड़ा ब्लॉक में कुल 46 अनाथ बच्चों की पहचान की गई है जिसमें 18 वर्ष तक आयु वर्ग के 17 तथा 18 से 27 वर्ष आयु वर्ग के 29 बच्चे शामिल हैं। सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ हिम समाचार एप्प की भी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि हिम समाचार एप्प के माध्यम से प्रदेश सरकार की प्रतिदिन की विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल की जा सकती है। उन्होंने बताया कि हिम समाचार एप्प को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य कर्मचारी, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जमीनों की ई-केवाईसी करने में मंडी जिले प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर

## जिलाभर में अब तक हो चुकी हैं 67 प्रतिशत जमीन संबंधित खातों की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजस्व कार्यों में सुधार से संबंधित राज्य सरकार की अभिनव या परिवर्तनात्मक पहल अब धरातल पर दिखाई देने लगी है। राजस्व अदालतों के माध्यम से जहां लोगों के इंतकाल, निशानदेही जैसे मामलों का शीघ्रता से निपटारा हो रहा है।

वहीं, अब राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब सभी जमीन मालिकों की जमीन संबंधित अनुमति आधारित जमाबंदी की ई-केवाईसी यानि जमाबंदी की अनुमति आधारित आधार सीड़ीग भी की जा रही है। इससे किसानों की जमीनों का संपूर्ण रिकॉर्ड आधार नंबर के साथ लिंक हो जाएगा। अनुमति आधारित किसानों की जमीनों से संबंधित जमाबंदी की ई-केवाईसी प्रक्रिया को मंडी जिला में प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। जिसके कारण मंडी जिला जमीनों




की जमाबंदी ई-केवाईसी करने वाला प्रदेशभर में सबसे अग्रणी जिला बना हुआ है। मंडी जिले में अब तक सबसे ज्यादा 67 प्रतिशत जमीन संबंधित खातों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। चंबा जिला 65 प्रतिशतता के साथ दूसरे स्थान पर, जबकि किन्नौर जिला 62 प्रतिशतता के साथ तीसरे स्थान पर चल रहा है।

बिलासपुर जिले में 59 प्रतिशत, हमीरपुर में 61 प्रतिशत, कांगड़ा में 34 प्रतिशत, कुल्लू में 60 प्रतिशत, लाहौल-स्पीति में 55 प्रतिशत, शिमला में 54 प्रतिशत, सिरमौर में 56 प्रतिशत, सोलन में 31 प्रतिशत जबकि ऊना जिले में 58 प्रतिशत और प्रदेशभर में कुल 52 प्रतिशत जमाबंदी खातों की ई-केवाईसी की जा चुकी है।

जमीनों की जमाबंदी संबंधित ई-केवाईसी करना, राज्य सरकार की व्यवस्था परिवर्तन और राजस्व कार्यों में सुधार करने की दिशा में एक बड़ी परिवर्तनात्मक पहल है। इसका सीधा लाभ प्रदेश के भूमि मालिकों को मिलेगा। उन्हें पटवार घरों के चक्कर काटने से छुटकारा मिलेगा। भूमि मालिक कहीं पर भी आधार नबंर के माध्यम से अपनी जमीन से संबंधित रिकॉड को ऑनलाइन देख सकेंगे।

करसोग तहसील में 68 प्रतिशत जमीन खातों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। सभी पटवारघरों में ई-केवाईसी करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। तहसीलदार करसोग डॉ. वरूण गुलाटी स्वयं प्रतिदिन आधार पर ई-केवाईसी, इंतकाल, निशानदेही जैसे मामलों की मॉनिटरिंग कर रहे है।

### राज्य सरकार ने तैयार की है ऐप

**राज्य** सरकार ने परिवर्तनात्मक पहल के अंतर्गत जमीनों की जमाबंदी की ई-केवाईसी करने और जमीन संबंधित रिकॉड को डिजिटल करने के उद्देश्य से डिजिटल टेक्नोलॉजी एडं गवर्नेंस विभाग के माध्यम से ई-केवाईसी मोबाइल ऐप तैयार की है, जिसमें आधार नंबर की मदद से जमीन मालिक के चेहरे की भी पहचान होगी। जमीन का पूरा रिकॉर्ड आधार नंबर के साथ लिंक किया जाएगा। जमीन की ई-केवाईसी होने से किसानों का भूमि संबंधित रिकॉर्ड ऑनलाइन हो जाएगा। जिससे जमीनों का पंजीकरण और विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने में भी आसानी होगी।

> **राज्य** सरकार के निर्देशानुसार मंडी जिलाभर में सभी जमीन मालिकों की जमाबंदी संबंधित ई-केवाईसी की जा रही है। राज्य सरकार की इस अभिनव पहल का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले, इसके प्रयास किए जा रहे है। जमीन मालिक अपनी जमाबंदी संबंधित ई-केवाईसी पटवारघरों में करवा सकते है।
> **-अपूर्व देवगन, उपायुक्त मंडी।**

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि में प्रकाशित होगी कॉफी टेबल बुक: अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शिवरात्रि मेला समिति मंडी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2025 के अवसर पर एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रही है। बुक में अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेला मंडी की विशिष्टता और इसकी विरासत को उजागर किया जाएगा। बुक की सामग्री, फोटो, डिजाइन और संपादन का अंतिम रूप देने के लिए एसडीएम मंडी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी समिति का मार्गदर्शन करेंगे।



उपायुक्त एवं मेला समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य आस्था और विरासत की बहुमूल्य धरोहर अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेलों के आयोजनों, मंडी का स्थानीय इतिहास, संस्कृति और प्रमुख घटनाओं को प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनभागीदारी से ही पूरा होगा। उन्होंने मंडी के नागरिकों से शिवरात्रि महोत्सव के पुराने फोटो, इतिहास से संबंधित कोई जानकारी समिति को भेजने का आग्रह किया है, ताकि इसे कॉफी टेबल बुक में प्रकाशित किया जा सके।

उपायुक्त ने बताया कि गत दिनों आम सभा की बैठक में विधायक चंद्रशेखर ने कहा था कि वर्ष 21वीं शताब्दी का रजत जयंती वर्ष है और इस वर्ष का शिवरात्रि महोत्सव बाकी आयोजनों से कुछ हटकर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं का यह मेला धर्म और परंपरा का अनोखा अंदाज संजोए हुए है और इसकी संपूर्ण जानकारी आने वाली पीढ़ी तक पहुंचनी चाहिए। इस बुक के प्रकाशन के लिए गठित कमेटी में एसडीएम मंडी कमेटी के अध्यक्ष, जिला सूचना अधिकारी सदस्य सचिव तथा जिला भाषा अधिकारी, जिला लोक संपर्क अधिकारी, प्रधानाचार्य वल्लभ डिग्री कॉलेज मंडी तथा अध्यक्ष द्वारा नामित कोई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति इसके सदस्य होंगे।

**क्या है कॉफी टेबल बुक**

**कॉफी** टेबल बुक बहुत-सी तस्वीरों वाली एक बड़ी किताब होती है जिसे आम तौर पर लोगों को देखने के लिए टेबल पर रखा जाता है। तस्वीरों को कालानुक्रमिक रूप में एक साथ रखा जाता है जो पाठक का ध्यान आकर्षित करता है।

## 22 किसानों ने ग्रहण की एफपीओ की सदस्यता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

किसान उत्पादक संघ धर्मपुर द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सदस्य बनाने और इस वित्त वर्ष में दो हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ग्राम पंचायत बसंतपुर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एफपीओ वर्किंग कमेटी एवं पंचायत समिति के सदस्य विजय कुमार और जगदीश ठाकुर ने की।

सचिव भूपेंद्र सिंह और परजा राम ठाकुर ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया और एफपीओ धर्मपुर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एफपीओ धर्मपुर प्रदेश में बने कुल 175 एफपीओ में सदस्यता के हिसाब से सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। एफपीओ ने अभी तक सकोह-सिद्धपुर, घरवासड़ा, तनियार, बरोटी और जोढन-सजाओपीपलु में पांच लघु प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर लिए हैं और उन्हें एफएसएसएआई लाइसेंस भी उपलब्ध करवा लिए हैं। अब जल्दी ही एक बड़ा मल्टी-प्रोसेसिंग यूनिट भराड़ी में स्थापित किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के उत्पाद बनाने के लिए यंत्र लगाए जाएंगे।

**जैविक विधि से खेती करने वाले किसान होंगे सम्मानित**

बैठक में मौके पर ही 22 किसानों जिनमें 20 महिलाएं हैं ने एफपीओ की सदस्यता ग्रहण की और इससे जुड़ने का निर्णय लिया सदस्यता ग्रहण करने वालों में हरलोट गांव की भवानी, रजनी, इंदु, प्यार चंद, उर्मिला, शंकुतला बहल गांव की बिमला, सावित्री, अंजू बाला और प्रमीला, अंजना, बिमला, सुमन शर्मा, गोमती, रीना आदि शामिल हैं। सचिव ने कहा कि बसंतपुर गांव के अजय कुमार, रसैन गांव में कैप्टन तारा चंद, अच्छर सिंह, रीना कुमारी ने अपने स्तर पर ही जैविक खेती कर रहे हैं और उन्हें अपने कार्यों में विस्तार करने और अब तक किए कार्य के लिए एफपीओ धर्मपुर उन्हें सम्मानित भी करेगा।

एफपीओ वर्किंग कमेटी सदस्य विजय कुमार और सदस्य जगदीश ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में आंवला बहुत ज्यादा होता है जिससे कैंडी, आचार, पाऊडर इत्यादि बनाया जा सकता है। इस दौरान कैप्टन तारा चंद, एएसआई कमलेश कुमार,पवन कुमार, विजय कुमार सहित लगभग अस्सी किसानों ने भाग लिया।

## पेंशनरों की बकाया राशि का तुरंत भुगतान करे सरकार

**आदर्श, नेरचौक**

हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ, वल्ह खंड इकाई की बैठक खंड प्रधान मंगत राम चौधरी की अध्यक्षता में डड़ौर में संपन्न हुई। बैठक में महासचिव जयराम नायक ने उपस्थित सदस्यों को संघ की गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पेंशन संशोधन के कारण पेंशनरों के लाखों रुपए का भुगतान वर्षों से लंबित है और पेंशनर पूरी उम्मीद लगाए बैठे थे कि सरकार हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस व गणतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पेंशनरों को उनके बकाया हक देने वारे आवश्य घोषणा करेगी, परंतु सरकार द्वारा पेंशनरों की



अनदेखी की गई, जिससे पेंशनरों में काफी रोष है।

उपस्थित सदस्यों ने मांग की कि प्रदेश इकाई इस संबंध में सरकार से पेंशनरों की लम्बित मांगों जिनमें पेंशन संशोधन पर मिलने वाली संशोधित ग्रैच्युटी, लीब-एनकैशमैंट, कम्युटेशन की वकाया राशि व जारी महंगाई भत्ता की दो किस्तों का एरियर, चिकित्सा बिलों के लिए पर्याप्त बजट जारी करने आदि को पूरा करवाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। खंड प्रधान द्वारा समस्त पदाधिकारियों एवं पेंशनरों से सत्र 2025-27 के लिए सदस्यता कार्यक्रम में पूरा सहयोग करने का आह्वान किया गया, ताकि मार्च तक पूरे खंड में पेंशनरों संपर्क कर शुल्क इक्ट्ठा कर लिया जा सके।

बैठक में गुरदास, मेघ सिंह चौधरी, दशौंधी राम, लक्ष्मन दास, माया राम शर्मा, हरी सिंह सैनी, लालमन वर्मा, तेज सिंह,भोला राम आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# नशे के विरुद्ध बसंतपुर के महिला मंडल लड़ेंगे युद्ध, कमेटी गठित

**रितेश, सरकाघाट**

भारत नशा मुक्त अभियान के तहत मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर ग्राम पंचायत के एक दर्जन महिला मंडलों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध छेड़ने का संकल्प लिया है।

इसके लिए 12 महिला मंडलों ने कमेटी गठित की है, जिसमें नवज्योति महिला मंडल की प्रधान शीला एवं सचिव प्रमीला हरिजन महिला मंडल रसैन की किरणा और सुषमा रसैन गलू हरलोट-2 की ब्यासा और सुदेश, अंबेदकर महिला मंडल जंद्रहड़ी की कांता और निशा लत्तेहड़ा की प्रमीला और शोमा टेला की सलोचना और रजनी बसंतपुर की ऊषा और गोमती हरलोट-1 की कमला और लता समलेट की शीला शर्मा और पूनम ठाकुर प्रेरणा महिला मंडल की सुनीता और बन्दना को कमेटी सदस्य बनाया गया है।



नशा मुक्ति अभियान के बारे में पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार और पूर्व जिला पार्षद एवं मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महिला मंडलों को जानकारी प्रदान की और उन्होंने बताया कि बढ़ते नशे के इस्तेमाल को रोकने में महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं और अपने गांव व पंचायत को नशा मुक्त बना सकती हैं।

उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए गांव गांव कमेटियां बनाने का कार्य धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति ने चलाया है जिसका नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय एथेलीक्स कोच भुपिंद्र भूप्पी कर रहे हैं और अगले दो महीने में सभी ग्राम पंचयतों में इन कमेटियों का गठन कर लिया जायेगा। वर्तमान में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है और युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा। केवल पुलिस, प्रशासन और सरकार को कोसने से बात नहीं बनने वाली है, क्योंकि पुलिस अगर किसी को पकड़ती भी है तो कोई व्यक्ति गवाही देने के लिए तैयार नहीं होता है और बहुत से मां-बाप अपने बच्चों के बारे में नशे की लत लग जाने बारे छुपाते हैं और जब स्थिति कंट्रोल से बाहर हो जाती है तब उसे सुधारना बहुत मुश्किल हो जाता है। उन्होंने नशे की गिरफ्त में फंस चुके युवाओं की काउंसलिंग के लिए सेंटर स्थापित करने की मांग सरकार से की है ताकि ऐसे युवा-युवतियों की वहां पर काउंसलिंग की जा सके। (अनंत ज्ञान)

## 'एनपीएस व यूपीएस कर्मचारी हित में नहीं'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा केंद्र सरकार के आगामी बजट में कर्मचारियों की लंबित मांगें पूर्ण करने की गुहार लगाई गई है। महासघं की गुहार में केंद्र सरकार से सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम सीसीएस पेंशन रूल 1972 के अनुसार लागू करने की मांग की गई है। यही नहीं महासंघ द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम ओर नेशनल पेंशन स्कीम कर्मचारियों के खिलाफ बताया है।

महासंघ की ओर से पूरे देश मे एक विधान, एक कानून, एक साथ चुनाव के साथ साथ पुरे देश के सभी राज्यों के कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतनमान, भत्ते, रिटायरमेंट आयु, मंहगाई भत्ता, हाउस रेंट व अन्य सुविधाएं देने की मांग उठाई गई है। महासंघ ने देश व विभिन्न राज्यों में मानदेय के आधार पर कार्यरत कर्मियों अनुबंध कर्मियों व आऊटसोर्स के आधार पर भर्ती बंद कर नियमित भर्ती करने व कार्यरत कर्मियों को नीति बनाकर नियमित किया करने, बोर्डों, निगमों और पब्लिक सैक्टर के कर्मियों को भी उचित पुरानी पेंशन देने की वकालत की है। महासचिव उमेश कुमार ने तृतीय व चुर्तथ श्रेणी कर्मचारियों और तकनीकी कर्मचारियों सहित सफाई कर्मियों के रिक्त पदों पर भर्ती करने की मांग की है।

> कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण को विस्तृत मांग पत्र भेजा जा रहा है, ताकि आगामी बजट में इस पर उचित कदम उठाए जा सकें।
> **- नरेश ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष, हिप्र कर्मचारी महासंघ**

## स्कूटी सवार से 23 बोतल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी शहर के स्कूल बाजार में स्कूटी पर अवैध शराब की सप्लाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध देसी शराब की 20 और 3 बोतल अंग्रेजी शराब कुल 23 बोतलें बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है और बरामद अवैध शराब को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी जिला में अवैध शराब की बिक्री को लेकर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## कॉलेज की जमीन पर बने हॉस्टल: एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मंडी ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश सरकार जिमखाना क्लब मंडी के निकट स्थित वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की जमीन को हथियाने की योजना बना रही है।

बता दें कि जिमखाना क्लब के नजदीक कॉलेज की जमीन हैं वहां कॉलेज के प्रोफेसरों के लिए बनी पुरानी इमारतें हैं। ऐसे में विद्यार्थी परिषद ने दावा किया है कि सुक्खू सरकार कॉलेज की जमीन पर कब्जा कर वहां जिला पुस्तकालय एवं पीडब्ल्यूडी विभाग जमीन देने की योजना में है।

चिराग ठाकुर विभाग संयोजक मंडी ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार कॉलेज की जमीन पर कॉलेज के बच्चों के लिए छात्रवास खोलने की योजना करती है तो विद्यार्थी परिषद इसका समर्थन करेगी, परंतु विद्यार्थी परिषद कॉलेज की जमीन पर जिला पुस्तकालय खोलने के सख्त विरोध में है। कॉलेज के पास पहले से ही एक बड़ा पुस्तकालय है ऐसे में छात्रों की भी मांग है कि कॉलेज की जमीन पर सरकार हॉस्टल खोलने की घोषणा करे और जिला पुस्तकालय के लिए किसी अन्य स्थान पर जमीन को चिन्हित किया जाए।

इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने बताया कि सरकारी नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी कॉलेज के पास न्यूनतम 35 बीघा जमीन का होना अनिवार्य है। ऐसे में अगर प्रदेश सरकार महाविद्यालय की जमीन पर किसी अन्य संस्थान या अन्य इमारत को बनाएगी तो विद्यार्थी परिषद इसका कड़े से कड़ा विरोध प्रकट करेगी।

**आस्था** | पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से कंगोत्री मंदिर की है अलग पहचान

# छतरीधार में पर्यटन की संभावनाएं अपार


**लक्की शर्मा, करसोग**

पश्चिमी हिमालय के गर्भस्थल मांडव्य नगर मंडी अपनी ऐतिहासिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लिए सुविख्यात है। पांगणा उपतहसील की जाच्छ-कांढा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आती छतरीधार बेहद खूबसूरत है। प्रकृति ने इसका जमकर श्रृंगार किया है। पर्यटन की दृष्टि से देखा जाए तो छतरीधार में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी आज भी यहां खलती है।

वहीं, यहां का प्रतिष्ठित देवी कंगोत्री मंदिर अपनी दैवीय सत्ता के लिए विख्यात है। पांगणा-मंडी राज्य मार्ग के जाच्छ नामक स्थान से जाच्छ-खनीउड़ी संपर्क मार्ग पर 'बह' नामक स्थान से डेढ़ किमी की दूरी पर छतरीधार चोटी पर अवस्थित देवी का मंदिर विराजमान है। सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली हिम का कहना है कि ऊंची टेकरी अर्थात 'कंगूरे' पर अवस्थित होने के कारण देवी का नाम कंगोत्री सुविख्यात हुआ। देवी कंगोत्री का यहां प्राकट्य लगभग 1870 ई. के आसपास यहां के ग्रामीण को संयोग से देवी का प्राकट्य का सुफल प्राप्त हुआ।

मान्यता के अनुसार यहां के स्थानीय व्यक्ति को द्रंग से खनिज नमक लाने, उठाए गए नमक के किलटे से देवी का प्राकट्य हुआ। कालांतर में काष्ठ निर्मित मंदिर के बारंबार आग के भेंट चढ़ने से मंदिर को पूर्णत: संगमरमर से बनाने की भूमिका चैत्र मास के नवरात्रि में साल 2019 में आरंभ हुई। मंदिर के निर्माण के लिए राजस्थान के दौलतपुरा स्थान से जोधपुरा पत्थर लाया गया। कंगोत्री देवी के गर्भगृह व मंडप क्षेत्र को पूर्णत: संगमरमर के उत्कीर्ण विशाल स्तंभों पर अवलंबित किया गया है गर्भ गृह के बाहरी भाग मंडप व प्रदक्षिणा पथ स्थल को भी स्तंभों पर आधारित कर आकर्षक बना दिया गया है। यहां से चारों ओर का दृश्य मनोहारी है। मंदिर के बाहर दाईं ओर ग्वालु देव व बाईं ओर लांकड़ा वीर के विग्रह अवस्थित है।

कंगोत्री माता का यह मंदिर घने वनों के बीच में बना है, जहां आग लगने की संभावना अधिक रहती है। अत: ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जीवंत देवी के मंदिर को आग से बचाने के लिए संगमरमर के कीमती पत्थर का सह परिमाप में राजस्थान के जोधपुर से यहां लाया गया। अत: संगमरमर से निर्मित यह पूरा मंदिर हिमाचल का पहला काष्ठ लकड़ी से मुक्त मंदिर है। (अनंत ज्ञान)



माता के दर्शनों के लिए आए लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ के लिए निशुल्क बस सेवा का पंजीकरण शुरू



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने क्षेत्रवासियों के लिए महाकुंभ 2025 के पावन अवसर पर एक अनूठी पहल की है। उन्होंने 12 फरवरी तक प्रयागराज महाकुंभ स्नान हेतु निशुल्क बस सेवा शुरू करने की घोषणा की है, जिसे जनता की ओर से भरपूर सराहना मिल रही है। उन्होंने गगरेट विधानसभा क्षेत्र की जनता से आग्रह किया है कि जल्दी से जल्दी उनके कार्यालय में आकर पंजीकरण करवा लें। इस विशेष यात्रा में प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के साथ-साथ अयोध्या, वृंदावन और अन्य पावन स्थलों के दर्शन भी शामिल होंगे। इस सेवा का लाभ उठाने के इच्छुक श्रद्धालु चैतन्य शर्मा के कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल से गगरेट क्षेत्र के श्रद्धालुओं को एक सुव्यवस्थित और भक्तिमय यात्रा का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण संख्या के आधार पर ही पात्र लोगों को निशुल्क बसों में महाकुंभ यात्रा पर भेजा जाएगा।

### सड़क सुरक्षा को लेकर रैली निकाली




**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मवा कहोलां में बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकाली गई, जिसमें 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यकारी प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रा अपनी साइड करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दौड़ कर या जल्दबाजी में सड़क पार न करें। उन्होंने कहा कि खड़ी गाड़ियों के सामने या बीच में से सड़क पार न करें। ऐसा मोड़ जहां से आने वाला वाहन चालक आपको देख न सकें, सड़क पार न करें तथा रेलिंग से कूदकर सड़क पार न करें। उन्होंने चौपहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा व शराब पीकर वाहन न चलाने, उचित दूरी बनाकर चलने, जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अवसर देने, सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाने, वहां तेज गति से न चलाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर अटल कुमार, विनय सिंह, जय चंद, राजीव कुमार, सुशील कुमार, पूजा रानी आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल पहुंचने पर दिलजीत का जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम वीरेंद्र गौतम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बाल संतोषगढ़ में कक्षा बाहरवीं का छात्र दिलजीत को शिमला में स्टेट लेवल आरडी परेड के उपलक्ष्य पर भाग लेने के लिए प्रधानाचार्य सीमा देवी द्वारा सम्मानित किया गया और बच्चों द्वारा गर्मजोशी के साथ दिलजीत का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर रामपाल शर्मा, एनएसएस ऑफिसर अनुपमा, रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज मोनिका, इको क्लब के अध्यक्ष रेणु और अन्य प्रवक्ता राजेश शर्मा, अंजू कुमारी, सरिता कुमारी, सुशील, परमजीत, दुर्गेश, नंदनी, अजय , टीजीटी मनोहर लाल, माधुरी, वंदना, पीईटी परमजीत, ऋषि कुमार और मनीता व सभी शिक्षक-गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

# सलोह में संदिग्ध के घर से अफीम सहित 2 लाख की ड्रग मनी जब्त

## जिला पुलिस ने हरोली, सदर, टाहलीवाल और थाना गगरेट में अलग-अलग ठिकानों पर की रेड

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

ऊना के पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसआईटी के हेड संजीव भाटिया, डीएसपी मोहन रावत से एसआईटी को लेकर बैठक की थी जिसमें उन्होंने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। जिला पुलिस कप्तान राकेश सिंह के निर्देशों पर पुलिस थाना सदर ऊना में गैंगस्टर गतिविधियों पर रोकथाम को लेकर एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें एक एसआईटी का गठन किया गया है।

इसमें पिछले कल फिरौती की गतिविधियों में शामिल अपराधी राकेश कौशल को पंजाब के रोपड़ से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर आज गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी से पहले हुई पूछताछ में एसआईटी को कुछ संदिग्धों के बारे में आरोपी से जानकारी मिली थी। इस संदर्भ में आज तड़के सभी संबंधित थानों को सूचना देकर कार्रवाई के लिए आदेश दिए गए थे, जिन पर कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस द्वारा आज थाना हरोली, थाना सदर, थाना टाहलीवाल तथा थाना गगरेट में अलग-अलग ठिकानों पर रेड की गई।

इस कड़ी में पुलिस थाना हरोली की टीम ने थाना प्रभारी सुनील के नेतृत्व में स्लोह में स्थित हरप्रीत सिंह ढिल्लू नामक व्यक्ति के घर पर रेड की। इस दौरान तलाशी के दौरान हरप्रीत सिंह के घर से 357 ग्राम अफीम तथा दो लाख रुपए ड्रग मनी बरामद हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर दिया है तथा आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

हरप्रीत सिंह उर्फ ढिल्लू के ऊपर पहले भी माइनिंग के केस दर्ज हैं, जिसका अवैध माइनिंग को लेकर नाम चर्चा में रहता है। हरोली पुलिस काफी दिनों से ढिल्लू की अवैध गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए थी जो पुख्ता सूचना मिलने पर उक्त कार्रवाई की गई है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी राकेश सिंह व अन्य।

### संगीन अपराध से जुड़े लोगों पर पुलिस सख्त: राकेश सिंह

एसपी राकेश सिंह ने कहा कि ऊना जिले में किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कोई गैंगस्टर हो अथवा अवैध खनन से जुड़ा हो, उसे किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को संगीन मामलों में काबू किया गया है और कुछ को ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है, ऐसे लोगों से जो भी सुराग मिलेंगे, उनके आधार पर इन गिरोहों से जुड़े हुए लोगों की धरपकड़ की जाएगी। इस सिलसिले में ही जिले के विभिन्न स्थान पर विशेष जांच दल ने दबिशें देकर कुछ लोगों से पूछताछ की है और कुछ जगह का मादक पदार्थ और कैश भी बरामद हुआ है। इन मामलों को एक दूसरे के साथ जोड़कर देखा जा रहा है, तथा कार्रवाई जारी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र दिलवां-2 में बच्चों की खाद्य सामग्री चुराई



चोरी को लेकर पुलिस जानकारी हासिल करती हुई।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

दियाड़ा पंचायत के तहत पड़ते आंगनबाड़ी केंद्र दिलवां 2 में रात को शातिर चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र के दोनों कमरों के ताले तोड़कर बच्चों के लिए रखी खाद्य सामग्री चुरा ले गए।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा देवी ने पुलिस थाना अंब में दी लिखित शिकायत में बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों को राशन बनाने के लिए रखा हुआ भरा गैस सिलेंडर, 24 पैकेट रिफाइंड, 4 किलो के करीब शक्कर, 5 किलो सेबियां के करीब शातिर चोर चुराकर ले गए हैं। मौके पर पहुंची पर्यवेक्षक संतोष कुमारी ने बताया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र में इससे पहले भी 2 बार सिलेंडर और राशन चोरी हो चुका है।

शिकायत के बाद पुलिस थाना अंब की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चोरी की सूचना के बाद पंचायत उपप्रधान अशोक कुमार, वार्ड पंच, स्थानीय सोसायटी के प्रधान बलविंद्र कुमार बंटी भी मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों व आंगनबाड़ी केंद्र के नजदीक रह रहे प्रवासी मजदूरों को पुलिस जांच में सहयोग की अपील की। डीएसपी अंब बसुधा सूद ने बताया के चोरी की शिकायत के बाद पुलिस को मौके पर भेज दिया गया है, छानबीन जारी है।

# संगठन की एकजुटता पर दिया गया बल

**हीना पठानिया, बड़ूही**

प्रेस क्लब की मासिक बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी अतिथि गृह परिसर में किया गया। क्लब के प्रधान नरेंद्र शर्मा रिंकी की अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन को सुचारु रूप से चलाने के लिए रोस्टर आधारित बैठक का शेड्यूल तैयार करने का निर्णय लिया गया, साथ ही समयबद्व तरीके से क्लब की बैठकें आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

संगठन के विस्तार में कुछ नए सदस्य के रूप में पत्रकार शामिल हुए हैं, उन्हें अन्य सभी पत्रकारों ने बधाई दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा रिंकी ने संगठन में शामिल सभी पत्रकार साथियों को एकजुटता पर बल देते हुए संदेश दिया। मुख्य संरक्षक सुभाष गर्ग ने निष्पक्ष पत्रकारिता का संदेश देते हुए कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता से ही समाज के पीड़ित तबके को न्याय मिल पाता है। सचिव पूर्ण शर्मा ने कहा कि जोल प्रेस क्लब के विस्तार में अच्छे पत्रकारों के शामिल होने से क्षेत्र में निष्पक्ष पत्रकारों के संगठन के रूप में विख्यात है, जो खुशी का विषय है। उन्होंने संगठन के संरक्षण के रूप में रहकर हरसंभव सहयोग किए जाने की बात कही है। इसके अलावा पत्रकारों से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में शामिल जोल प्रेस क्लब के तमाम सदस्यों और पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बात कही। इस दौरान सदस्यों ने क्लब की बेहतरीन के सुझाव भी दिए। बैठक के कार्यक्रम का संचालन कर मुख्य संरक्षक सुभाष गर्ग द्वारा संगठन की बेहतरीन को लेकर विभिन्न मुद्दे उठाए, जिस पर सभी पदाधिकारीयों ने सहमति जताई।

इस दौरान अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मुख्य संरक्षक सुभाष गर्ग, सचिव पूर्ण चंद शर्मा, सह-सचिव अश्वनी दयात, कोषाध्यक्ष नीरज चोपड़ा, सह-कोषाध्यक्ष पंकज रणौत, संजीव संधू, अश्वनी कुमार, शिवकुमार, विजय कपिला सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।



प्रेस क्लब जोल की बैठक में मौजूद गणमान्य।

# पॉलीथिन का प्रयोग करने पर 56 दुकानदारों से वसूला 23 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 322 उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से जिले के 1,42,252 राशन कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि ऊना जिले में एपीएल श्रेणी के 82,253, बीपीएल के 18,980, अंत्योदय अन्न योजना के 10,089 तथा प्राथमिक गृहस्थियां के 30,930 उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में आधार सीडिंग का कार्य 99.99 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है जबकि मोबाइल सीडिंग का कार्य 96.6 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा ई-केवाईसी का कार्य 98 प्रतिशत पूर्ण किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में माह जुलाई से नवंबर, 2024 तक 76,788 क्विंटल आटा, 50,503 क्विंटल चावल, 13,236 क्विंटल चीनी, 1,566 क्विंटल नमक, 6,744 क्विंटल चना दाल, 2,174 क्विंटल मल्का दाल, 2,067 क्विंटल उर्द की दाल, 7,52,732 लीटर सरसों का तेल और 1,33,130 लीटर रिफाइंड ऑयल का वितरण किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि माह जून से नवंबर, 2024 तक जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 1316 निरीक्षण किए गए और इस अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं के पाए जाने पर 95 मामलों पर कार्रवाई करते हुए 41 हजार 760 का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 56 दुकानदारों और व्यापारियों को पॉलीथिन का उपयोग करने पर 23 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

इसके अलावा ईंट भट्ठों में अनियमतताओं के चलते कुल 81 हजार 775 रुपए का जुर्माना डाला गया। इस अवसर पर जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा, केसीसी बैंक प्रबंधक विवेक कंवर, अनुपम श्रीवास्तव, राजेश कुमार, सेल्स सुपरवाइजर कुलदीप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भगदड़ में हुए जानमाल की नुकसान की जिम्मेदार भाजपा : देवीलाल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** युवा कल्याण बोर्ड के पूर्व निदेशक देवीलाल ने मौनी अमावस्या स्नान पर हुई भगदड़ से हुए जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कुंभ का स्नान सदियों से चला आ रहा है, मगर इस बार कुंभ के स्नान को राजनीतिक रूप देखकर वोट की राजनीति भाजपा सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में अव्यवस्था की वजह से हुई भगदड़ और दम घुटने से श्रद्धालुओं के जानमाल के नुकसान के लिए सीधे भाजपा सरकार जिम्मेदार ठहराया। देवीलाल ने कहा की कुंभ की तैयारियों में भारी लापरवाही बरती गई और महाकुंभ में आम श्रद्धालु की सुरक्षा व्यवस्था और चिंता के बजाए भाजपा सरकार ने महाकुंभ को अपने फोटो और वीडियो सेशन का अड्डा बनाकर रख दिया।

# सेवा कार्यों के साथ मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

**अनंत ज्ञान, जोल**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर का बुधवार को 60वें जन्मदिन कुटलैहड क्षेत्र के विभिन्न मंडलों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सेवा कार्यों के साथ मनाया और उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। भाजपा कुटलैहड़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने बताया कि कुटलैहड़ मंडल द्वारा थानाकलां के कुआड़ी में स्थित कामधेनु गोशाला में गायों को हरा चारा और गुड़, चना खिलाया और रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गोशाला में एकत्रित होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। केक काटकर उनके जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कुटलैहड युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को तलवार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। भाजपा के महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा ने कहा कि जिस तरह से पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर पार्टी को मजबूत करने में अपना योगदान दिया, इस प्रकार पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी के सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराकर पार्टी को और मजबूत बनाएं।

वीरेंद्र कंवर ने अपने जन्मदिन की शुरुआत कुटलैहड विस क्षेत्र के प्रमुख कामधेनु गोशाला धाम कुआड़ी के रामेश्वर महादेव मंदिर पर अभिषेक कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना के साथ आशीर्वाद लिया।

ह्यूमन राइट्स बिंग के राज्य अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के जन्मदिन को खास बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही कामधेनु गोशाला एवं क्षेत्र के आमजन खासकर कुटलैहड युवा मोर्चा में भारी उत्साह देखा गया।



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के जन्मदिन पर उन्हें तलवार भेंट की गई।

### जय श्रीराम के नारों से किया अभिनंदन

कामधेनु गोशाला धाम में जब वीरेंद्र कंवर, पत्नी मीना कंवर व अपने बेटे दीपांकर कंवर, पुत्रवधू धान्या कंवर एवं कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ दर्जनों वाहनों के साथ जन्मदिन आयोजन स्थल गोशाला धाम कुआड़ी पहुंचे, जहां उनका फूल मालाएं पहनाकर एवं जय श्री राम के नारों से उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

# भिआंबी-बड़सर सड़क मार्ग चार दिन के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत भिआंबी-बड़सर सड़क पर वाहनों की आवाजाही 28 से 31 जनवरी तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा गया है। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रडेशन कार्य को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। वाहनों के आवागमन के लिए यातायात को संपर्क मार्ग पिपलू से भिआंबी वाया चुकानी वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# स्कूल पहुंचने पर अंकिता का भव्य स्वागत

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी अंकिता धीमान ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला में मार्चपास्ट में अन्य स्वयंसेवियों के साथ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मार्चपास्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस समारोह में अन्य स्कूलों से भी कई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने अपने-अपने स्कूलों एवं जिले का प्रतिनिधित्व किया। शिमला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के उपरांत विद्यालय आगमन पर थानाकलां स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर एवं शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा अंकिता धीमान का फूलों के हार पहनाकर अभिनंदन किया गया।

प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी अंकिता धीमान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने के उपरांत कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज को जागरूक करने एवं स्कूल के विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा मिलती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल ने बताया कि स्कूल में शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहने के बारे में जानकारी दी गई और पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी राधिका धीमान ने कहा कि स्कूल में शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहकर एवं अन्य स्कूल के विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल एवं राधिका ने कहा कि अंकिता धीमान से स्कूल के सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य बलबिंदर कुमार ने कहा कि अंकिता धीमान बहुत ही होनहार छात्रा एवं हमेशा अनुशासन में ही रहती है तथा अन्य बच्चों को भी प्रेरित करती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी अंकिता धीमान ने इस सफलता का श्रेय अपने कार्यक्रम अधिकारी नंद लाल एवं राधिका धीमान को दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक हंसराज, लवेश ठाकुर, हरेंद्र देव, संयोगिता शर्मा, सुमन लता, संदेश कुमारी एवं कांता देवी के अलावा सभी शिक्षक एवं स्कूल के विद्यार्थी मौजूद थे।



राज्पाल के सामने शिमला में स्वयंसेवी ने मार्चपास्ट से दिखाई प्रतिभा।

# प्रदेश के प्रत्येक नागरिक पर करीब सवा लाख रुपए का कर्ज : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कोटला के अप्पर कोटला बेला में संविधान गौरव अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में कुटलैहड़ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस दौरान भुट्टो ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। उन्होंने युवाओं से संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की अपील की।

भुट्टो ने राज्य की सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पर भी जनसभा में तीखे प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि कहा जाता है, आज गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने 'व्यवस्था परिवर्तन' का वादा किया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर नजर आ रही है।

राज्य की कुल आबादी करीब 75 लाख है, लेकिन सरकारी नीतियों और अनियोजित वित्तीय प्रबंधन के चलते अब प्रत्येक नागरिक पर औसतन सवा लाख रुपए से अधिक का कर्ज चढ़ चुका है। भुट्टो ने कहा कि राज्य में बीते दो वर्षों से विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राज कुमार, भाजपा नेता सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, भाजपा नेत्री संतोष सैनी, सुषमा ठाकुर, भारत भूषण, राजेश, नीरज के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।

**अनदेखी** जलशक्ति विभाग की स्कीम से बना भवन अब खंडहर

# 12 वर्ष बाद भी बोर पर नहीं लगी मोटर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कोटलाकलां गांव में जलशक्ति विभाग द्वारा बनवाए गए भवन में अब घासफूस और जंगली बूटी उग चुकी है। यह भवन और उसके आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से अव्यवस्थित और उपेक्षित पड़ा हुआ है। लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद यह निर्माण सफेद हाथी बनकर रह गया है, जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है।

स्थानीय प्रधान सरजीवन कुमार ने बताया कि 2012 में जलशक्ति विभाग ने यहां एक बोरवेल का निर्माण करवाया था, लेकिन 12 साल बीत जाने के बाद भी इस बोरवेल में मोटर नहीं लगाई जा सकी, जिससे इस बोर के पानी का ग्रामीणों को कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कई बार विभाग से इसे चालू करने की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। सरजीवन कुमार का कहना है कि हमने बार-बार विभाग से आग्रह किया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इस बोरवेल और भवन को जल्द चालू किया जाए, ताकि यहां के लोगों को पानी की सुविधा मिल सके।

इस स्थिति पर स्थानीय निवासियों में भी गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में पानी की बहुत कमी है और इस बोरवेल से मिलने वाली सप्लाई से काफी हद तक समस्या हल हो सकती थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण अब तक कोई समाधान नहीं निकला। अब यह सवाल उठता है कि क्या विभाग इस भवन और बोरवेल के निर्माण पर किए गए खर्च का सदुपयोग करेगा या यह हमेशा की तरह अव्यवस्थित रहेगा। ग्रामीणों ने राज्य सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।



कोटलाकलां में जलशक्ति विभाग का भवन अनदेखी के चलते खंडहर बन गया है।

# दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड लगें : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन से रोजाना चार रेलगाड़ियां रवाना होती हैं जिस में से दो रेलगाड़ियां दिल्ली के लिए चलती हैं। ऊना जिले के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा इस स्टेशन के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने और कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग ट्विटर के माध्यम से भारतीय रेलवे और भारतीय रेल सेवा के समक्ष उठाई गई।

इस पर रेलवे की ओर से आए उतर में कहा गया कि इस स्टेशन पर प्लेटफार्म की कुल लंबाई 424 मीटर है, जिसमें से 354 मीटर को ऊंचा किया जा चुका है। शेष 70 मीटर को जल्द ऊंचा किया जाएगा। रेलवे अंबाला मंडल द्वारा संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आपको बताते चलें कि अरुण कौशल द्वारा पिछले वर्ष से रेलवे संबंधित कई मांगें उठाई जा चुकी हैं, जिस पर भारतीय रेलवे और अंबाला मंडल कार्य कर रहा है।

# कबड्डी टीम का चयन ट्रायल 2 को

**अनंत ज्ञान, हरोली।** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के लिए जिला ऊना के सीनियर वर्ग के लिए लड़कों की टीम का ट्रायल 2 फरवरी को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूबोवाल में होगा। ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का वजन 85 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए और ट्रायल देने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की कॉपी और एक फोटो लेकर आएं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं, जसवीर सिंह** (Jasvir Singh) पिता आर्मी नं. 18014911W पद- SPR कुलदीप सिंह, यूनिट 9 RR स्थायी पता गांव अप्पर अरनियाला, डाकघर कोटला कंला, पी.एस. ऊना, जिला ऊना, पिन-174303 (हि.प्र.) मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड पार्ट-2 ऑर्डर में में जसवीर सिंह (Jasvir Singh) एवं जन्मतिथि 10 जुलाई 1972 गलत दर्ज है सही नाम जसबीर सिंह (Jasbir Singh) एवं जन्मतिथि 01 जनवरी 1971 है शपथ पत्र दिनांक 28.01.2025 द्वारा कार्यपालक दंडाधिकारी ऊना।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं, उर्मिला** (Urmila) माता आर्मी नं. 18014911W पद- SPR कुलदीप सिंह, यूनिट 9 RR स्थायी पता गांव अप्पर अरनियाला, डाकघर कोटला कंला, पी.एस. ऊना, जिला ऊना, पिन-174303 (हि.प्र.) मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड पार्ट-2 ऑर्डर में में उर्मिला (Urmila) एवं जन्मतिथि 06 अक्तूबर 1977 गलत दर्ज है सही नाम उर्मिला देवी (Urmila Devi) एवं जन्मतिथि 19 जुलाई 1978 है शपथ पत्र दिनांक 28.01.2025 द्वारा कार्यपालक दंडाधिकारी ऊना।

## न्यूज ब्रीफ

### देश में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देश में सड़क दुर्घटनाएं और उनके कारण होने वाली मौतें एक गंभीर समस्या बन गई हैं। सड़क सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करना है। इसमें यातायात के नियमों का पालन, ड्राइविंग के दौरान सतर्कता और पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान शामिल है। सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत स्वयंसेवियों द्वारा अधिक यातायात वाली जगहों पर यातायात नियंत्रण करने के लिए अपनी सेवाएं दी गईं।

### अब बैंक में मिलेगी स्वास्थ्य चेकअप की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** और केसीसीबी बैंक की नई पहल से क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरों में रह रहे बैंक के खाताधारकों के लिए एक अच्छी खबर है। कांगड़ा बैंक कुल्लू जोन की निदेशक प्रेम लता ठाकुर ने एम-स्वास्थ्य के ई-क्लीनिक का गांधीनगर कुल्लू में उद्घाटन किया। इस दौरान एम-स्वास्थ्य के प्रतिनिधि ने इस पहल के माध्यम से प्रदान की जाने वाली तकनीकी प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं के लाभों को साक्षा किया। एम-स्वारल्या और केसीसीबी का यह सहयोग, प्रौद्योगिकी-सतम ई-कतिनिकों के माध्यम से किफायती और सुलभ चिकित्सा परामर्श, डायग्नोस्टिक सेवाएं और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस अवसर पर बैंक की निदेशक प्रेमलता ठाकुर ने कहा कि यह पहल सामुदायिक उत्थान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एम-स्वास्थ्य के साथ इस सहयोग के माध्यम से हम स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों को दूर कर, हिमाचल प्रदेश के लोगों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### एशियाई शीतकालीन खेलों में खेलेंगी 3 खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश की तीन महिला स्कीयर चीन में होने वाली एशियाई शीतकालीन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कीइंग में अब तक के प्रदर्शन पर बनी रैंकिंग के आधार पर हिमाचल की चार खिलाड़ियों में से तीन का चयन हुआ है। महिला एथलीटों आंचल ठाकुर, संध्या ठाकुर और तनुजा ठाकुर के चयन से मनाली में खुशी की लहर है। यह प्रतियोगिता चीन के हारबिन में 7 से 14 फरवरी तक होगी। हिमाचल के एथलीट अल्पाइन स्कीइंग सलालम स्पर्धा में प्रदर्शन करेंगे और पदक हासिल करने और लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हिमाचल विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने कहा कि यह खुशी की बात है कि हिमाचल की तीन महिला स्कीयर चीन में दमखम दिखाएंगी।

### डिजिटल ठगी को लेकर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सैंज।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सैंज ने शैंशर पंचायत में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से शैंशर पंचायत के मनाहरा गांव में पंचायत के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं व ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक किया। बैंक के सहायक प्रबंधक जगदीश कुमार व दया राम ने ग्रामीणों को जानकारी साझा करते हुए कहा कि आजकल घर का प्रत्येक सदस्य बैंकिंग से जुड़ा हुआ है और इन सभी का जागरूक होना आवश्यक है। जागरूकता कार्यक्रम में बैंक प्रबंधन ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नाबार्ड तथा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। वहीं, डिजिटल बैंकिंग तथा डिजिटल ठगी को लेकर भी लोगों को जागरूक किया।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति द्वारा पंचायत गोंधला मे बाल अधिकारों पर स्थानीय पंचायत प्रधान सूरज की अध्यक्षता में बालकों के अधिकारों व संरक्षण अधिनियम, योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संरक्षण अधिकारी संस्थागत जोगिंद्र कुमार ने दतक ग्रहण, किशोर न्याय एवं संरक्षण अधिनियम 2015-16, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व 19, जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका आदि विषयों पर लोगों को जागरूक किया। शिविर में बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंद्र ने वो दिन योजना पर अपने विचार रखे तथा विभागीय योजना के बारे बात रखी। आयुष विभाग से डॉ. मनमोहन ने आयुष विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना सुप्रजा, व्योमित्र, आयु विधा, करुन्य, सर्वोदय योग तथा आयुष मेडिकल मोबाइल आदि विषयों पर जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने युवाओं को नशे से दूर रहने के उपाय, बाल विवाह, बाल श्रम आदि विषयों पर जानकारी दी।

### केलांग में आइस हॉकी प्रशिक्षण संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** केलांग में सात दिवसीय आइस हॉकी बेसिक प्रशिक्षण 'लर्न टू स्केट' कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। पंचायत केलांग के उपप्रधान नावंग छेरिंग मुख्यातिथि उपस्थित हुए। वार्ड सदस्य कांता थॉलगपा, वांगयाल छेलिंगपा, दोर्जे टशीजी, अंगमो विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। उपप्रधान नावंग छेरिंग ने बताया कि बच्चों के लिए आयोजित की गई सात दिवसीय आइस हॉकी बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल रहा। पंचायत केलांग और आइस हॉकी संघ लाहौल स्पीति का विशेष योगदान रहा। भविष्य में भी इसको बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण देने के लिए आइस हॉकी संघ लाहौल-स्पीति की कोच केसंग और तेजिंन को सम्मानित कर उनका धन्यावाद किया। आयोजन में योगदान करने के लिए सांगे स्वयं साहिता समूह केलांग की महिलाओं को सम्मानित कर उनका आभार जताया। पंचायत की कोशिश है कि बच्चों के लिए आइस हॉकी रिंक बनाया जाएगा, जिससे यहां से बच्चों को इस खेल के लिए तैयार किया जाएगा। इस मौके पर सभी बच्चों को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### नशा मुक्त करने के लिए एकजुट हुए युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति को नशा मुक्त करने के लिए जिले के युवा एकजुट हो गए हैं। कांग्रेस यूथ अध्यक्ष एवं टीएसी सदस्य केसंग रापचिक की अध्यक्षता में काजा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में काजा स्पीति यूथ पदाधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें पूरे जिले को नशा मुक्त करने के बारे मे चर्चा की गई। लाहौल-स्पीति ही एकमात्र ऐसा जिला है, जो ऐसे मादक पदार्थों से वंचित है। युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर मे निर्णय लिया कि जिले में ऐसे मादक पदार्थों को रोकने के लिए अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आम जनता से आग्रह किया कि मादक पदार्थों से संबंधी कोई जानकारी मिलती है, तो उसे साझा करें। केसंग ने कहा कि मादक पदार्थों से संबंधी जानकारी देने वाले के नाम गुप्त रखे जाएंगे। साथ ही उन्हें 10 हजार की राशि भी ईनाम में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मिलकर नौतोड़ बहाली को लेकर भी निर्णय लिया है। इसके संदर्भ मे आने वाले दिनों मे स्पीति मे एक रोष प्रदर्शन रैली निकाली जाएगी। राजस्व, बागबानी एवं जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी ने इसकी बहाली को लेकर पांच बार राज्यपाल से निवेदन किया कि जनजातीय लोगों के हित के लिए इसकी बहाली की जाए। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भी जनजातीय लोगों के हित में राज्यपाल से नौतोड़ बहाली के लिए मिल चुके हैं।

### आरएसएस ने खोया निष्ठावान स्वयंसेवक आलम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** वरिष्ठ स्वयंसेवक आलम चंद के निधन से संघ परिवार गमगीन है। 85 वर्ष की आयु पुर्ण कर चंसारी गांव से तालुक रखने वाले शिक्षक आलम चंद इस दुनिया से रूखस्त हो गए हैं। उनके निधन पर संघ परिवार के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया। आरएसएस के प्रांत प्रचारक संजय कुमार, प्रांत कार्यवाह किस्मत कुमार, प्रांत सहकार्यवाह चंद्र प्रकाश, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रताप, विभाग कार्यवाह कुशाल सिंह, मंडी विभाग सहसंचालक राजीव करीर, कुल्लू जिला संघ चालक नरेंद्र ठाकुर, संघ के वरिष्ठ प्रचारक वेद प्रकाश, राजेंद्र कुमार, पूर्व विभाग संघ चालक नेसु राम भारती, पूर्व प्रचारक टेक चद ठाकुर, पूर्व प्रचारक खुशाल गुलेरिया, संघ के स्वंसेवक युवराज वोध ने गहरा शोक प्रकट किया है। उपरोक्त नेताओं ने कहा कि संघ ने संगठननिष्ठ स्वयं सेवक को खोया है। कुल्लू जिला संघ चालक नरेंद्र ठाकुर ने कहा है कि आलम चंद का पूरा जीवन संघ के लिए समर्पित रहा।

# ढालपुर से न हटाए जाएं रेहड़ी-फड़ी संचालक

## अखाड़ा बाजार में सीटू के बैनर तले रेहड़ी-फड़ी संचालकों ने किया प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीटू के बैनर तले रेहड़ी-फड़ी धारक भारी संख्या में नगर परिषद कार्यालय अखाड़ा बाजार पहुंचे और नगर परिषद अध्यक्ष, कार्यकारी अधिकारी और पार्षदों के समक्ष अपनी मांगों को रखा। सीटू ने रेहड़ी संचालकों के साथ मिलकर अखाड़ा बाजार में नगर परिषद कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान सीटू ने नगर परिषद कुल्लू से मांग रखी कि जल्द से जल्द वेंडिंग जोन स्थापित किए जाएं और इन सभी रेहड़ी संचालकों को वहां पर शिफ्ट किया जाए, ताकि यह सभी अपना कारोबार कर सकें।

सीटू के जिला कुल्लू के कोषाध्यक्ष भूप सिंह भंडारी ने कहा कि रेहड़ी-फड़ी के लिए भी साल-2014 में एक्ट बना हुआ है और नगर परिषद कुल्लू को इसका पालन करना चाहिए, लेकिन नगर परिषद कुल्लू के द्वारा अभी तक कोई भी वेंडिंग जोन नहीं बनाया गया है। ढालपुर में जो लोग रेहड़ी लगाकर अपना कारोबार करते थे। उन्हें यहां से हटा दिया गया, जिसके चलते लोग बेरोजगार हो गए हैं। इसी मुद्दे को लेकर नगर परिषद कुल्लू के साथ चर्चा की गई है, ताकि जल्द वेंडिंग जोन स्थापित कर रेहड़ी संचालकों को वहां पर शिफ्ट किया जाए। वहीं, नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि तहबाजारी के माध्यम से नगर परिषद को भी काफी आय प्राप्त होती है, लेकिन कुछ लोगों के द्वारा ढालपुर में रेहड़ी संचालकों की शिकायतें की जा रही थी। ऐसे में अब जल्द नगर परिषद कुल्लू के द्वारा वेंडिंग जोन बनाया जाएगा और सभी रेहड़ी संचालकों को वहां पर शिफ्ट किया जाएगा, ताकि वह अपना कारोबार कर सकें।

### शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर किया बेरोजगार

रेहड़ी-फड़ी धारकों ने कहा कि उनमें कई ऐसे भी व्यापारी हैं, जो तब से काम कर रहे हैं, जब से नगर परिषद द्वारा तहबाजारी नहीं ली जाती थी, लेकिन अब शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर परिषद ने उन्हें बेरोजगार कर दिया है। पिछले आठ माह से वे रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा पाए हैं। व्यापार के लिए जगह न होने की वजह से उनकी कमाई नहीं हो पाई है और उनको अपने परिवार का पालन-पोषण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जब तक वेंडिंग जोन नहीं बनता, तब तक रेहड़ी-फड़ी धारकों को व्यापार करने के लिए स्थान दिया जाए, ताकि वे परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

# एसडीएम मनाली से बोले पर्यटन कारोबारी, बिचौलियों से बचाओ

- ज्ञापन सौंपकर की न्याय दिलाने की मांग, कोट, बूट कारोबारियों पर शिकंजा कसने की मांग
- पर्यटन स्थलों में काम करने वाले लोगों के पर्यटन कारोबार को भी कर रहे प्रभावित

**अनंत ज्ञान, मनाली**

बिचौलियों से परेशान मनाली की उझी घाटी के पर्यटन कारोबारी बुधवार को एसडीएम मनाली से मिले और बिचौलियों से छुटकारा दिलाने का आग्रह किया। एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफर, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइंट स्विंग एंड जोरबिंग बाल व स्नो ड्रेस एसोसिएशन के लगभग डेढ़ सौ पर्यटन कारोबारी एसडीएम से मिले।

उन्होंने एसडीएम को अवगत करवाया कि पिछले कुछ समय से बिचौलिए उनके कारोबार पर ग्रहण लगाए बैठे हैं। उन्होंने बताया कि कोट, बूट का कारोबार करने वाले कुछ एक लोग पैकेज के नाम पर पर्यटकों को चूना लगा रहे हैं साथ ही पर्यटन स्थलों में काम करने वाले लोगों के पर्यटन कारोबार को भी प्रभवित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की मनमानी उन पर भारी पड़ रही है। रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। एसडीएम से मिलने आए लोगों ने बताया कि इन बिचौलियों से परेशान होकर उन्होंने दो दिन से अपना काम भी बंद रखा है।

उन्होंने एसडीएम को अवगत करवाया कि स्कीइंग की आड़ में कुछ लोग एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफी, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइंट स्विंग एंड जोरबिंग बाल के नाम पर पर्यटकों से मनमाने दाम बसूल रहे हैं।

इससे उनके कारोबार व विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। उन्होंने एसडीएम से आग्रह कि इन बीचोलियों पर जल्द शिकंजा कसकर उन्हें राहत दें। उधर, एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि ग्रामीण आज अपनी समस्या को लेकर उनसे मिले हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले पर प्रशासन उचित कार्रवाई अमल में लाएगा।

# नेहरू पार्क में बनेगा बहुमंजिला भवन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय सरवरी में अब नगर परिषद कुल्लू का नया आलीशान भवन बनाया जाएगा। इसके अलावा इस भवन में पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि अगर कोई व्यक्ति नगर परिषद कार्यालय अपने कार्य से आए, तो उसे वहां पार्किंग की सुविधा मिल सके। यह सब निर्णय कुल्लू के मुख्यालय अखाड़ा बाजार में नगर परिषद कुल्लू के कार्यालय में लिए गए। नगर परिषद कुल्लू के कार्यालय में नगर परिषद कुल्लू की विशेष बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत के द्वारा की गई। गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि कुल्लू शहर में पार्किंग की भी समस्या है। ऐसे में अब जल्द ही शहर में नई पार्किंग का भी निर्माण किया जाएगा। नगर परिषद कुल्लू अखाड़ा बाजार में बहुमंजिला भवन बनाएगी। इसकी धरातल मंजिल में पार्किंग बनाई जाएगी और अन्य ऊपरी मंजिलों में दुकानें स्थापित की जाएंगी। वहीं, नेहरू पार्क में नगर परिषद का नया कार्यालय बनाया जाएगा। भवन बनने के बाद वर्तमान में स्थित कार्यालय के स्थान पर शॉपिंग कांप्लेक्स बनाया जाएगा। शॉपिंग कांप्लेक्स बनने से नगर परिषद की आय में इजाफा होगा। अध्यक्ष ने कहा कि नगर परिषद ने नए कार्यालय बनाने के अलावा शॉपिंग कांप्लेक्स और पार्किंग बनाने का प्लान तैयार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद को कार्य करते हुए 4 साल से अधिक का समय हो गया है। ऐसे में अमृत योजना के तहत जो भी कार्य चल रहे हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा शहर में किए गए विकास कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि नगर परिषद कुल्लू के द्वारा अपने चार साल के कार्यकाल में सभी वार्डों में समान विकास किया गया और आने वाले समय में भी विकास कार्य को तेज गति से पूरा किया जाएगा। अमृत योजना के तहत शहर में 62 करोड़ कार्य किए गए हैं। इसके अलावा शहर के सौंदर्यीकरण, परिवार रजिस्टर तैयार करने, कूड़े की समस्या को हल करने के अलावा कई स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई। लिहाजा, नगर परिषद अब अपनी आय बढ़ाने के लिए अखाड़ा बाजार में बहुमंजिला कांप्लेक्स बनाएगी। साथ ही शहर को हर घर से सीवरेज योजना से जोड़ा जा रहा है।

# डोहलू नाला टोल प्लाजा को जल्द हटाए सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के रायसन के समीप डोहलू नाला में जो टोल प्लाजा लगाया गया है, वह नियमों के विरुद्ध है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरे देश भर में 60 किलोमीटर के भीतर दूसरा टोल नहीं लगाया जाए, लेकिन इस टोल प्लाजा की दूरी टकोली टोल प्लाजा से मात्र 40 किलोमीटर के करीब है। ऐसे में जल्द से जल्द इस टोल प्लाजा को हटाया जाना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ढालपुर में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिले। विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने डीसी से मांग रखी कि कई सालों से इस टोल प्लाजा को हटाने की बात स्थानीय लोग कर रहे हैं क्योंकि उस टोल प्लाजा से स्थानीय लोगों के अलावा सैलानियों को भी आर्थिक रूप से दिक्कत उठानी पड़ रही है। ऐसे में जल्द से जल्द इस मुद्दे को प्रदेश तथा केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाए। एनएचएआई नियमों के विरुद्ध काम कर रही है और अगर जल्द ही टोल प्लाजा को नहीं हटाया गया, तो आने वाले दिनों में एनएचएआई के अधिकारियों को स्थानीय लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।

# दो खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के नियमित पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं : एलआर गुलशन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में नवनियुक्त उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा जिला कुल्लू पूनम कपूर से उनके चैंबर में मिला। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि विगत वर्ष 16 अगस्त 2023 को 40 खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी नियमित आधार पर पदोन्नत हुए थे। पदोन्नति पर उनके वेतन निर्धारण मामले तो अनुमोदित कर दिए गए हैं, लेकिन नियमित पदोन्नति पर वेतन निर्धारण के फलस्वरूप कुछ खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से उनके बढ़े हुए बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त इन खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों की नियमित पदोन्नति पर उनके संशोधित पेंशन निर्धारण मामले उनकी सेवा पंजिका सहित प्रधान महालेखाकार (वित्त एवं लेखा) हिमाचल प्रदेश शिमला के कार्यालय को स्वीकृत के लिए अभी तक प्रेषित नहीं किए गए हैं, जिससे पदोन्नत हुए इन सेवानिवृत्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि दो खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के नियमित पदोन्नति आदेश अभी तक जारी नहीं हुए हैं। उनके भी बीईईओ के रूप में नियमित पदोन्नति आदेश जल्द जारी किए जाए। पूनम ने पेंशन भोगी संघ की समस्याओं को गौर से सुना तथा उनके जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

# नगर पंचायत निरमंड ने 500 रुपए तय किए दिहाड़ी के रेट

- तय दर से ज्यादा दिहाड़ी मांगने पर नगर पंचायत में आकर शिकायत दर्ज करवाएं

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत निरमंड में अब अधिकतम दिहाड़ी 500 रुपए तय कर दी गई है। यदि कोई भी मजदूर इससे ज्यादा दिहाड़ी की मांग करता है और दिहाड़ी ज्यादा न मिलने पर काम न करने की धमकी देता है, तो नगर पंचायत निरमंड उसके खिलाफ लेबर कोर्ट में जाकर शिकायत दर्ज करवाएगी।

निरमंड नगर पंचायत के उपाध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत निरमंड ने बाकायदा हाउस बुलाकर और बैठक कर अधिकतम दिहाड़ी की दर तय कर दी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें आ रही थी कि निरमंड नगर पंचायत के अंतर्गत कुछ दिहाड़ीदार मजदूर मुंह मांगी दिहाड़ी पर अड़ रहे हैं और मुंह मांगी दिहाड़ी न मिलने पर काम नहीं कर रहे हैं, जिस कारण क्षेत्रवासियों को बेहद दिक्कतें पेश आ रही थी, लेकिन नगर पंचायत वासियों की समस्या पर गौर करते हुए अब नगर पंचायत निरमंड ने अधिकतम दिहाड़ी पांच सौ रुपए तय कर दी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कहा कि तय दर से ज्यादा दिहाड़ी मांगने पर नगर पंचायत में आकर शिकायत दर्ज करवाएं, ताकि अधिक दिहाड़ी मांगनें वालों के खिलाफ लेबर कोर्ट में शिकायत की जा सके।

# कुल्लू के कर्मी की मौत मामले की हो निष्पक्ष जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भाषा विभाग कुल्लू के कर्मी मनीष की मौत मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। इसके लिए बुधवार को मृतक के परिजन और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कुल्लू से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। मृतक की माता ललिता शर्मा ने कहा कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। बेटे की हत्या की आशंका है। ऐसे में उन्होंने पुलिस से मामले की छानबीन करने की मांग की, ताकि दोषियों को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि बेटे को ससुराल पक्ष भी प्रताड़ित कर रहा था। इससे भी बेटा परेशान था। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मामले में (एसआईटी) का गठन किया गया है। टीम मामले की जांच कर रही है ।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में नेत्र जांच शिविर किया आयोजित

# आंखों की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से चश्मा पहनने के महत्व के बारे में दी सलाह



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में बुधवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान की एसोसिएट डायरेक्टर कुमार ज्योति मार्या मसीह के कुशल मार्गदर्शन में भानू हॉस्पिटल कुल्लू द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।

नेत्र शिविर डॉ. प्रशांत चौधरी, नर्स रीना एवं मार्केटिंग मैनेजर अनिल ठाकुर मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य टीचर्स, स्टूडेंट्स और अन्य अभिभावकों की आंखों की जांच करना और कमजोर दृष्टि वालों को सही फिटिंग वाले चश्मे प्रदान करना था, जो पर्यावरण के अनुकूल और पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल हैं। शिविर सुबह 10 से दोपहर 3:30 बजे तक चला। जांच के दौरान छात्राओं के माता-पिता भी स्कूल में मौजूद थे।

तीन चरणों में आंखों की जांच की गई और जिन छात्रों की दृष्टि कमजोर पाई गई, उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार लेंस के साथ बिलकुल सही फिट होने वाले चश्मे दिए। इसके अलावा हर छात्र को उनकी दृष्टि के बारे में माता-पिता के साथ परामर्श दिया गया और उन्हें अपनी कीमती आंखों की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से चश्मा पहनने के महत्व के बारे में भी सलाह दी गई। इस शिविर में क्रिश्चियन नर्सिंग की सभी टीचर्स एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह, प्रधानाचार्या कुमारी करिश्मा बौद्ध, उपप्रधानाचार्या शिवानी शर्मा सहित अन्य स्टाफ मनीषा, सुमन, थुली शर्मा, अनुजा कोहली, भुवनेश्वरी कश्यप, कुमारी प्रिया ठाकुर, प्रोमिला, कुमारी दीपिका, कुमारी शिल्पा, कुमारी सुनैना, रुचिका, पूजा, प्रोमिला ठाकुर, समृति शर्मा, रोहिनी ठाकुर आदि ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया।


**फागली उत्सव** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में सदियों से चल रही परंपरा का आज भी बखूबी हो रहा निर्वहन

# ...यहां मनाया जाता है मुखौटों का पर्व, अश्लील गालियों का चलता है दौर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**अनंत ज्ञान विशेष**

देवभूमि हिमाचल के हर क्षेत्र के अपने-अपने त्योहार और परंपराएं हैं। इन त्योहारों और परंपराओं की रीत सदियों से चलती आ रही है। ऐसा ही एक उत्सव है फागली, जोकि बहुत ही अनूठा है।



यह उत्सव कुल्लू जिला सहित लाहौल-स्पीति में मनाया जाता है। फागली उत्सव को दोनों जिले के लोग अपने तौर-तरीके से मनाते हैं। यूं कहें तो त्योहार एक है, लेकिन उसको मनाने का सभी का अपना-अपना तरीका है। कुल्लू में इस उत्सव का आयोजन फाल्गुन संक्रांति से होता है और लगभग एक माह तक चलता है। फाल्गुन माह से ही इसका नाम फागली पड़ा है। लोगों का मानना है कि माघ माह में देवता स्वर्ग प्रवास पर जाते हैं। फाल्गुन माह की संक्रांति के बाद देवता स्वर्ग प्रवास से लौटना शुरू करते हैं। स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद देवता आने वाले साल के लिए भविष्यवाणी करते हैं, जिसे बरसोआ कहा जाता है यानि वार्षिक फल। बरसोआ के दौरान होने वाला मुखौटा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहता है। इस दौरान कुछ चयनित लोग मुंह पर मुखौटा (मंडयाले) और शरीर पर शरूली नाम की घास पहनकर नृत्य करते हैं।

नृत्य देखने के लिए पूरे गांव के महिला, पुरुष व बच्चे सभी एक साथ इकट्ठे होते हैं। इस दौरान अश्लील गालियां भी दी जाती हैं, कई स्थानों पर महिलाएं भी अश्लील गालियां गीतों के माध्यम से गाती हैं, जिसका कोई बुरा नहीं मानता। लाहौल-स्पीति के अलावा कुल्लू के बंजार के थाटीबीड़, गुशैणी व तीर्थन घाटी के विभिन्न गांवों में हर वर्ष संक्रांति के बाद फागली उत्सव मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### क्यों मनाई जाती है फागली

**घाटी** के लोगों का मानना है कि देवताओं के दो माह तक स्वर्ग प्रवास के दौरान आसुरी शक्तियां बढ़ जाती हैं, जिन्हें भगाने के लिए फाल्गुन संक्रांति के दिन से ही फागली उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान हारियानों के साथ देवता भी परिक्रमा में शरीक होते हैं व बुरी शक्तियों को भगाने के लिए अश्लील गालियां निकाली जाती हैं।

### क्या है मान्यता

**फागली** के पीछे एक और कहानी प्रचलित है। कहा जाता है कि जब देवता और राक्षसों की बीच एक समय युद्ध हुआ था। युद्ध में हारे हुए राक्षसों के मुखौटे पहनकर नृत्य किया था है और अश्लील गालियां दी थी, तब से क्षेत्र की रक्षा के लिए मान्यता और परंपरानुसार हर साल फागली उत्सव मनाते हैं और कुछ चयनित किए हुए लोग मुखौटा नृत्य कर गांव से अश्लील गालियां देकर आसुरी शक्तियों को भगाते हैं। घाटी में अश्लील गालियों को फागली उत्सव का एक अंग माना जाता है, इसलिए इसका बुरा नहीं माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे पूरे साल भर गांव में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### क्या होते हैं मंडयाले

**पर्व** को मनाने के लिए विशेष लोग मुंह में मुखौटे लगाकर तथा सरूली नामक घास के कपड़े पहनकर इस पुरातन परंपरा का निर्वहन करते हैं। इन्हें मंडयाले कहा जाता है। घास से बने हुए चोलू और हाथ में लकड़ी का डंडा उठा कर एक गांव से दूसरे गांव तक नृत्य करते हुए बड़े प्रांगण में एकत्रित हो जाते हैं।

# मनाली में फागली उत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पारंपरिक विरासत को संजोए जिला कुल्लू में फागली उत्सव की धूम मनु की नगरी मनाली गांव से शुरू हो गई है। गांव में टूड़िया राक्षस के आगमन से गत रविवार को फागली की शुरुआत हुई। उत्सव के चौथे दिन आज बुधवार को गांव में गढ़ेरी जाच मनाई गई। सुबह ही देव वाद्ययंत्रों की धुन से गांव गूंज उठा। देवलूओं व कारकुनों ने देवता के प्रांगण में देव विधि की तथा गाढ़ नामक स्थान पर भी देव कार्य संपन्न किए। गांव की परिक्रमा कर अराध्यदेव मनु ऋषि और देवी माता हिडिंबा ग्रामीणों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दे रही हैं। आराध्यदेव मनु महाराज इस उत्सव के दौरान गांव के हर घर की परिक्रमा करेंगे। मनु ऋषि के कारदार रघुवीर नेगी ने बताया कि उत्सव के दौरान गांव में लगातार पूजा-पाठ का क्रम चलता रहेगा। उनके अनुसार ग्रामीण फागली में मास मदिरा से दूरी बनाए रखेंगे। उत्सव के दौरान देवता हर घर की परिक्रमा कर रहे हैं और ग्रामीणों को सुख व समृद्धि का आशीर्वाद दे रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज होगा बग्लयाणी बोली पर साहित्य सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में 30 जनवरी को बग्लयाणी बोली पर जिला भाषा अधिकारी सोलन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में बग्लयाणी बोली के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की खासियत यह होगी कि इसमें बागली बोली का ही प्रयोग किया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी ममता वर्मा ने बताया कि यह आयोजन इस संदर्भ में भी अनूठा होगा कि आज जबकि बोलियां लुप्त होती जा रही हैं, तो ऐसे में इस कार्यक्रम के माध्यम से आने वाली राज्यों में बोलियों को बचाने की शुरुआत की जा रही है, जो हर हाल में होना जरूरी है। आज आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी बोली से दूर होते जा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। बोली हमारी पहचान है। हमारा अस्तित्व है। इस कार्यक्रम में हिमाचल के जाने माने इतिहासकार नेमचंद ठाकुर शोध बागली बोली पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। हिंदी साहित्य के मूर्धन्य समीक्षक डॉ. हेमराज कौशिक, डॉ. अमरदेव अंगिरस, डॉ. प्रेम लाल गौतम, यादव किशोर गौतम शोधपत्र पर चर्चा में शामिल होंगे। इसके बाद बग्लयाणी बोली में कविता पाठ होगा, जिसमें डॉ. नरेंद्र शर्मा, बृजलाल, चैतराम भार्गव, हेमंत भार्गव, राकेश रघुवंशी, सचपाल बागली में लिखी कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। यह पहला अवसर होगा, जब किसी साहित्यकार की पांच पुस्तकों का विमोचन एक साथ होगा।

### विधु विद्यापीठ में मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** विधु विद्यापीठ ने विद्यालय परिसर में अपना वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बद्दी के एसडीएम विवेक महाजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता विकास एवं छात्रों के माता-पिता भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अपराजिता सिंह व एमडी प्रमोद सिंह ने स्टाफ सदस्यों के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य मनप्रीत कौर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय में करवाई गई उपलब्धियां का संक्षेप विवरण एवं विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। छात्रों को अकादमिक, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और पूरे वर्ष में अन्य विविध गतिविधियों में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। विद्यालय की ओर से सभी मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने दर्शकों को संबोधित किया एवं छात्रों के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और छात्रों में नैतिक मूल्यों व अनुशासन को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल दिया।

### सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी अनिता कौंडल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और होने वाले जान- माल के नुकसान को रोका जा सके।

### इंटरट्रेड खेलकूद में खेल कौशल का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट में इंटरट्रेड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षु उत्साहपूर्वक शामिल हुए और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबाल, लंबीकूद, शॉटपुट और अन्य खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पंचायत प्रधान दाड़लाघाट बंसी राम भाटिया ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि टीम वर्क और अनुशासन को भी मजबूत करती हैं।

### पांवटा पहुंची प्रदेश की महिला कबड्डी टीम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आगामी 1 से 3 फरवरी को उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में जाने वाली हिमाचल प्रदेश की महिला कबड्डी टीम जिला सिरमौर के कबड्डी अकामदी पांवटा साहिब पहुंची। कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप राणा ने पांवटा में टीम का स्वागत किया। टीम कोच डॉ. गोपाल दाष्टा और महिला कबड्डी टीम के पांवटा आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा की निश्चित रूप से ही सभी हिमाचल को कबड्डी मे मेडल लाकर देंगे ऐसी ईश्वर से कामना करते हैं।

### समिति ने स्कूली बच्चों को दिए ट्रैक सूट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष तरुण शर्मा ने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को सुविधाएं तो मिलती है, लेकिन 'न' के बराबर ऐसे में गरीब परिवारों के बच्चों को कई तरह की परेशनियां झेलनी पड़ती हैं। इस समस्या को देखते हुए जैसे स्कूल के प्रधानाचार्य ने उन्हें बताया तो तुरंत सभी स्टूडेंट्स के लिए ट्रैकसूट वितरण किए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कोई भी बच्चा ठंड के मौसम में बिना ट्रैक सूट के न रहे। इस मौके पर परशुराम सेवा समिति के उपप्रधान कमलेश ठाकुर, सचिव गौरव चौहान, कोषाध्यक्ष रोहित चौहान, कपिल तोमर, प्रेम तोमर, संदीप, सुनील चौहान, विशाल नेगी, तपेंद्र सिंह, सतीश शर्मा खतर चौहान आदि मौजूद रहे।

### दून प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने मुकेश रमौल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** दून प्रेस क्लब पांवटा साहिब की बैठक चेयरमैन दिनेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुकेश रमौल, नरेंद्र सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भीम सिंह को उपाध्यक्ष, तरुण खन्ना को महासचिव, मनजीत सिंह को सचिव एवं गुरिंदर चौधरी कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा दून प्रेस क्लब के पूर्व प्रधान श्यामलाल पुंडीर, डॉ. अनुराग गुप्ता व प्रखर गुप्ता को संरक्षक बनाया गया।

### कैंपस इंटरव्यू में 14 आवेदकों का किया चयन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज कोरोना रेमेडिज प्राइवेट लिमिटिड सोलन द्वारा हेल्पर के 20 तथा एग्जीक्यूटिव के 3 पदों की भर्ती के लिए जिला रोजगार कार्यालय सोलन में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया गया। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि आयोजित कैंपस इंटरव्यू में 30 आवेदकों ने भाग लिया। इनमें से 14 आवेदकों का चयन किया गया तथा 5 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

### एकल अभियान ग्राम संगठन ने किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** एकल अभियान ग्राम संगठन महिला वर्ग संभाग दक्षिण हिमाचल के सौजन्य अंचल राजगढ़ में ग्राम महिला समिति का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अंचल राजगढ़ के अंतर्गत आने वाले 11 संच केंद्रों से आई करीब 200 महिलाओं ने भाग लिया। इस बैठक में विशेष रूप से पश्चिमोत्तर महिला समिति प्रभारी प्रतिश्वरी, संभाग दक्षिण हिमाचल महिला समिति प्रभारी बेगमां, अंचल महिला समिति प्रभारी कल्पना, अंचल महिला समिति सदस्य सरोज आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में महिलाओं को भारत और प्रदेश सरकार के सौजन्य से महिला उत्थान के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं बारे जानकारी दी। मिडिया प्रभारी विनोद चौहान ने बताया कि महिलाओं को बैंक में बचत खाता खोलने, जैविक खेती करने, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बच्चों को सुसंस्कारित बनाने के साथ-साथ आध्यात्मिकता के जोड़ने बारे जागरूक किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान किया अर्जित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू की ब्रास बैंड टीम ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेकर देश भर से बेहतरीन प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। उत्तरी क्षेत्र अंतर-स्कूल बैंड प्रतियोगिता के मौजूदा चैंपियन पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू ने राष्ट्रीय स्तर की इंटर-स्कूल बैंड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान हासिल किया।

### 37 युवाओं ने अपनाई अंतरजातीय विवाह योजना

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा समाज से जात-पात के बंधन को समाप्त करने के उद्देश्य से अंतरजातीय विवाह योजना आरंभ की गई है । इस योजना के तहत विवाह करने वाले युवक व युवतियों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है, ताकि समाज में अन्य युवा भी इस योजना के लिए आगे आएं। सिरमौर जिले में भी युवा इस योजना का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। इसी के परिणाम स्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक जिले में 37 युवक व युवतियां परिणय सूत्र में बंध चुके हैं। सरकार की ओर से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से अंतरजातीय विवाह योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत अंतरजातीय विवाह करने विवाहित जोड़े को सरकार की ओर से 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है।

# सोलन के सपरून में चार वर्ष के संघर्ष के बाद मिलेगी फुटपाथ की सुविधा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया। हालही में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है।

इसके लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर मंजूर हुई है पर अभी 20 लाख रुपए की राशि निर्माण कार्य शुरू करने को मिली है, जबकि और राशि मिलना बाकी है। फोरलेन की जद में आए फुटपाथ का नए सिरे से निर्माण के लिए स्थानीय सामाजिक संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौडा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण को रेलवे के अधिकारियों सहित एनएचएआई से सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। फुटपाथ के निर्माण की मांग को लेकर वार्ड-14 की रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड वेलफेयर सोसायटी और वार्ड-13 की



> सपरून में फुटपाथ निर्माण के लिए सरकार से नगर निगम को 20 लाख रुपए जारी हुए हैं, जिसका टेंडर कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने फुटपाथ का शिलान्यास कर इसके निर्माण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि जल्द लोगों को इसका लाभ मिलेगा।
>
> **राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

क्लीन सुधार समिति ने स्थानीय पार्षद राजीव कौडा का मनोबल बढ़ाकर हरसंभव सहयोग किया। इसके फलस्वरुप अब फुटपाथ का निर्माण शुरू हो पाया है। बता दें कि सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची थी, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड का निर्माण तो हुआ, लेकिन रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था, जिससे हाई कोर्ट के आदेश से हटाया गया है। शहर के लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को नगर निगम ने वेंडर मार्केट में करीब 54 दुकानों का आवंटन कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

#### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

**सपरून** में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उपनगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है, तो लोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : विनोद



कसौली के विधायक ने खंड विकास कार्यालय सोलन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि पंचायतों के माध्यम से विकास के विभिन्न कार्य संपन्न होते हैं और इस दिशा में खंड विकास कार्यालय महत्वपूर्ण हैं।

विनोद सुल्तानपुरी जिला पंचायत कार्यालय सोलन के सभागार में खंड विकास कार्यालय सोलन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पंचायत प्रधानों एवं अन्य से आग्रह किया कि इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करने और कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2022-23 में लगभग 4.76 करोड़ रुपए, वर्ष 2023-24 में लगभग 4.21 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2024-25 में अभी तक लगभग 2.03 करोड़ रुपए के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश शर्मा ने बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री श्रम धन मान सम्मान योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा 15वें वित्त आयोग के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

# मां यमुना को स्वच्छ रखने में सभी करें सहयोग : चैतन्य



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पर्यावरण संरक्षण के लिए मां यमुना को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से नियमित 108 कथा का आयोजन किया जा रहा है। चैतन्य प्रकाशन आनंद महाराज कथा व्यास के सौजन्य से 108 कथा यमुनोत्री से शुरू होकर प्रयागराज यमुनोत्री तक निरंतर चल रही है।

इन दिनों प्रयागराज कुंभ में 47वीं कथा चल रही है। कथा में मां यमुना को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की जा रही है। वहीं, महाकुंभ मेले में हरी यमुना समिति पांवटा साहिब के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, उन्हें निशुल्क रहने व खाने-पीने की व्यवस्था समिति द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग-अलग गतिविधियों की जाती हैं। मेरा गांव मेरा देश हो हरा भरा योजना के तहत संस्था द्वारा पौधरोपण भी किया किया जाता है उन्होंने कहा कि सभी अपने आसपास पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं व यमुना को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता के विषय पर कार्यशाला आयोजित

# सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के विषय पर बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन सुरेंद्र ठाकुर ने की। सुरेंद्र ठाकुर ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, आपातकालीन सेवाएं, चेतावनी व सूचना पट्ट, ट्रैफिक लाइट तथा अन्य तथ्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों तथा अन्य को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। वाहन का परिचालन सही उम्र में करें अथवा आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें, जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके। सुरेंद्र ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले व्यक्ति को ईनाम का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि दुर्घटना की परिस्थिति में लोगों की सहायता करें, ताकि उनके अमूल्य जीवन को बचाया जा सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के बारे में प्रस्तुतिकरण भी दिया। कार्यशाला में बस चालक, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, ट्रक, पिकअप यूनियन सोलन के सदस्य, डाईविंग स्कूल के मालिक, हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# मकान जलकर राख 7 लाख का नुकसान

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर के पूह उपमंडल स्थित रारंग में बुधवार की सुबह गांव निवासी चंद्र भगत नेगी का पुराना मकान जलकर राख हो गया। गांव के मध्य में स्थित इस तीन कमरों वाले लकड़ी के मकान में रह रहे दो मजदूरों का राशन, बिस्तर और अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। यह बचाव कार्य बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि गांव में अधिकतर मकान लकड़ी से बने हैं और एक-दूसरे से सटे हुए हैं यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग के पटवारी जय प्रकाश नेगी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। प्रारंभिक जांच में लगभग सात लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रभावित मजदूरों को राशन, बिस्तर और बर्तन उपलब्ध करवाए हैं। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। (अनंत ज्ञान)

### संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए तीन शाखाओं का किया गठन

# कुलवंत, राकेश और सत्यम शर्मा बने प्रभारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

हिमाचल मोटर चालक संघ की कार्यसमिति की बैठक दाड़लाघाट के बाडूबाड़ा मंदिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान अमरजीत शर्मा ने की।

बैठक में पूर्व मजदूर नेता सुरेंद्र ठाकुर विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें से एक था संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए तीन शाखाओं का गठन। इन शाखाओं का गठन दाड़लाघाट अंबुजा, बरमाणा एसीसी और बागा अल्ट्राटेक में किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में तीनों शाखाओं के गठन और सदस्यता के लिए प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई। दाड़लाघाट शाखा के लिए कुलवंत ठाकुर को प्रभारी और सत्यम शर्मा को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया। सुरेश कुमार को सदस्यता



प्रभारी नियुक्त किया गया। बागा शाखा के लिए राकेश कुमार को प्रभारी और अजय कुमार को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया, जबकि श्यामलाल सन्नी को सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया। बरमाणा शाखा के लिए सत्यम शर्मा को प्रभारी और कुलवंत ठाकुर को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया, जबकि श्याम लाल संधू को सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया कि 28 फरवरी, 2025 को दाड़लाघाट में एक आम अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें शाखा के गठन का निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा बैठक में मजदूर नेता सुरेंद्र ठाकुर ने आपसी मनमुटाव को दूर कर संगठन को मजबूत करने का सुझाव दिया, जिसे सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एक स्वर में आश्वस्त किया। बैठक में यह निर्णय लिया कि जल्द ही शाखा स्तर, प्रादेशिक स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर मांग पत्र तैयार कर संबंधित उद्योगों, प्रशासन व सरकारों तक ड्राइवर्स की आवाज पहुंचाने की सहमति जताई व सभी सदस्यों ने सुरेंद्र ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# नवजात शिशु को 6 माह तक मां का दूध पिलाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** सीएचसी अर्की में केयर कंपेनियन प्रोग्राम प्रसवोत्तर देखभाल कार्यक्रम के तहत 100 दिन टीबी मुक्त अभियान पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सपना देवी ने बताया कि प्रसव के पश्चात शिशु की देखभाल किस प्रकार करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नवजात शिशु को 6 महीने तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए और शिशु को किसी भी प्रकार की परेशानी जैसे पीलिया, बुखार या दस्त लगने पर तुरंत अस्पताल लाना चाहिए। कभी भी बच्चे का घरेलू ईलाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने मां के भोजन बारे भी महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि मां को पौष्टिक भोजन करना चाहिए। डॉ. विजय द्वारा सो दिन टीबी मुक्त अभियान बारे बताया कि खांसी होने पर तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल में जांच करवाएं।

# बिल न देने पर 350 बिजली उपभोक्ताओं को नोटिस जारी


**अनंत ज्ञान, नाहन**

बिजली बोर्ड उपमंडल पांवटा साहिब ने 350 उपभोक्ताओं के मीटर उतारने की तैयारी कर ली है। बोर्ड की ओर से 10 हजार रुपए से ज्यादा लंबित राशि वाले उपभोक्ताओं को डेंजर जोन में डाल दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बोर्ड के उपमंडल नंबर-एक में 17 हजार 427 उपभोक्ता हैं, जिनमें से 350 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने लंबे समय से बिजली के बिलों का भुगतान नहीं किया है। बोर्ड ने ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिनकी लंबित राशि 10 हजार रुपए से ज्यादा है। ऐसे उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 72 लाख 54 हजार रुपए की वसूली करने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में लंबित बिलों का भुगतान करने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। यदि भुगतान समय पर नहीं किया, तो आने वाले समय में बिजली बोर्ड की कार्रवाई शुरू होगी। उपमंडल की ओर से 3 करोड़ 29 लाख 64 हजार की वसूली की जानी है।

इनमें से बोर्ड की ओर से पहले चरण में उन्हीं उपभोक्ताओं को चयनित किया गया है, जिनके पास 10 हजार रुपए से ज्यादा लंबित बिल हैं। ऐसे उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 72 लाख 54 हजार की वसूली तत्काल प्रभाव से की जाएगी। इनमें से भी ज्यादातर ऐसे उपभोक्ता हैं, जो ज्यादातर व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। बिजली बोर्ड बद्रीनगर उपमंडल-1 से सहायक अभियंता अंकुर ने बताया कि कुछ उपभोक्ता साल भर से बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं, ऐसे उपभोक्ताओं को अंतिम नोटिस देकर 15 दिन तक का समय दिया गया है। इस समय पर भुगतान नहीं हुआ, तो कनेक्शन काटे जाएंगे।

# कानून का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : एसपी



बीबीएनआईए पदाधिकारियों ने की बद्दी पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान से भेंट।

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

बद्दी में एसपी ऑफिस में बीबीएनआईए पदाधिकारियों की एक टुकड़ी ने बद्दी पुलिस अधीक्षक से भेंट की।

इस दौरान उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत इंडस्ट्री के द्वारा अपने सामान की ढुलाई के लिए उनके वाहनों को जबरन रास्ता रोक कर मारपीट व वाहनों की तोड़-फोड़ के हालही की घटनाक्रमों के जल्द निपटारे व जल्द उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की, ताकि उनके कर्मचारी सुरक्षित महसूस कर सकें और माल ढुलाई में अड़चन न आए, जिस पर बद्दी पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने बीबीएनआईए के पदाधिकारियों को अवगत करवाया कि बद्दी पुलिस ने हालही में हुए घटनाक्रमों का संज्ञान लेकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में कुल 9 प्रकरण विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज कर मामलों में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ घटनाक्रम में प्रयोग हुए वाहनों को भी जब्त किया है। इन प्रकरणों में बद्दी पुलिस ने अन्वेषण में अलग-अलग तरीकों से जैसे सीसीटीवी फुटेज की जांच और तकनीकी आधारित जांच का प्रयोग किया है।

औद्योगिक इकाइयों की गाड़ियों को लगातार सुरक्षा प्रदान की जा रही है और बद्दी पुलिस द्वारा गश्त, नाकाबंदी और पुलिस बल की तैनाती को बढ़ा दिया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसपी बद्दी ने कहा कि बद्दी पुलिस बीबीएनआईए को आश्वस्त करती है कि कानून का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

**आयोजन** विधानसभा उपाध्यक्ष ने भौंण कडियाना में किए 71 लाख के उद्घाटन व शिलान्यास

# सड़कों का जाल स्वर्गीय डॉक्टर प्रेम की देन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने संगड़ाह खंड में 47 लाख रुपए से निर्मित पंचायत भवन तथा 24 लाख रुपए से बने राजकीय प्रारंभिक पाठशाला के भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नवनिर्मित पंचायत भवन तथा पाठशाला भवन की बधाई देते हुए कहा कि पहले भौंण कडियाना लुधियाना पंचायत के अंतर्गत आता था, जिसे बाद में लुधियाना पंचायत से अलग कर भौंण कडियाना पंचायत बनाई गई। उन्होंने कहा कि पहले इस पंचायत के पास अपना पंचायत भवन न होने पर उन्हें अपने कार्य करवाने के लिए काफी परेशानियां आती थी, लेकिन अब उन्हें अपने कार्य करवाने में सुविधा होगी। उन्होंने राजकीय प्रारंभिक पाठशाला के स्टाफ व क्षेत्र के लोगों को नए भवन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस भवन के बनने से अब स्कूल को चार कमरों, किचन तथा शौचालय की सुविधा प्राप्त होगी तथा बच्चों को भी बैठने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सड़कों का जो बहुत बड़ा जाल फैला हुआ है वह सब स्वर्गीय डॉक्टर प्रेम की देन है उनके समय में 29 बड़ी सड़कों का निर्माण किया गया। राजकीय प्रारंभिक स्कूल में डिजिटल क्लासरूम बनाने की घोषणा की इसके अलावा स्कूल के शौचालय के निर्माण के लिए 3 लाख तथा पंचायत भवन को आपदा प्रबंधन योजना के तहत वर्षा से बचाव के लिए 3 लाख देने की घोषणा की।




संगड़ाह में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार।

### 15 लाख रुपए से लाना पालर खेल मैदान का होगा विस्तार


**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की हैं तथा जिला स्तर पर बुनियादी खेल ढांचे का विकास किया जा रहा है। यह विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने रेणुका विधानसभा की ग्राम लाना पालर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने स्पोर्ट्स क्लब लाना पालर की खेल आयोजन समिति को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। सरकार द्वारा हिमाचल के खिलाड़ियों को मिलने वाली डाइट मनी में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पहले अंडर-17 और अंडर-19 खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए डेढ़ सौ रुपए और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए 250 डाइट मनी मिलती थी, जिसे बढ़ाकर क्रमशः 400 तथा 500 किया गया है। खेल छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों के लिए डाइट मनी भी 150 से बढ़कर 450 कर दी है। अगले वित्त वर्ष में मुख्यमंत्री खेल योजना के तहत लाना पालर खेल मैदान के निर्माण व विस्तार के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। क्रिकेट क्लब लाना पालर के सचिव अजय शर्मा ने मंच संचालन किया। इस 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रामीण स्तर की 56 टीमों ने भाग लिया। विधानसभा उपाध्यक्ष ने फाइनल में विजेता रही स्पोर्ट्स क्लब संगड़ाह की टीम को ट्रॉफी व 121000 रुपए तथा उपविजेता रही किंग्स इलेवन लाना पालर की टीम को ट्रॉफी व 55555 रुपए देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास : गंगवा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार में देश तथा प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा जो वायदे किए जाते हैं उनको अवश्य पूरा किया जाता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कैबिनेट मंत्री बुधवार को जिला हिसार में बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खोखा तथा खरकड़ी में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रणबीर गंगवा ने गांव खोखा में धानक तथा एससी चौपाल के निर्माण कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपए की घोषणा के साथ-साथ बीसी चौपाल के हॉल के निर्माण का भी आश्वासन दिया। इसके अलावा, गांव खरकड़ी में सामान्य, एससी व बीसी चौपाल के लिए 10-10 लाख रुपए तथा ओपन जिम बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### 'मिट्टी का बावा' नाटक का किया मंचन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नाटक 'मिट्टी का बावा,' जिसे प्रसिद्ध नाटककार पाली भुपिंदर सिंह ने लिखा है, का मंचन किया गया। इस नाटक में भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में स्थापित है। इसकी कहानी दो सैनिकों (भारतीय सैनिक गुरबख्श सिंह और पाकिस्तानी सैनिक शाह नवाज) के इर्द-गिर्द घूमती है। जंगल में एक जली हुई बस्ती में मिलते हुए, दोनों एक आदिवासी कबीले के हमले से बच निकलते हैं। इस संघर्ष के दौरान, उनकी संवादात्मक लड़ाई होती है जो युद्ध की वास्तविकता को उजागर करती है। जब कबीले के लोग हमला करते हैं, तो दोनों सैनिक मिलकर एक कबीले के युवक को मार देते हैं। इसके बाद, दोनों में मानवीय संवेदनाओं का उदय होता है और वे एक-दूसरे को समझने की कोशिश करते हैं। हालांकि, युद्धक विमानों की आवाज उन्हें एक बार फिर याद दिलाती है कि वे विरोधी देशों के सैनिक हैं। कबीले के लोग बदला लेने के इरादे से वापस आते हैं, लेकिन हारकर लौट जाते हैं। गुरबख्श सिंह इस हमले में घायल हो जाता है। इस स्थिति में, दोनों के मन में एक मानवीय प्रेम और दोस्ती की भावना जन्म लेती है। लेकिन आखिरकार, जब भारतीय सेना का अधिकारी आता है, तो वह गुरबख्श को शाह नवाज को मारने का आदेश देता है। देशभक्ति के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करते हुए, गुरबख्श, मन में दर्द होते हुए भी, शाह नवाज को गोली मार देता है। नाटक का अंत गुरबख्श के मिट्टी के बावे को गले लगाकर रोने से होता है, जो इसके गहरे संदेश को व्यक्त करता है।

### पुलिस चौकी के बाहर हथगोला फेंकने के मामले में दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने अमृतसर में गुमटाला पुलिस चौकी के बाहर हथगोला फेंकने की घटना में कथित रूप से शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी अमेरिका में रह रहे आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और तस्कर सरवन भोला के गुर्गे हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बग्गा सिंह और पुष्करन सिंह उर्फ सागर के रूप में हुई है। यादव के अनुसार बग्गा सिंह हरियाणा के सिरसा के गुरू तेग बहादुर नगर का निवासी है जबकि पुष्करन सिंह अमृतसर के अमरकोट का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि दोनों के पास से एक हथगोला और दो पिस्तौल बरामद की गई हैं। नौ जनवरी को अमृतसर जिले में गुमटाला पुलिस चौकी के बाहर बहुत तेज आवाज सुनाई थी। पुलिस ने तब किसी धमाके से इनकार किया था और दावा किया था कि यह 'कार रेडियेटर' में हुए धमाके की आवाज थी। इस घटना के बाद आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने इस आतंकवादी हमले की सोशल मीडिया मंच पर जिम्मेदारी ली थी। गौरव यादव ने बताया कि जांच से खुलासा हुआ है कि बग्गा सिंह, सरवन भोला का रिश्तेदार है और सरवन भोला कुख्यात तस्कर रंजीत सिंह उर्फ चीता का भाई है जो (चीता) वर्तमान में 532 किलोग्राम हेरोइन मामले में बठिंडा जेल में बंद है।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने छह रॉकेट किए जब्त



**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने छह रॉकेट जब्त किए हैं। हेंगलेप पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लोइलमकोट और नालोन क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने छह रॉकेट, एक लांचर, एक देशी मोर्टार (पोम्पी), एक-एक 7.62 एमएम स्नाइपर राउंड और स्नाइपर मैगजीन तथा अन्य सामान जब्त किया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी)-पीडब्ल्यूजी के दो कार्यकर्ताओं को मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले के मोरोक इनखोल गांव से गिरफ्तार किया गया।

### द.कोरिया में विमान में लगी आग, सभी सुरक्षित



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के एक हवाई अड्डे पर मंगलवार देर रात उड़ान भरने से पहले एक यात्री विमान में आग लग गई। विमान में सवार सभी 176 लोग सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। दक्षिण कोरिया के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान गिम्हे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हांगकांग के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान एयर बुसान के एयरबस विमान में आग लग गई।

### सत्यम बालाजी ग्रुप समेत 22 ठिकानों पर छापेमारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग (आईटी) की टीम ने बुधवार को सत्यम बालाजी ग्रुप सहित 22 ठिकानों पर रेड डाली। इस छापेमारी में आयकर विभाग के 200 से अधिक अधिकारी शामिल हैं, जो टैक्स चोरी मामले की जांच कर रहे हैं। आयकर विभाग की टीम ने यह कार्रवाई रायपुर, गोंदिया, कोकीनाडा में स्थित 22 ठिकानों पर की है। सत्यम बालाजी राइस मिल ग्रुप और उससे जुड़े कई कमीशन एजेंट के ठिकानों पर जांच की जा रही है।

# सीएम सैनी ने दी 54.71 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को आदि बद्री, यमुनानगर में 31 कुंडीय हवन यज्ञ और मंत्रोच्चारण के बीच अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। यह महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए 54 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत की 29 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया।

इनमें 26 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत की 15 परियोजनाओं के उद्घाटन और लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत की 14 परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती की चरण वंदना करते हुए कहा कि आज समय, स्थान और अवसर का अद्भुत संगम है। आज मौनी अमावस्या है। महाकुंभ का शाही स्नान है। ऋतुराज वसंत का

**अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का शुभारंभ**



आगमन भी हो रहा है। इसी मनमोहक वातावरण में मां सरस्वती नदी के उद्गम स्थल आदिबद्री में अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य पूरे संसार का ध्यान हमारी महान सभ्यता की ओर आकर्षित करना है। इस महोत्सव के माध्यम से हम अपनी संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों को भी अगली पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज ही मां सरस्वती के किनारे पर स्थित दूसरे तीर्थ स्थलों पर भी यह महोत्सव धूमधाम से शुरू हो रहा है।

पेहवा तीर्थ सरस और सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ हो रहा है। कैथल पोलड़ एवं पिसोल तीर्थ और जींद के हंस डहर तीर्थ में एक फरवरी को सरस्वती महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदियों को भारतीय संस्कृति में पूजनीय माना जाता रहा है। इन दिनों गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।

यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। कुंभ केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैचारिक समागम व आदान-प्रदान के मंच के रूप में भी महत्व रखता है।

उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह के वैज्ञानिक प्रमाण मिल चुके हैं। सरस्वती नदी का वर्णन ऋग्वेद में बार-बार आया है। यह नदी आज की गंगा की तरह उस समय की विशाल नदियों में से एक थी। वैदिक संस्कृति सरस्वती नदी के किनारे पनपी थी। इस नदी के किनारे ऋषि-मुनियों ने अपने आश्रम बनाकर वैदिक साहित्य की रचना की, जिसका ज्ञान देने के लिए हमें पूरे विश्व में विश्व गुरु के रूप में जाना गया।

उन्होंने कहा कि महाभारत में मिले वर्णन के अनुसार सरस्वती शिवालिक पहाड़ियों से थोड़ा नीचे आदिबद्री से निकलती थी। यह नदी हरियाणा, राजस्थान तथा गुजरात में लगभग 1600 किलोमीटर तक प्रवाहित होते हुए अंत में अरब सागर में मिलती थी।

## भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका चंडीगढ़ के मेयर का पुतला

**कहा-नौकरी के नाम पर युवाओं से अवैध वसूली कर रहे मेयर**



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नौकरी ने नाम पर अवैध वसूली के आरोपों से घिरे मेयर कुलदीप सिंह टिट्टा का भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं ने पुतला दहन कर विरोध किया। मोर्चा के सदस्य सेक्टर-25 में एकत्रित हुए। डड्डूमाजरा की तरफ जाने लगे तभी मौके पर मौजूद पुलिस के साथ उनकी धक्का-मुक्की हो गई ।

ज्ञात हो कि 'आप' मेयर पर नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोप है पीड़ित द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है और सबूत के तौर पर पेमेंट के स्क्रीन शॉट और ऑडियो क्लिप पुलिस और मीडिया को दिए गए है। भाजपा युवा मोर्चा ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने शासन में भ्रष्टाचार किया। प्रदेश महामंत्री प्रिय पासवान और युवा नेता अंकुर राणा ने मेयर को जेल भेजने की मांग की।

इस मौके पर पार्षद मनोज सोनकर, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, रमेश सहारे, शानू दुबे, मनोज चौधरी, काकू राणा, रोहित, विनायक बंगिया, सुखराज गिल आदि उपस्थित थे।

## जीवनरक्षक नमस्ते : फोर्टिस मोहाली ने स्ट्रोक पहचानने की अनूठी तकनीक पेश की

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

क्या एक साधारण 'नमस्ते' स्ट्रोक की स्थिति में जीवन बचा सकता है? एक नई तकनीक निश्चित रूप से ऐसा कर सकती है। फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने इस पारंपरिक अभिवादन का उपयोग करके प्रारंभिक स्ट्रोक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल शुरू की है।



इस तकनीक को समझाते हुए प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. श्रीराम वर्धाराजन ने कहा कि एक साधारण नमस्ते तीव्र स्ट्रोक के दौरान जीवन बचा सकता है। नमस्ते करते समय व्यक्ति स्ट्रोक के मुख्य लक्षणों की तुरंत पहचान कर सकता है। दोनों हाथ जोड़ने से बांह की कमजोरी या झुकाव का पता चल सकता है, सीधे खड़े होकर मुस्कुराने से चेहरे के असंतुलन या गिरावट की पहचान हो सकती है, और 'नमस्ते' बोलने से अस्पष्ट या तुतलाती हुई वाणी का पता चल सकता है।

इसके अतिरिक्त, आंखें बंद करने से संतुलन या संवेदनशीलता की समस्या का परीक्षण किया जा सकता है। डॉ. वर्धाराजन ने बताया कि मौजूदा प्री-हॉस्पिटल स्ट्रोक असेसमेंट स्केल मुख्य रूप से चेहरे की गिरावट, बांह की कमजोरी, पकड़ की शक्ति और बोलने की कठिनाई पर केंद्रित होते हैं - जिनकी जांच पारंपरिक नमस्ते के माध्यम से एक साथ की जा सकती है।

## गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड की झांकी को मिला तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में 'सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल' पर आधारित उत्तराखंड की झांकी को लोगों की पसंद के आधार पर देश में तीसरा स्थान मिला है। गुजरात की झांकी 'स्वर्णिम भारत: विकास और विरासत' को प्रथम तथा उत्तर प्रदेश की झांकी महाकुंभ 2025- स्वर्णिम भारत विकास और विरासत को द्वितीय स्थान मिला।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की झांकी को तीसरा स्थान मिलने पर प्रदेशवासियों और इसमें प्रतिभाग करने वाले सभी कलाकारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की झांकी ने कर्तव्य पथ पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उत्तराखंड की झांकी में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और यहां के साहसिक खेलों को बखूबी प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा पर्यटकों को सुरक्षित और सुखद यात्रा के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य किए

## देश-विदेश

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किया मुफ्त बिजली देने का ऐलान

## महिलाओं को 25 हजार, युवाओं को 8500 रुपए देने का वादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस गारंटी का इस्तेमाल आज सभी पार्टियां कर रही हैं। पहली बार कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक चुनाव के दौरान गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया था, हम चाहते थे कि जनता तक यह संदेश जाए कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है, बल्कि यह जनता का हक है।

कांग्रेस ने दिल्ली के लिए अपनी 5 गारंटी बहुत पहले ही दे दी है जिन्हें पूरा किया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र में प्यारी दीदी योजना, जीवन रक्षा योजना, युवा उड़ान योजना, महंगाई मुक्त योजना और फ्री बिजली योजना शामिल हैं।





**पांच गारंटियां**

- हर गरीब परिवार एक महिला को महीने 2,500 रुपए देंगे।
- दिल्ली के सभी निवासियों को 25 लाख रुपए तक के मुक्त इलाज की सुविधा देंगे। इसमें फ्री दवाएं और जांच शामिल होंगी।
- सभी बेरोजगार युवाओं को पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर में एक साल की अप्रेंटिसशिप देंगे, इस दौरान उन्हें भी 8,500 रुपए हर महीने मिलेंगे।
- हम 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देंगे। हर महीने 5 किलो चावल, 2 किलो चीनी, 1 किलो कुकिंग ऑयल, 6 किलो दाल, 250 ग्राम चाय पत्ती समेत एक मुफ्त राशन कीट देंगे। सभी पात्र परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे।

## सेंसेक्स में 631 और निफ्टी में 205 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**

सेंसेक्स 29 जनवरी को 631 अंक की तेजी के साथ 76,532 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 205 अंक की तेजी रही। यह 23,163 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट देखने को मिली। आईटी, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में तेजी रही।





वहीं, एफएमसीजी और एनर्जी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला। डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर की बाजार में लिस्टिंगब हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 10.5 फीसदी प्रीमियम के साथ 325 रुपए पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 12.2 फीसदी प्रीमियम के साथ 330 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। इसके शेयर का इश्यू प्राइस 294 रुपए था।

### सीरिया में तहखानों से 26 लोगों के शव बरामद

**दमिश्क।** सीरिया में नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ताओं ने दमिश्क के ग्रामीण क्षेत्र में दो अलग-अलग तहखानों से 26 से अधिक लोगों के जले हुए शव बरामद किए। ये शव पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के कथित अत्याचारों के पीड़ित लोगों के माने जा रहे हैं। इन सामूहिक कब्रों का पता चलना दिसंबर में असद सरकार के पतन के बाद से उजागर हो रही सामूहिक कब्रों की बढ़ती संख्या में इजाफा है। ऐसा माना जा रहा है कि शवों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, तथा उन पर गोली लगने और जलने के निशान हैं।

## नौकाओं, वाहनों के आयात पर प्रतिबंध हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को कुछ गश्ती नौकाओं और वाहनों पर आयात प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बयान में कहा कि गश्ती या निगरानी नौकाओं, एयर कुशन वाहनों और रिमोट से संचालित वाहनों की आयात नीति को 'तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है।' चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान इन वस्तुओं का आयात 4.6 लाख डॉलर रहा। इनका आयात मुख्य रूप से फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग और ब्रिटेन से किया जाता है। डीजीएफटी ने एक अलग नोटिस में कहा कि उसने वार्षिक 'निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट' (आरओडीटीईपी) रिटर्न दाखिल करने के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू किया है। आरओडीटीईपी के तहत, कच्चे माल उत्पादों पर लगाए गए विभिन्न केंद्रीय और राज्य शुल्क, कर और शुल्क, निर्यातकों को वापस कर दिए जाते हैं।

### अमेरिकी न्यायाधीश ने संघीय अनुदान रोकने के ट्रंप के फैसले पर लगाई अस्थायी रोक

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के एक संघीय न्यायाधीश ने संघीय अनुदान और ऋण रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के फैसले पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश लोरेन एल. अलीखान ने प्रशासन के इस फैसले के प्रभावी होने से पहले ही रोक लगा दी। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने संघीय व्यय की समग्र वैचारिक समीक्षा शुरू करते हुए यह रोक लगाने की योजना बनाई है। इस योजना के कारण वे संगठन चिंतित हो गए हैं जो वित्तीय रूप से संघीय अनुदानों एवं ऋण पर निर्भर हैं। इस फैसले से करदाताओं के पैसे पर नियंत्रण को लेकर टकराव का मंच तैयार हो गया है।

### भारत ने खारिज की चुनावों में हस्तक्षेप का आरोप लगाने वाली कनाडाई जांच रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने कनाडा के विदेशी-हस्तक्षेप जांच आयोग की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें उसके चुनावों में भारत के हस्तक्षेप का आरोप लगाया था और भारत के आंतरिक मामलों में लगातार हस्तक्षेप करने के लिए ओटावा की आलोचना की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत के मामलों में कनाडा के हस्तक्षेप ने अवैध प्रवासन और संगठित अपराध का माहौल बनाया है। बयान में कहा गया कि हमने कथित हस्तक्षेप पर कथित गतिविधियों के बारे में एक रिपोर्ट देखी है। दरअसल कनाडा ही भारत के आंतरिक मामलों में लगातार दखल देता रहा है। इसने अवैध प्रवासन और संगठित आपराधिक गतिविधियों के लिए भी माहौल तैयार किया है। हम भारत पर रिपोर्ट के आक्षेपों को अस्वीकार करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अवैध प्रवासन को सक्षम करने वाली सहायता प्रणाली को आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कनाडा के विदेशी हस्तक्षेप जांच आयोग की 2019 और 2021 के चुनावों में संदिग्ध विदेशी हस्तक्षेप पर रिपोर्ट में भारत सरकार पर संघीय चुनाव में तीन राजनीतिक दलों के विशिष्ट उम्मीदवारों को गुप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रॉक्सी एजेंटों का उपयोग करने का संदेह है।

## जन जागृति समिति ने हिमाचली संस्कृति से करवाया रू-ब-रू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हिमाचल** जन जागृति समिति (दिल्ली) ने हिमाचल दिवस समारोह का आयोजन किया, साथी ही अपनी पहली वर्षगांठ मनाई, जिसमें 600 से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज की।

समारोह में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मुख्यातिथि उपस्थिति हुए। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलकियां देखने को मिलीं। प्रसिद्ध हिमाचली कलाकारों जैसे कुलबीर सिंह राणा, जितेंद्र सिंह जम्वाल, मोहित गर्ग और ऋचा शर्मा ने अपनी मधुर आवाज और मनमोहक संगीत



प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली में रहने वाले हिमाचली बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, उन्होंने नाटी डाली किया और लोक गीत गाए, जिससे उनकी जड़ों से जुड़ाव का प्रदर्शन हुआ। समारोह में उपस्थिति लोगों को हिमाचली संस्कृति से रू-ब-रू करवाया। इस आयोजन में हिमाचल के समाजसेवी केके सकलानी और हिमाचल प्रदेश के कई संघों के वरिष्ठ सलाहकार, विजय डोगरा की भी उपस्थिति रहे।

### ट्रंप ने नेतन्याहू को 'व्हाइट हाउस' में किया आमंत्रित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अगले सप्ताह 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) आने का निमंत्रण दिया है। नेतन्याहू और 'व्हाइट हाउस' ने यह जानकारी दी। नेतन्याहू ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनसे मिलने अमेरिका आने वाले पहले विदेशी नेता होंगे। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब अमेरिका इसराइल और हमास पर युद्ध विराम जारी रखने के लिए दबाव बना रहा है। इस युद्धविराम ने गाजा में 15 महीने से जारी विनाशकारी युद्ध को अस्थायी रूप से रोक दिया है। युद्ध विराम के अधिक कठिन दूसरे चरण के बारे में बातचीत सोमवार से शुरू होगी।

## अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी, कई ऊर्जा योजनाएं ठप

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**हेल्थ-एजुकेशन प्रोग्राम बंद होने का खतरा**

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही पाकिस्तान को दी जा रही सहायता के पुनर्मूल्यांकन का भी आदेश है।

इस फैसले की वजह से पाकिस्तान में यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी की कई जरूरी योजनाएं पूरी तरह रुक गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में एनर्जी सेक्टर से जुड़ी 5 योजनाएं ठप हो गई हैं। हेल्थ, एग्रीकल्चर, फूड सिक्योरिटी, बाढ़, जलवायु और शिक्षा से जुड़ी कई परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। आशंका है कि इनमें से कुछ प्रोग्राम हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे या उनमें काफी कमी कर दी जाएगी। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार से इसराइल, मिस्र और फूड प्रोग्राम को छोड़कर विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है। अमेरिका सरकार के इस आदेश के बाद दुनियाभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, रोजगार जुड़े कई प्रोजेक्ट्स के बंद होने का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, अमेरिका इन सभी विदेशी प्रोजेक्ट्स के लिए सबसे ज्यादा फंड्स मुहैया करवाता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### 'बंगाल-ब्रिटेन फ्रेंडशिप कप' में महिला क्रिकेट पर होगा फोकस

**कोलकाता।** 'बंगाल-ब्रिटेन ट्रैवल फ्रेंडशिप कप' का दूसरा चरण यहां पुलिस एथलेटिक क्लब में एक और दो फरवरी को खेला जाएगा जिसमें महिला क्रिकेट आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला टीमों के मुकाबले खेले जाएंगे जो क्रिकेट और सांस्कृतिक जुड़ाव का अनूठा मिश्रण होगा। टूर्नामेंट को ब्रिटेन और भारत के बीच रिश्ते मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जहां लोग क्रिकेट और पर्यटन के प्रति काफी जुनूनी हैं। पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के ब्रिटिश उप उच्चायुक्त एंड्रयू फ्लेमिंग ने कहा, ''पिछले साल मैंने इस कप के भविष्य के चरण में महिलाओं की भागीदारी का वादा किया था और मुझे गर्व है कि इस साल हम इसे पूरा कर रहे हैं। '' दो फरवरी को महिलाओं का एक विशेष टी-10 मैच खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट पिछले साल शुरू किया गया था।

### हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है आदिल रशीद : बटलर

**राजकोट।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का मानना है कि उनकी टी-20 टीम में लेग स्पिनर आदिल रशीद सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, जिन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। रशीद की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने तीसरा टी-20 जीतकर सीरीज में वापसी की। उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। चेन्नई में दूसरे टी-20 में भी उनका इकॉनॉमी रेट चार रन प्रति ओवर से कम था। भारत को 26 रन से हराने के बाद बटलर ने कहा ,''वह हमारे लिए सबसे अहम खिलाड़ी है और उसके प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। उसके पास काफी विविधता है।'' उन्होंने कहा ,'' एक कप्तान के लिए वह ट्रंपकार्ड से कम नहीं है। पिछले दोनों मैचों में उसने शानदार प्रदर्शन किया है।''

### दूसरी पारी में ओस नहीं थी, पिच धीमी हो गई : वरुण चक्रवर्ती

**राजकोट।** फॉर्म में चल रहे भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि राजकोट की पिच दूसरी पारी में धीमी हो गई थी, जिसका टीम को अनुमान नहीं था और इसी वजह से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में पराजय का सामना करना पड़ा। मैच में बड़ा स्कोर बनने के अनुमान लगाए जा रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 171 रन बनाए जबकि एक समय उसका स्कोर आठ विकेट पर 127 रन था। भारतीय टीम लक्ष्य से 26 रन पीछे रह गई। चक्रवर्ती ने कहा ,'' मुझे लगा था कि ओस गिरेगी और उसका असर होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पिच काफी धीमी हो गई थी और उनके लेग स्पिनरों को काफी मदद मिली। पहली पारी में पिच इतनी धीमी नहीं थी, लिहाजा उन्हें फायदा मिला।'' उन्होंने कहा ,''आदिल रशीद एक लीजेंड है और उन्हें पता है कि कैसे गेंदबाजी करनी है। उनका रफ्तार पर नियंत्रण है।'' यह दूसरी बार है कि चक्रवर्ती ने पांच विकेट लिए, लेकिन टीम हार गई। चक्रवर्ती ने कहा ,'' मैं शिकायत नहीं करूंगा क्योंकि खेल में यह होता है। कई बार मैं पांच विकेट नहीं भी लेता हूं तो हम हार जाते हैं। मैं शिकायत नहीं करूंगा। मेरा काम टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है और मैं वही कर सकता हूं।'' उन्होंने चार ओवर में 46 रन देने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई का बचाव करते हुए कहा ,'' बिश्नोई बेहतरीन गेंदबाज है। पिछले मैच में मैने 38 रन दिए थे और उसने 27 रन दिए थे। किसी भी मैच में किसी के भी साथ ऐसा हो सकता है।''

### रमिता जिंदल 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रही

**देहरादून।** हरियाणा की एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता निशानेबाज रमिता जिंदल बुधवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्वलीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहीं। इस 21 वर्षीय निशानेबाज ने क्वालीफिकेशन दौर में 634.9 अंक बनाए जो पेरिस ओलंपिक खेलों के क्वालिफिकेशन राउंड में कोरिया की बान ह्योजिन के 634.5 से बेहतर है। रमिता ने महाराष्ट्र की आर्या बोरसे को 0.4 अंक से पीछे छोड़ा। तमिलनाडु की नर्मदा राजू केवल 0.1 अंक पीछे तीसरे स्थान पर रही। केरल की विदरसा के विनोद 633.0 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल (632.0), गुजरात की इलावेनिल वलारिवन (631.9), कर्नाटक की मेघना सज्जनर (631.2) और ओडिशा की मान्यता सिंह (630.1) गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाने वाली अन्य निशानेबाज हैं। इस बीच पुरुषों की रैपिड फायर पिस्टल में पंजाब के विजयवीर सिंह सिद्धू 587 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। हरियाणा के अनीश भानवाला (582), सेना के नीरज कुमार (579), राजस्थान के भावेश शेखावत (577), सेना के ओंकार सिंह (574) और सेना के गुरप्रीत सिंह (574) ने भी फाइनल में जगह बनाई। हिमाचल प्रदेश की तरफ से खेल रहे लंदन ओलंपिक 2012 के रजत पदक विजेता विजय कुमार फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### भारत ओलंपिक के लिए अपने बुनियादी ढांचे मजबूत कर रहा : उषा

**अहमदाबाद।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के अधिकार हासिल करने के लिए सिर्फ बुनियादी क्षमताओं को मजबूत करने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा है बल्कि बौद्धिक स्तर पर भी ध्यान लगा रहा है। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड स्टार गांधीनगर जिले के देहगाम के पास राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक अनुसंधान सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उषा ने कहा कि सम्मेलन के कारण दुनिया भर से विभिन्न ओलंपिक अध्ययन और शोध केंद्रों के प्रतिनिधि तथा विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञ भारत में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक आंदोलन के साथ भारत का जुड़ाव एक परिवर्तनकारी क्षण में है और यह प्रतिस्पर्धी खेलों से आगे बढ़कर ओलंपिकवाद की सच्ची भावना को अपनाता है जो खेलों के माध्यम से शांति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। ''

# विराट के आने से बढ़ी चमक, जीत के साथ विदा लेने उतरेगी दिल्ली

## रणजी ट्रॉफी में रेलवे के खिलाफ ग्रुप-डी में आखिरी मुकाबला आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



विराट कोहली की करिश्माई मौजूदगी से रणजी ट्रॉफी की चमक ही नहीं बढ़ी है बल्कि खराब दौर से जूझ रही दिल्ली की टीम का मनोबल भी ऊंचा हुआ है, जो रेलवे के खिलाफ ग्रुप-डी के आखिरी मैच में जीत के साथ विदा लेने के इरादे से उतरेगी।

रेलवे के छह मैचों में 17 अंक है और दिल्ली को बोनस अंक के साथ हराने पर वह नॉकआउट में पहुंच सकता है। दिल्ली के छह मैचों में 14 अंक है और तकनीकी तौर पर ही वह दौड़ में बनी हुई है। वैसे कोहली को खेलते देखने आने वाले दर्शकों को नतीजे की परवाह कहां है।

तमिलनाडु के छह मैचों में 25 और चंडीगढ़ के छह मैचों में 19 जबकि सौराष्ट्र के 18 अंक है। दिल्ली की टीम अगर पहले गेंदबाजी करती है तो मैदान में 3000 से ज्यादा दर्शक नहीं होंगे, लेकिन दिल्ली के पहले बल्लेबाजी करने पर दर्शक यही चाहेंगे कि कोहली जल्दी से क्रीज पर उतरें। अगर 'किंग कोहली' जल्दी आउट हो जाते हैं तो फिर रणजी ट्रॉफी वापस 'रणजी ट्रॉफी' ही हो जाएगा जिसमें चार या पांच पत्रकार और 100-200 दर्शक मैदान पर होते हैं।

कोहली की वापसी को लेकर इस तरह की हाइप है कि फिरोज शाह कोटला मैदान पर से लाइव स्ट्रीमिंग के लिए ऐन मौके पर व्यवस्था की गई है। कोहली बारह साल और तीन महीने बाद रणजी मैच खेलेंगे।

दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी ने मैच से पूर्व कहा ,''मैने आईपीएल में विराट भैया के खिलाफ खेला है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि ऋषभ के बाद अब विराट भैया मेरी कप्तानी में खेल रहे हैं।'' समझा जाता है कि कोहली टीम में जोंटी सिद्धू की जगह लेंगे जो पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बडोनी ने कहा ,'' विराट भैया चौथे नंबर पर उतरेंगे। उन्होंने हमसे सकारात्मक होकर खेलने के लिए कहा है।'' कोटला की पिच हरी-भरी लग रही है और बडोनी ने संकेत दिया है कि वे अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतरेंगे। ऐसे में मनी ग्रेवाल की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है।

रेलवे की टीम के पास कुछ बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं। कोहली की कप्तानी में 11 साल पहले एडीलेड में टेस्ट पदार्पण करने वाले कर्ण शर्मा के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव भी हैं। तेज गेंदबाजी में हिमांशु सांगवान स्ट्राइक गेंदबाज हैं। रेलवे की टीम पर भी कोहली का करिश्मा छाया हुआ है और उसके कुछ खिलाड़ी अभ्यास के पहले दिन आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक के साथ तस्वीरें लेते दिखे।

### ग्रुप-बी से गुजरात और हिमाचल प्रदेश के बीच क्वार्टर फाइनल के लिए मुकाबला

**अहमदाबाद।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश के बीच गुरुवार से यहां होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-बी के आखिरी मैच में जो टीम जीतेगी, वह क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगी। ग्रुप-बी से विदर्भ 34 अंक लेकर शीर्ष पर है जिसने पिछले दौर में राजस्थान को 221 रन से हराया। गुजरात के 26 और हिमाचल प्रदेश के 21 अंक हैं। दोनों टीमें अभी क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं । हैदराबाद (16 अंक), राजस्थान (16), उत्तराखंड (10), आंध्र ( सात ) और पुडुच्चेरी (तीन) बाहर हो चुके हैं। हिमाचल को पिछले मैच में हैदराबाद ने एक पारी और 43 रन से हराया था। हिमाचल के लिए इस सत्र में छह मैचों में 549 रन बनाने वाले अंकित कलसी पर बल्लेबाजी का दारोमदार होगा।

### लोकेश राहुल कर्नाटक टीम में शामिल

**बेंगलुरु ।** क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी कर्नाटक की टीम को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-सी के गुरुवार से शुरू हो रहे आखिरी लीग मैच में शीर्ष पर काबिज हरियाणा के खिलाफ बोनस अंक के साथ जीत दर्ज करनी होगी और लोकेश राहुल की वापसी से टीम को मदद मिलने की उम्मीद है। कर्नाटक के इस समय 19 और हरियाणा के 26 अंक हैं जबकि केरल के 21 अंक हो गए हैं।

कर्नाटक अगर बोनस अंक (कुल सात अंक) के साथ जीतता है तो उसे 26 अंक हो जाएंगे। ऐसे में वह शीर्ष या दूसरे स्थान की टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा। गत चैंपियन केरल को तिरूवनंतपुरम में बिहार से खेलना है। बोनस अंक के बिना भी जीतने पर केरल के 27 अंक होंगे और वह ग्रुप-सी में शीर्ष पर होगा। ऐसे में हरियाणा बाहर हो सकता है क्योंकि कर्नाटक के उससे ज्यादा अंक होंगे। शीर्ष स्थान की टीम का फैसला इस बार बोनस अंक के आधार पर हो रहा है जबकि पहले नेट रनरेट के अलावा आमन-सामने के रिकॉर्ड के आधार पर होता है।

### किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में

**पातुमवान ( थाईलैंड )।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वी पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इस्राइल के दानिल दुबोवेंको को 21-13, 21-18 से मात दी।

यह दुबोवेंको पर श्रीकांत की दूसरी जीत है, इससे पहले उन्होंने पिछले साल सितंबर में 2024 मकाऊ ओपन में उन्हें हराया था। श्रीकांत का सामना अब हांगकांग के जेसन गुनावान से होगा।

पुरुष एकल में अन्य भारतीयों में एस संकर मुथुसैमी सुब्रमण्यन ने तीन गेम के चुनौतीपूर्ण मुकाबले में मलेशिया के जून वेई चीम को 15-21, 21-15, 21-19 से शिकस्त दी और अब वह इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारदोयो के सामने होंगे।

आयुष शेट्टी को मलेशिया के जिंग हांग कोक से 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि मिथुन मंजूनाथ भी एक और मलेशियाई खिलाड़ी शोलेह एदिल से 14-21, 13-21 हार गए।

रोहन कपूर और रूत्विका शिवानी गाडे की मिश्रित युगल जोड़ी ने थाईलैंड के वीराफाट फाकजारूंग और सरारात चेयूबोका की जोड़ी को 21-8, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।

### उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में भाग लेने पहुंची हिमाचल स्विमिंग टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एवं उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश स्विमिंग टीम के वरिष्ठ कोच व टीम मैनेजर इशान अख्तर ने बताया कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित हो रहे नेशनल गेम्स-2025 में हिमाचल के विभिन्न जिलों से संबंधित भुषण ठाकुर, नेहा चौहान, रित्वि गुप्ता, मनसिहज सिंह हिमाचल प्रदेश टीम का नेशनल गेम्स उत्तराखंड में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न खेलों के खेलने से हमारी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। खेल का महत्व इतना महत्वपूर्ण है कि इसके बिना हमारा जीवन अधूरा माना जा सकता है। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के वाटर स्पोर्ट्स संबंधित खेलों में सिर्फ स्विमिंग गेम्स के ही चार खिलाड़ी नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई हुए हैं।

## तिलक वर्मा ट्वेंटी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, दुबई**

भारत के प्रतिभाशाली बल्लेबाज तिलक वर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई पुरुष टी-20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 25 स्थान की लंबी छलांग लगाकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं।

तिलक वर्मा अब बल्लेबाजों की सूची में ट्रैविस हेड के ठीक पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने वर्मा पर 23 अंक की बढ़त बना रखी है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा इस समय शानदार फॉर्म में है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा टी-20 सीरीज में नाबाद 19, नाबाद 72 और 18 रन बनाए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच वर्तमान सीरीज में अभी दो मैच खेले जाने बाकी हैं तथा तिलक वर्मा के पास हेड से आगे निकलने और रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का मौका है। यह रिकॉर्ड वर्तमान में पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम पर दर्ज है, जो 23 साल और 105 दिन की उम्र में नंबर एक पर पहुंचे थे। तिलक वर्मा की 832 अंकों की वर्तमान रेटिंग टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा हासिल की गई चौथी सबसे बड़ी रेटिंग है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत की तरफ से केवल सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल ही उनसे अधिक रेटिंग अंक हासिल



कर पाए। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 59 स्थान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पांच पायदान ऊपर 32वें स्थान पर) और बेन डकेट (28 पायदान ऊपर 68वें स्थान पर) को भी अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में 24 रन देकर पांच क्रिकेट लेने वाले च, वर्ती अपने इस करिश्माई प्रदर्शन से गेंदबाजों की रैंकिंग में चोटी के पांच गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। उनके साथी स्पिनर अक्षर पटेल पांच पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद भारत के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय कि गेंदबाजों की रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह 2023 में पहले नंबर पर पहुंचे थे।

इस बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

टेस्ट क्रिकेट में ऑलराउंडर की सूची में वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं।

### डी गुकेश ने मेंडोंसा को हराकर एकल बढ़त बनाई

**एजेंसी, विज्क आन जी ( नीदरलैंड )**



विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंसा को 9वें दौर में हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। वहीं आर प्रज्ञानानंदा को डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि ने हराया जबकि पी हरिकृष्णा को रूसी मूल के स्लोवेनियाई खिलाड़ी ब्लादीमिर फेडोसीव ने मात दी।

गुकेश ने मुकाबले के बाद कहा ,''मुझे खुशी है कि आज अच्छा खेल सका। अभी चार दौर बाकी है और मैं तालिका के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। मैं बस अपने खेल से खुश हूं।''

गुकेश के अब नौ में से 6.5 अंक हैं और वह उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फेडोसीव से आधा अंक आगे हैं। प्रज्ञानानंदा 5.5 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं।

### एसए20 : कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को हराया

**सेंचुरियन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराकर बोनस अंक भी लिया और एसए20 लीग प्लेऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा है। कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को नौ विकेट पर 99 रन पर रोक दिया और फिर चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ कैपिटल्स 14 अंक लेकर 5वें स्थान पर है जबकि सुपर किंग्स 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। रिली रोसोयू अपने बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल रहे हैं जिसकी वजह से कप्तानी काइल वेरेने ने संभाली। कैपिटल्स को दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना था और विल जैक्स ने पॉवरप्ले में दो ओवर डालकर सिर्फ दो रन दिए।

दूसरी ओर सुपर किंग्स के लिए कोई अच्छी साझेदारी नहीं बन सकी। पीटर्स ने चार ओवर के स्पैल में सिर्फ 15 रन देकर दो विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरान मुथुस्वामी को भी दो विकेट मिले। कैपिटल्स के लिए मार्कस एकेरमैन ने 22 गेंद में 39 रन बनाए।

## एफआईएच प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम में चुना गया है जबकि युवा फॉरवर्ड सोनम को भी स्टैंडबाय के रूप में जगह मिली है।

भारत को 15 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से 2-2 बार खेलना है। भारतीय टीम की कमान एक बार फिर सलीमा टेटे के हाथ में होगी जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कटारिया के अलावा अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान, ज्योति छत्री , मिडफील्डर बलजीत कौर और फॉरवर्ड मुमताज खान तथा रूतुजा डडास भी टीम में हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा ,'' टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जो शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट के लिए जरूरी भी है। हमारा फोकस संतुलित टीम पर है जिसमें हर पोजिशन के लिए मजबूत विकल्प हों।''

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर :** सविता और बिछू देवी खारीबाम।

**डिफेंडर :** सुशीला चानू, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री।

**मिडफील्डर :** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी ।

**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया।

## श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 12 रन से हराकर अभियान खत्म किया

**एजेंसी, बांगी ( मलेशिया )**

**अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप**



श्रीलंका ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की शानदार जीत से आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपना अभियान खत्म किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर लिया था, लेकिन टीम अंतिम-चार से पहले अपनी विजयी लय जारी रखने में असफल रही। चामुडी प्रबोदा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से श्रीलंका ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय हासिल नहीं कर सकी।

ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी और श्रीलंका ने संयम से गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फाइनल में जगह बनाने के लिए 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी जबकि भारत का सामना इसी दिन इंग्लैंड से होगा। नाईजीरिया ने भी आयरलैंड पर छह रन की रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में अपना अभियान खत्म किया।

**सांसद खेल महाकुंभ**

### टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सभी टीमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रयासरत : रिंकू

## डोहगी को हराकर तनोह की टीम क्वार्टर फाइनल में

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**




कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जारी सांसद खेल महाकुंभ क्रिकेट टूर्नामेंट में तनोह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डोहगी को 16 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा।

कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि तनोह टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 132 रन बनाए, जबकि जवाब में डोहगी 132 रन के लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और 116 रनों पर सिमट गई। तनोह टीम की इस जीत में बल्लेबाज विशाल ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 27 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिससे टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में मदद मिली।

उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। टॉस जीतकर तनोह ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने पारी संभालते हुए 132 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जवाब में डोहगी टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन तनोह के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और डोहगी की पूरी टीम 116 रनों पर सिमट गई। इस जीत के साथ तनोह टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है, जहां उनका सामना शहीद बृजेश धुंधला-11 की टीम से होगा। टूर्नामेंट में अब मुकाबले और भी रोमांचक हो गए हैं, और क्रिकेट प्रेमियों को कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। रिंकू ने बताया कि कुटलैहड़ में सांसद खेल महाकुंभ में युवाओं के खेल कौशल को निखारने और ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सभी टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रयासरत हैं, जिससे खेल का स्तर लगातार ऊंचा होता जा रहा है और बिना किसी राजनीति द्वेष भाव से सभी युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान किया जा रहा है।